प्रकाशक
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बीकानेर (राजस्थान)

प्रथम संस्करण
सन् १९६० ई
मूल्य रु० ४-२५

मुद्रक
अजन्ता प्रिंटर्स,
जयपुर

अनुक्रमणिका

१ प्रकाशकीय — पृ १ से ८
२. भूमिका — पृ १ से ३७
३ मूल पाठ तथा भावार्थ — पृ १ से १२८
४ शब्दार्थ और टिप्पणिया — पृ. १ से २२
५. पद्यानुक्रमणिका — पृ १ से १६
६. पार्वती मगल (राजस्थानी लोककाव्य) — पृ १ से २२

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ मे बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मत्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा सस्कृत, हिन्दी एव विशेपत राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भापा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानो एव भापाशास्त्रियो का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमे प्रारभ से ही मिलता रहा है।

सस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर मे विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तिया चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख हैं—

१ विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सबध में विभिन्न स्रोतो से सस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दो का सकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लबे समय से प्रारभ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश मे शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ, और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाए दी गई हैं। यह एक अत्यत विशाल योजना है, जिसकी सतोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य मे इसका प्रकाशन प्रारभ करना सभव हो सकेगा।

२ विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भापा अपने विशाल शब्द भडार के साथ मुहावरो से भी समृद्ध है। अनुमानत पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग मे लाये जाते है। हमने लगभग दस हजार मुहावरो का, हिन्दी मे अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग देकर सपादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिए भी एक गौरव की बात होगी।

३ आधुनिक राजस्थानी साहित्य रचनाओं का प्रकाशन

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—

१ कळायण, ऋतु काव्य। ले. श्री नानूराम संस्कर्ता

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास। ले. श्री श्रीलाल जोशी।

३ बरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह। ले. श्री मुरलीधर व्यास।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कविताएं कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो सका है। इसका भाग ५ अंक ३-४ 'डा. लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य-सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और बृहत् विशेषांक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्ताओं के लिये 'राजस्थान भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा. दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचन्द नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५ राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थो का अनुसधान, सम्पादन एव प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियो को सुरक्षित रखने एव सवसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एव शुद्ध रूप मे मुद्रित करवा कर उचित मूल्य मे वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। सस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रयो का अनुसधान और प्रकाशन सस्या के सदस्यो की ओर से निरतर होता रहा है जिसका सक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई सस्करण प्रकाश मे लाये गये हैं और उनमे से लघुतम सस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अ श 'राजस्थान भारती' मे प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध सस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती मे प्रकाशित हुए हैं।

७ राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखा) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अ क मे प्रकाशित हुई है। उसका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य 'क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन सस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निवध राजस्थान भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९ मारवाड क्षेत्र के ५०० लोकगीतो का सग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एव जैसलमेर क्षेत्र के सैकडो लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरिया और लगभग ७०० लोक कथाएँ सग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाडे और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम राजस्थान-भारती' मे प्रकाशित किए गए हैं।

१० बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल सग्रह 'बीकानेर जैन लेख सग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप मे प्रकाशित हो चुका है।

११ जसवंत उद्योत, मुहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४ रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान-भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।

१३ जैसलमेर के अप्रकाशित १ शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४ बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६ बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रन्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरियो-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और प० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हूडलोद, थे ।

इस प्रकार सस्था अपने १६ वर्षो के जीवन-काल मे, सस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरतर सेवा करती रही है । आर्थिक सकट से ग्रस्त इस सस्था के लिये यह सभव नही हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लडखडा कर गिरते पडते इसके कार्यकर्ताओ ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एव प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओ के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरतर चलता रहे । यह ठीक है कि सस्था के पास अपना निजी भवन नही है, न अच्छा सदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं, परन्तु साधनो के अभाव मे भी सस्था के कार्यकर्ताओ ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश मे आने पर सस्था के गौरव को निश्चय ही बढ़ा सकने वाली होगी ।

राजस्थानी-साहित्य-भडार अत्यन्त विशाल है । अब तक इसका अत्यल्प अश ही प्रकाश मे आया है । प्राचीन भारतीय वाड्मय के अलभ्य एव अनर्घ रत्नो को प्रकाशित करके विद्वज्जनो और साहित्यिको के समक्ष प्रस्तुत करना एव उन्हे सुगमता से प्राप्त कराना सस्था का लक्ष्य रहा है । हम अपनी इस लक्ष्य पूर्त्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढता के साथ अग्रसर हो रहे हैं ।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तको के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सभव नही हो सका । हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक सशोध एव सास्कृतिक कायक्रम मत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओ के विकास की योजना के अतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु० १५०००) इस मद मे राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु० ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ११ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१ राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२ राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा. शिवस्वरूप शर्मा अचल
३ अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४ हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५ पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,,
६ दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७ डिंगल गीत—	,,
८ पंवार वंश दर्पण—	डा. दशरथ शर्मा
९ पृथ्वीराज राठौड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१० हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११ पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२ महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३ सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४ जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा. हरिवल्लभ भायाणी
१५ सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो. मंजुलाल मजूमदार
१६ जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७ विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	,, ,,
१८ कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९ राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२० वीर रस रा दूहा—	,, ,,
२१ राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२ राजस्थान व्रत कथाएं—	,, ,,
२३ राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,,
२४ चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ भड्डली—	श्री अगरचन्द नाहटा म विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रथावली	श्री अगरचन्द नाहटा
२७ राजस्थानी हस्तलिखित ग्रथो का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९ हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भँवरलाल नाहटा
३१ दुरसा आढा ग्रथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन सग्रह (सपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रथावली (सपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचन्द नाहटा), नागदमण (सपा० बदरीप्रसाद साकरिया), मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रथो का सपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नही हो रहा है ।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एव गुरुता को लक्ष्य मे रखते हुए अगले वर्ष इसमे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त सपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रथो का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा ।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मजूर की ।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाडिया, जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एव पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने मे पूरा-पूरा योगदान रहा है। अत. हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने मे समर्थ हो सके । सस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी ।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व. पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ बृहद् ज्ञान-भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजांची ग्रन्थालय बीकानेर, खरतर आचार्य ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं. हरदत्तजी गोविन्द व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का संपादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वापि भवत्येव प्रमादतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी
प्रधान-मंत्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
सं. २०१७
दिसम्बर ३, १९६०

भूमिका

'वेलि' नामकरण और साहित्य

'वेलि' साहित्य सबधी सम्पूर्ण चर्चा के मूल में राठोड़ प्रिथीराज कृत 'क्रिसन रुकमणी री वेलि' है। प्रस्तुत वेलि अपने रचनाकाल से ही कवियों और आलोचकों की प्रशसा का विषय बनी आ रही है। डा एल पी टैस्सीटोरी द्वारा इसके मूल पाठ का प्रकाशन किये जाने के बाद देशी विद्वानो का ध्यान इस ओर पुन आकर्षित हुआ, और बीकानेर के ठाकुर जगमालसिह द्वारा की गई टीका को बीकानेर के ही तीन विद्वानों—सर्व श्री सूर्यकरण पारीक, ठाकुर रामसिह तथा नरोत्तमदास स्वामी—ने सम्मिलित रूप से आधुनिक विधि से सम्पादित कर प्रकाशित करवाया। इस उत्कृष्ट ग्रथ को हिन्दी साहित्य की विभिन्न परीक्षाओ में पाठ्यग्रथ के रूप में निर्धारित कर साहित्य जगत् ने समुचित आदर भी दिया। पाठ्यग्रथ बन जाने के कारण व्यावसायिक दृष्टि से अन्य विद्वानो ने भी इसे अपने ढग से सम्पादित और प्रकाशित कर कुछ सस्करण निकाले।

धीरे-धीरे कुछ विद्वानों के मन में यह उत्कराठा हुई कि 'वेलि' नाम धारी रचनाओ की खोज की जाय और यह देखा जाय कि प्रिथीराज की 'वेलि' उस परम्परा में कहा और कैसी ठहरती है। इस प्रेरणा को लेकर अनेक प्रयत्न किये गये और 'वेलि' नामधारी रचनाओं की एक विस्तृत सूची सामने आई। एक अन्वेषक ने इसे अपने अनुसधान का विषय भी बनाया और पीएच डी की उपाधि भी प्राप्त की।

जहा तक अन्वेषकों के प्रकाशित विचारो को पढने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है, मेरी यह धारणा बनी है कि इस विषय को आवश्यकता से अधिक तूल दिया गया है। उचित तो यह हो कि हम इस अध्ययन को

तीन मुख्य पहलुओं तक ही सीमित रखें। पहला तो यह कि 'वेलि' नाम धारी सम्पूर्ण रचनाओं को क्या एक सूची में रखना किसी भी स्थिति में उचित है ? विषय वस्तु और शैली-किसी भी दृष्टि से ये रचनायें क्या एक श्रेणी में आ सकती हैं ? विशेष तौर पर जैन और भक्ति तथा लोक शैली की 'वेलि' नाम धारी रचनायें चारणी वेलियों से क्या कुछ भी मेल खाती हैं ?

दूसरा यह कि 'वेलि' शब्द तथा इस नामकरण के प्रयोग प्राप्य अनेक चारणी व इतर रचनाओं की विषय वस्तु के अध्ययन द्वारा यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि यह नामकरण 'वेलियों' छन्द के कारण है अथवा वेलि शब्द में निहित किसी विशिष्ट अर्थ के कारण अथवा दोनों के कारण है।

तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि साहित्य में 'वेलि' नामक रचनाओं का श्रीगणेश और कवियों में इस शैली के प्रचलन का आरम्भ कब और किस रचना से माना जाना चाहिए।

वस्तुतः इन तीनों प्रश्नों का संतोषजनक समाधान प्राप्त होने पर इस विषय पर विस्तृत अध्ययन की संभवतः कोई विशेष आवश्यकता नहीं प्रतीत होगी। आइये, हम इन प्रश्नों पर कुछ विचार करने का प्रयत्न करें।

'वेलि' नामधारी जिन रचनाओं का अभी तक पता चला है या जिनके पाये जाने की संभावना भी हो सकती है उन्हें हम निम्नलिखित शीर्षकों में विभाजित कर सकते हैं। हर शीर्षक के अधीन ज्ञात वेलियों में से कुछ का नामोल्लेख भी हम करें —

चारणी 'वेलियाँ'

१ *किसन रुकमणी री वेलि—प्रिथीराज*

२ महादेव पारवती री वेलि—[illegible]

३. किसनजी री वेलि—करमसी साखला
४ गुण चाणिक वेलि—चूडो दधवाडियो
५ देईदास जैतावत री वेलि—अखो भाणोत
६ रतनसी खीवावत री वेलि—दूदो विसराल
७ उदैसिंघ री वेलि—रामो सादू
८ राजा रायसिंघ री वेलि—मालो सादू
९. राव रतन री वेलि—कल्याणदास महडू
१० सूरसिंघ री वेलि—गाडण चोलो
११. अनोपसिंघ री वेलि—गाडण वीरभाण
१२ चादाजी री वेलि—वीठू मेहो

जैन वेलिया

१. चिहुँगति वेलि—वाछा
२. जम्वू स्वामी वेलि—सीहा
३ रहनेमि वेलि— ,,
४ पचेन्द्रिय वेलि—ठकुरसी
५. गरभ वेलि—लावण्यसमय
६ क्रोध वेलि—मल्लिदास
७ सुदशनस्वामी नी वेलि—वीरचद
८ लघुवाहुवलि वेलि—शातिदास
९ जइत पद वेलि—कनकसोम
१०. ऋषभगुण वेलि—ऋषभदास
११ वारह भावना वेलि—जयसोम
१२. सुजस वेलि—कांतिविजय
१३. नेमराजुल वेलि—चतुर विजय
१४. विक्रम वेलि—मतिसुन्दर
१५ नेमिश्वर स्नेह वेलि—उत्तम विजय

हिन्दी भक्ति साहित्य की बेलियां

१ बुद्धहरण बेलि—सवाई प्रतापसिंह
२ कृष्ण गिरिपूजन बेलि—हित वृन्दावनदास
३ हित रूपचरित बेलि—
४ प्रामप्रकाश न बेलि— „
५. राधाजन्म उत्सव बेलि—
६ भक्त सुजस बेलि— „
७ करुणा बेलि—
८ हरिकला बेलि— „
९ बेलि — „

लौकिक बेलियां

१ रामदेवजी री बेल—संत हरजी भाटी
२ रूपांदे री बेल— „
३ तोळादे री बेल—
४ रूपांदे री बेल—तेजो—
५. पीर गुमानसिंहजी री बेल—

उपर्युक्त चारों प्रकार की बेलियों के निरीक्षण से पता चलता है कि सभी चारणी बेलियां 'बेलियो सांणोर' नामक विशिष्ट डिंगल गीत छंद में लिखी गई हैं जब कि जैन भक्ति और लौकिक बेलियां विभिन्न छंदों में। चारणेतर किसी भी वर्ग की सब बेलियां किसी विशेष छंद में नहीं लिखी गई हैं। इससे स्पष्ट है कि इन वर्गों की बेलियों के नामकरण का उनके छंदों से कोई संबंध नहीं है। चारणी और चारणेतर बेलियों के इस मूल अंतर को देखते हुए यह भी स्पष्ट हो जाना चाहिए कि इन सभी बेलियों को एक सूची में रखना नितांत अनुपयुक्त है। जहां चारणेतर बेलियां चारणी बेलियों से मेल नहीं खातीं वहीं वे परस्पर भी किसी प्रकार का मेल नहीं खातीं।

पर, चूंकि इन सभी रचनाओं को लेखकों ने 'वेलि' नाम से अभिहित किया है इसलिए दूसरा उपाय विषयवस्तुगत साम्य ढूंढने का ही है। यह माना हुआ सिद्धांत है कि अधिकांश भारतीय भाषाओं की रचनायें मूल रूप में संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं से प्रभावित रही हैं। संस्कृत में लता, लतिका, वल्लरी, कल्पलता, मंजरी, लहरी आदि नामों वाली रचनाओं की परम्परा रही है। यही परम्परा देशी भाषाओं में भी आई जिसके फलस्वरूप हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषाओं में भी इन नामों से रचनायें हुईं। वल्लरी, लता, लतिका, वेलि और वेल—ये सब एक ही शब्द के पर्याय समझे जाने चाहिए। ज्यों ज्यों देशी भाषाओं का प्रभाव बढ़ता गया संस्कृत शब्दों के स्थान पर देशी शब्दों का प्रयोग भी बढ़ता गया। इसलिए 'लता' और 'वल्लरी' के स्थान पर धीरे धीरे 'वेलि' और फिर 'वेल' का प्रयोग शुरू हुआ। 'वेलि', 'लता' या 'वल्लरी' नामक रचनाओं के विश्लेषण से एक तथ्य सामने आता है कि ये सभी मूल रूप में यशोगान संबंधी रचनायें हैं। आराध्यदेव, आश्रयदाता, विशिष्ट सुचरित्र व्यक्ति अथवा कल्याणकारी विषय—इनमें से चाहे किसी को भी लक्ष्य कर वेलि रचना की गई हो उसकी अन्तर्भूत मनसा उस देव, व्यक्ति अथवा विषय का यश-वर्णन करने की ही होगी। कहीं भी यह नहीं देखा गया कि किसी की निंदा अथवा कोरे तथ्यवर्णन को वेलि का विषय बनाया गया हो। इस तथ्य से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वेलि रचनायें प्रधानतः यशोगान के उद्देश्य से लिखी जाती थीं। पर, इनका नाम वेलि ही क्यों रखा गया यह भी विचारणीय है। वेल में जैसे एक बीज प्रस्फुटित होकर शतशः पल्लवित और पुष्पित होता हुआ, चारों दिशाओं में छा जाता है, उसी प्रकार कवि के आराध्य देव, मानव या विषय की कीर्ति उसके गायन से सर्वत्र व्याप्त हो जाये—यही भावना इस नामकरण के मूल में समझी जानी चाहिए। इस धारणा की दृढ़ता के लिए हम स्वयं कवियों द्वारा अपनी रचनाओं में दी गई तथा आलोचकों द्वारा की गई व्याख्याओं को उद्धृत करते हैं—

वल्ली तसु बीज भागवत वायौ महिथाणौ प्रिथुदास मुख ।
मूल ताल जड़ अरथ मंडहे, सुथिर करणि चढि छांह सुख ॥
पत्र अक्खर दल द्वाला जस परिमल नव रस तंतु विधि अहो निसि ।
मधुकर रसिक सुभगति मंजरी मुगति फूल फल भुगति मिसि ॥
—प्रिथीराज

वेद बीज, जळ ग्यान सुकवि जड़ महेस धर
पात दूहा गुण पुहप बास बोलणै जगमीवर
पसरी दीप प्रदीप, पथिक पढ़ी पाडंबर
मनसुध पै आछेत परम फळ पामै मम्मर
विसतार कीध जुग-जुग विमळ बडी किसन अहुठार बन
अमृत बेलि पीथल अचळ तैं राची कमिधाळ तन
—बेलि की प्रशंसा में कहा गया कवित्त

बासना बरन सुर बेलड़ी रोपि तू हृदय आराम है ।
सुकृत तरु सहीत बहु पसरती सफल फैलसाइ अभिराम है ॥
प्रेम सुचि करीय कयस रसई आदि मिथ्यातिक सक है ।
गुपति विहु गुपति सखी करह मीकच सुमति मोखानि है ॥
—जयसोमकृत बारह भावनावेलि

पुहुपां में परम सुवास फल में पति उमी मुख कवितरी अवीस ।
सुरतर एसड़ अवत लिग सोहै सोहै बेलि फल तै दीस ।
—अमनारायण महडू कृत राजरतन री बेलि

इन सभी व्याख्याओं में साहित्यिक 'वेलि' का रूपगत तादात्म्य लौकिक 'बेलि' से करने के प्रयासों से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि कवियों द्वारा दिया गया 'वेलि' नाम भी लौकिक जगत की बेलि से ही ग्रहण किया गया है । राजस्थानी भाषा और साहित्य में भी 'बेलि' या 'बेल' शब्द वंश-वृद्धि अथवा कीर्तिविस्तार के अर्थों में ही प्रयुक्त हुए हैं । इसलिए प्रथम रूप से यह नाम देने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि 'वेलि'

सशक्त रचनायें वनस्पति जगत् की 'वेलि' को ही लक्ष्य कर साहित्य में उसके प्रचलित सांकेतिक अर्थ से गर्भित कर अभिहित की गई हैं।

वैसे तो यह सिद्धांत सभी वर्गों की वेलियों पर सामान्य रूप से लागू होता है पर चारणी वेलियों में विशेष रूप से एक और सामान्य लक्षण पाया जाता है, और वह है उनकी समान छंद मे रचना। उस छंद का नाम भी डिंगल छंद शास्त्र के प्रणेताओं ने 'वेलियो साणोर' अथवा 'वेलियो' कह कर दिया है। इसलिए 'वेलि' और चारणी वेलि ग्रंथो में अनिवार्यत: प्रयुक्त 'वेलियो' छंद के इस अद्भुत साम्य पर भी विचार करना समीचीन होगा। 'रघुवर जसप्रकास' नामक छंद ग्रंथ के रचयिता आढा किसनाजी ने 'वेलियो साणोर' गीत का लक्षण इस प्रकार बतलाया है—

"जिण गीत रै पैहली तुक मात्रा १८ होय, दूजी तुक मात्रा १५ होय, तीजी तुक मात्रा १६ होय, चौथी तुक मात्रा १५ होय। दूजा सारां दूहां मात्रा १६, १५, १६, १५, तुक कै अंत आद गुरु अंत लघु आवै, जिण गीत रो नाम वेलियो साणोर कहीजै।"

इस कसौटी पर चारणी वेलियों के प्राय: सभी छंद सही उतरते हैं। पर, साथ ही सभी वेलियो में अनेक छंद खुडद साणोर (हंसगत) एवं साणोर के ही अन्य उपछंदो के भी आगये हैं।

रचनाकारो ने शब्दो को बोलते समय जो ह्रस्व-दीर्घ मात्राओं के रूप दिये होंगे उन्हें उन्ही रूपों में लिपिबद्ध न किया जाने के कारण भी अनेक छंद वेलियो गीत की कसौटी पर ठीक नहीं उतरते। इसका न तो यह आशय समझा जाना चाहिए कि कवियो ने जान बूझ कर वेलियो छंद को छोड दिया है और न यह ही कि सिद्धहस्त कवियो ने छंद रचना मे कोई भूल करदी है। लिपिकारो को ही इसका दोषी माना जाना चाहिए।

इस प्रकार चारणी वेलियो मे वेलियो छंद का प्रयोग यह सोचने को विवश करता है कि इस छंद का नाम भी वेलि के नामकरण से कुछ संबंध अवश्य रखता होगा। पर इस तथ्य को प्रमाणित करने के लिए एक

और पहलू पर भी विचार करना होगा कि वेलि संबंधी राजस्थानी रचनाओं का प्रारंभ किस शब्द रचना से माना जाना चाहिए। यहां एक और बात भी ध्यान देने योग्य है। राजस्थानी रचनाओं के नामों का अध्ययन करने से यह स्पष्ट आभास होता है कि लेखकों ने अपनी रचनाओं के नाम प्रायः छंदों के आधार पर दिये हैं। यहां हम कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं जिनसे इस कथन की पुष्टि होगी—

१ अर्वासिंहजी री झमाल
२ नथूरामजी री दवावैत
३ बाहलजी रा छंद (पाबूजी)
४ सूरजसिंहजी री त्रोटको
५. अमरु भट्ट रा कवित्त
६ हरजी भाला रा कुण्डळिया
७ रतनसिंघ री वचनिका
८ जिलेदार री नीसाणी
९ ढोलामारू रा दूहा
१० जेठवे रा सोरठा

उपर्युक्त सभी नामों के अंतिम शब्द राजस्थानी में प्रयुक्त छंदों के ही नाम हैं। अतः यह सोचना भी कोई विचित्र बात नहीं कि वेलियो गीत के आधार पर ही इन रचनाओं का नाम 'वेलि' रख दिया गया हो।

यहां एक बात और उठती है। रचनाकारों तथा लिपिकारों ने सभी स्थानों पर वेलि को स्त्रीलिंग मानकर लिखा है। लेकिन राजस्थानी गीत छंदों में मिलने वाले नाम 'वेलियो' तो पुल्लिङ्ग ही माना जाना चाहिए। दूसरे यदि वेलियो के आधार पर नामकरण किया जाता तो 'क्रिसन रुकमणी रो वेलियो' अथवा 'महादेव पारवती रो वेलियो' इत्यादि नाम होने चाहिए थे। पर असल में नाम 'क्रिसनरुकमणी री वेलि' 'महादेव पारवती री वेलि' इस प्रकार लिखे गये हैं। इस तथ्य पर विचार

करने से छद के आधार पर नामकरण की बात भी खरी और तर्कसगत नही उतरती । तो फिर क्या राजस्थानी वेलियो में 'वेलियो' छद का प्रयोग एक सयोग मात्र ही कहाजाना चाहिये ? इस सबध मे हम यही कह सकते हैं कि 'वेलि' रचनाओ की परम्परा तो भारतीय साहित्य मे पहिले से ही चली आरही थी, जिसे राजस्थानी कवियों ने भी अपनाया, पर उन्होने इस परम्परा को विशिष्ट रग देने के लिए उसमे वेलियो गीत का समावेश भी कर दिया ।

इस धारणा को और आगे परखने के लिए डिंगल की ज्ञात वेलियो की कालक्रम से छानबीन करनी चाहिये । चू कि चारणेतर वेलियो में कही भी वेलियो गीत छद या किसी अन्य समान छद का प्रयोग देखने में नही आया अत उनके विषय में और अधिक विचारने को कोई आवश्यकता नही होनी चाहिए ।

कालक्रम के अनुसार ज्ञात चारणी वेलियां इस क्रम से रखी जा सकती है —

१ किसनजी री वेलि-साखला करमसी स १६०० के आस पास
२ गुणचाणिक वेलि-चू डो दधवाडियो १७ वीं का प्रारभ
३ देईदास जैतावत री वेलि-अखो भाणोत स १६१३
४ रतनसी खीवावत री वेलि-दूदो विसराल १६१४
५ उदैसिंघ री वेलि-रामो सादू १६१६
६ चांदाजी री वेलि वीठूमेहोठे १६२४ के बाद
७ क्रिसन रुकमणी री वेलि-प्रिथीराज १६३७-४४
८ रायसिंघ री वेलि-सांदू मालो १६५३ के आस पास
९ महादेव पारवती री वेलि-किसनो १६६०-१७००
१० राव रतन री वेलि कल्याणदास महडू १६६४-८८
११ अनोपसिंघरी वेलि वीरभांण १७२६ से पूर्व

उपर्युक्त काल निर्धारण श्रीनरेन्द्र भनावत ने 'राजस्थानी वेलि साहित्य की सूची' नामक अपने एक निबध में किया है, जो परम्परा भाग १४ में

जोधपुर से प्रकाशित हुआ है। यह ध्यान देने योग्य है कि श्री मनावत ने वेलि साहित्य को अपने अनुसंधान का विषय बनाकर राजस्थान विश्वविद्यालय से डाक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की है। श्री मनावत ने पंद्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी की कुछ जैन और लौकिक वेलियों की सूची भी दी है पर उन्हें हम अपने विषय से बाहर मानते हैं क्योंकि इन वेलियों का वस्तु-विधान तथा छंद-रचना चारणी वेलियों से मेल नहीं खाती। ११ वीं सदी की एक वेलि 'राउल वेलि' किसी 'रोड़ा' नामक कवि द्वारा रचित उन्होंने बताई है पर उसे देखे बिना उसके विषय में यहां कुछ कहना उचित प्रतीत नहीं होता। इसी प्रकार धीहल रचित वेलि के विषय में भी देखने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

मोटे तौर पर श्री मनावत द्वारा दिये गए कालक्रम से सहमत हो जाने पर करमसी सांखला रचित किसनजी री वेलि तथा चूंडोजी की 'गुण चाणिक वेलि' प्रारंभिक वेलियों में गिनी जानी चाहिये। लेकिन राजस्थानी साहित्य के इतिहास से परिचित व्यक्तियों की यह धारणा ही सही मालूम पड़ती है कि राठौड़ प्रिथीराज कृत 'किसन रुकमणी री वेलि' के प्रचार और कवियों तथा आलोचकों द्वारा की गई उसकी अत्यंत प्रशंसा से यह अनुमान लगता है कि वेलि रचनाओं को विद्वानों की दृष्टि में लाने का श्रेय राठौड़ प्रिथीराज की ही वेलि को है। यह हो सकता है कि प्रिथीराज को अपने पूर्व के कवियों द्वारा रचित वेलियों से प्रेरणा मिली हो पर प्रसिद्धि का सेहरा प्रिथीराज के ही बंध पाया।

चूंकि राजस्थान के चारणी साहित्य की बहुत कम खोज अभी हो पाई है अतः यह कहना अत्यंत कठिन है कि वेलि परम्परा का प्रारंभ हम किस शताब्दी से मान सकते हैं। पर जिस युग में चारणी वेलियां लिखी गई उसमें डिंगल पर व्याकरण का बन्धन और अत्यंत अनिश्चित था। खासतौर से विविध छंदों में वेलियों का प्रयोग ही संभवतः सबसे अधिक हुआ। राजवीरों और योद्धाओं तथा आश्रय दाताओं की प्रशंसा में रचे गये सैकड़ों गीत कवियों

छंद म लिखे हुए मिलते हैं। कई कवियों ने तो इस लोकप्रिय छंद मे बहुत अधिक रचनायें की हैं।

इस तथ्य से यह धारणा भी बन सकती है कि 'वेलियो' की सब प्रियता को देखकर प्रारंभिक बेलि रचयिताओ ने इसे अपनाया, और बाद में वलियो तथा बेलि के नाम साम्य को देखते हुए बेलि रचनाओं में वेलियो छंद के प्रयोग की परम्परा अनायास ही चल पड़ी। अत मे इन विविध तथ्यो, धारणाओं और कल्पनाओ का निष्कर्ष निकालने की दृष्टि से हमें यह मानकर चलना चाहिए कि बेलि रचनाओ की परम्परा भारतीय साहित्य में पर्याप्त समय से चली आरही है और इसी परम्परा को चारणी वेलिकारो ने अपनाया। वेलि का अर्थ भी यशोगान ही माना गया जैसा अन्य भारतीय वेलियों में रहा। वेलियो गीत से बेलि रचनाओ का संबध प्रारम्भ मे आकस्मिक रहा, पर बाद में यह अनायास ही परम्परा का एक अग बन गया। वेलियो संबधी ज्ञात तथ्य इससे अधिक और कुछ भी कह सकने में हमें विवश करते हैं।

महादेव पारवती री वेलि

जैसा कि हम कह चुके हैं राठोड प्रिथीराज कृत 'क्रिसन रुकमणी री वेलि' को उस युग में सर्वाधिक प्रशसायें प्राप्त हुई। इसलिये यह स्वाभाविक था कि अन्य कवियों में भी प्रिथीराज के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावनायें उत्पन्न हुई। इस भावना से प्रेरित होकर कवियो ने उस श्रेणी की अथवा उससे भी उत्तम काव्य रचना के प्रयत्न भी किये होंगे। पर, प्रिथीराज की वेलि से मिलते जुलते विषय और रूपगठन की दृष्टि से प्रस्तुत रचना 'महादेव पारवती री वेलि' ही ऐसी ज्ञात रचना है जिसे हम निस्संकोच प्रिथीराज की प्रतिस्पर्धा में लिखी गई रचना मान सकते हैं।

इस रचना की ओर मेरा ध्यान उस समय गया जब सन् १९४२ ४३ में मैं बीकानेर राजकीय अनूप संस्कृत पुस्तकालय मे राजस्थानी हस्तालिखित ग्रंथों का विवरणात्मक सूचीपत्र प्रस्तुत करने की दृष्टि से राजस्थानी ग्रंथों की छानबीन कर रहा था। उस समय राजस्थानी साहित्य की परम्पराओं

का मेरा ज्ञान इतना परिपक्व न था जितना मैं इस समय अनुभव करता हूँ। इसलिए मैंने प्रस्तुत बेलि को भविष्य में कभी सम्पादित करने के विचार से छोड़ दिया था। संयोगवश मुझे इसी बेलि की एक अन्य प्रति एक सुवाच्य और शुद्ध अक्षरों में लिखे गुटके के अंश रूप में प्राप्त हो गई। अनूप संस्कृत पुस्तकालय की प्रति तथा इस नवीन प्रति के पाठ की तुलना करने पर यह निश्चय हुआ कि उक्त दोनों ही प्रतियाँ एक दूसरे से हूबहू मिलती हैं, और जान पड़ता है कि दोनों ही कि ? एक मूल प्रति से लिपिबद्ध की गई हैं। इसलिए दूसरी प्रति का पाठान्तर देने की भी आवश्यकता नहीं प्रतीत हुई। अनूप संस्कृत पुस्तकालय की प्रति में कोई पृथक पुष्पिका तो नहीं है, पर उस गुटके का कुछ अंश संवत् १७ २ में लिपिबद्ध होना लिखा गया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उसी गुटके की अंगीभूत बेलि भी उक्त संवत् के थोड़ी बहुत आगे-पीछे लिपिबद्ध हुई होगी। दूसरी प्रति जिसके आधार पर प्रस्तुत पाठ दिया गया है संवत् १७२ में बीकानेर में लिखी गई। उस समय सुप्रसिद्ध विद्वान नरेश महाराजा अनूपसिंह महाराजकुमार पद पर आसीन थे।

इस प्रकार इन दोनों प्रतियों में बहुत थोड़ा अन्तर (१८ वर्ष) ही है। एक और प्रति की सूचना मुझे अपने कृपापात्र मित्र श्री मुरलीसिंह एम ए से प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि जयपुर के रामगंज बाजार में रहने वाले किसी कसारी के यहाँ 'हर पारवती री बेलि' नाम से एक ग्रन्थ उन्होंने देखा। पर जब तक मैं उसकी खोज करने पहुँचा तब तक वह ग्रन्थ न जाने कहाँ चला गया। यदि उक्त ग्रंथ मिल पाता तो संभव था कि उसमें महत्वपूर्ण पाठभेद के साथ ही कवि की पहिचान का भी कोई सूत्र हाथ लगता।

सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट बीकानेर के विद्वान और विद्याप्रेमी निदेशक श्री अगरचंद नाहटा ने जब संस्था के लिए कुछ ग्रन्थ सम्पादित करने की बात मुझसे कही तो मैंने वर्षों से अन्धकार में भटकने वाले इस ग्रन्थ को भी अपनी सूचि में सम्मिलित कर उन्हें दे दिया। बेलि का

यह प्रकाशन श्री नाहटा की ही सद्प्रेरणा और लगन का परिणाम है। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से खरी-खोटी तक सुनाकर मुझसे यह कार्य न करवाया होता तो कम से कम मेरे द्वारा तो यह कार्य कब सम्पन्न होता, कहा नही जा सकता।

प्राचीन राजस्थानी ग्र थों का सम्पादन

मेरी यह मान्यता रही है कि प्राचीन राजस्थानी ग्र थो का सम्पादन धीरे-धीरे एक अत्यत दुष्कर कार्य होता जा रहा है। चारणी काव्य परम्परा के परम्परागत विद्वान ज्यों-ज्यो समाप्त होते जा रहे हैं त्यों-त्यों उसे समझने और शकारहित ढग से आधुनिक अन्वेषको को समझाने वाले लोग अब शायद अगुलियो पर गिनने योग्य ही बचे हैं। 'वेलि' तथा 'दलपतविलास' का सम्पादन प्रारम्भ करते समय मेरे सामने यह कठिनाई उपस्थित हुई। मैंने परम्परागत क्षेत्र के अनेक लब्ध प्रतिष्ठ विद्वानो से शका-स्थलो की चर्चा की। अनेक शकाओ का तो समाधान ठीक होगया, पर दजनो ऐसे स्थल रह गये जिन पर या तो वे कुछ कह ही न पाये, और यदि कुछ कहा भी तो मेरे गले नहीं उतरा। इसलिए मैं यह निस्सकोच रूप से मानता हू कि वे सभी स्थल नितांत अस्पष्ट रहे हैं, और ऐसा सकेत भी मैंने अनेक स्थानों पर कर दिया है।

प्राचीन राजस्थानी साहित्य के सपादको में श्री रामकरण आसोपा तथा श्री सूर्यकरण पारीक व श्री नरोत्तमदास स्वामी के नाम अग्रगण्य रहे हैं। पर उनके द्वारा संपादित ग्र थों में भी विद्वानों ने अनेक शकायें उपस्थित की हैं, और अनेक स्थलो पर उनके अर्थों में सशोधन भी सुझाये हैं, जिनमें से अनेक ठीक भी कहे जा सकते हैं। श्री नरोत्तमदास स्वामी से अर्थ सहित सपादन के विषय में चर्चा होते समय उन्होंने यह स्पष्ट रूप से स्वीकार करके, कि अर्थ करना बडा कठिन कार्य है, अपनी निरभिमानी विद्वत्ता का परिचय दिया। ऐसा ही उत्तर डिंगल के परम्परागत पारखी जयपुर के श्री मुरारिदानजी कविया ने भी दिया। राजस्थानी कोषकार श्री सीताराम लालस ने भी इस तथ्य को निस्सकोच रूप से स्वीकार किया।

ऐसी स्थिति में प्राचीन राजस्थानी साहित्य का संपादन एक विकट समस्या की वस्तु बन गया है। फिर भी प्राचीन ग्रंथों को, केवल मूलपाठ प्रकाशित करने के स्थान पर जैसा भी अर्थ बन पड़े उसके साथ ही प्रकाशित करना हितकर माना जाना चाहिये। इसके दो स्पष्ट लाभ होंगे। एक तो यह कि पाठक को इस अपेक्षाकृत दुरूह साहित्य को थोड़ा बहुत समझने में सरलता होगी और दूसरा यह कि अन्य विद्वान जो भाषा मर्म को समझने की क्षमता रखते हैं अर्थ संबंधी समस्या को हल करने में अथवा अशुद्ध अर्थ को संशोधित करने में सहायक हो सकेंगे। इसी लक्ष्य से मैंने जैसा-तैसा अर्थ मैं कर पाया, उसके सहित ही इस ग्रंथ को सम्पादित किया है।

यह जानते हुए कि राजस्थानी ग्रंथों के संपादकों को मेरी तरह ही इन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता होगा अथवा पड़ सकता है मैं एक सुझाव प्रस्तुत करना चाहता हूं। प्राचीन साहित्य के महत्त्वपूर्ण उपलब्ध ग्रंथों तथा गीतों के सही अर्थ करने के लिए परम्परागत और आधुनिक विद्वानों का एक दल राज्य सरकार के सहयोग से इस काम को अपने हाथ में ले। प्रकाशन तो धीरे-धीरे भी हो सकता है पर अर्थ करने वाले बाद में हमारे बीच नहीं रह सकेंगे। संस्कृत प्राकृत और फारसी आदि भाषाओं के विद्वान तो और भी मिल जायेंगे पर डिंगल की निजी परम्परा के जानकार बाद में नहीं मिल सकेंगे। इसलिए इस कार्य में जितनी शीघ्रता की जाय उतना ही उत्तम होगा।

जब तक यह काम सम्पन्न न हो जाय और एक ऐसा प्रामाणिक शब्दकोश न बनाया जाय जिसके सहारे हम शेष ग्रंथों तथा गीतों आदि के अर्थों की समस्या सुलझा सकें तब तक केवल पाठ छापने वाली पुस्तकों का प्रकाशन बंद कर दिया जाना चाहिए। अच्छा हो हम विषय की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठावें ताकि बाद में पछताना न पड़े।

आधुनिक शोध प्रबन्ध

साथ ही आजकल विश्वविद्यालयो की डाक्टरेट उपाधि प्राप्त करने के लिए लिखे जाने वाले शोध-प्रबधो की चर्चा भी मैं करना चाहूगा। इस चर्चा का प्रस्तुत विषय-वस्तु से सीधा सबध इसलिये माना जा सकता है कि आजकल प्राय राजस्थानी शोधकर्ता राजस्थानी साहित्य से सबधित विषयो पर ही शोध कर रहे हैं।

जहा तक प्रकाशित शोध-प्रबध मेरे देखने मे आये हैं मैंने यह अनुभव किया है कि प्राय अन्वेषक विद्वान विषय के किसी विशिष्ट और गभीर पहलू को लेकर आगे बढ़ने के स्थान पर विषय से सबधित सामग्री का मोटा वर्गीकरण मात्र करके उसे विस्तार देने का प्रयत्न करते हैं। प्रबन्ध का कलेवर बढाने का प्रयास उनके प्रयत्नो मे स्पष्ट दिखाई देता है। शोधकर्ताओ से अपेक्षा तो शायद यह की जाती है कि वे प्रतिपाद्य विषय का जिस दृष्टि से अध्ययन प्रस्तुत कर रहे हैं उसमे अपनी कोई नई मान्यतायें, धारणायें अथवा तथ्य प्रस्तुत करें। पर, इसके विपरीत वे उपलब्ध प्रकाशित व अप्रकाशित सामग्री का सकलन मात्र कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर प्राचीन राजस्थानी-साहित्य से सबधित कतिपय शोध प्रबधो को ले लीजिये। डा० मोतीलाल मेनारिया ने अपने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' नामक ग्रन्थ मे जिस जानकारी को सर्वप्रथम सकलित कर प्रकाशित करवाया उसी मे थोडा बहुत इधर-उधर जोड कर कई शोध-प्रबन्ध प्रकाशित किये जा चुके हैं। जादा अखरने वाली बात तो यह है कि उन प्रबधो मे किसी नई विचारधारा या सिद्धान्त का प्रतिपादन बिल्कुल नही किया गया है। पर उपाधियाँ उन्हे बदस्तूर मिली हैं और मिलती जा रही हैं।

अभी कोई २०–२५ वर्ष पहिले हिन्दी साहित्य मे डाक्टरेट की उपाधि धारण करने वाले गिनती के लोग थे। उस समय साहित्य

का डाक्टर श्रद्धा और सम्मान का पात्र समझा जाता था । पर इन्हीं वर्षों में अनेक विश्वविद्यालयों ने मुक्तहस्त से उपाधियाँ बाँटनी प्रारम्भ करदी हैं जिसका परिणाम यह हुआ है कि इन उपाधियों के प्रति न तो वह श्रद्धा और सम्मान ही रहा है और न इन शोध-प्रबंधों का साहित्य में कोई महत्त्व ही रहता है । इस गिरते हुए स्तर की ओर यदि शीघ्र ही ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति आगे चल कर कितनी दयनीय होगी कहा नहीं जा सकता ।

इस साहित्यिक अधःपतन के मूल में एक और संक्रमक रोग है । आजकल जीवन के हर पहलू की तरह साहित्य में भी दलगत राजनीति घर कर गई है । विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक भी इस छूत से बचे नहीं हैं । उन्होंने अपने अपने प्रिय शिष्यों को योग्यता-अयोग्यता का विचार किये बिना ही उपाधियाँ दिलवाने की होड़ सी लगा रखी है । एक भी ऐसा दृष्टान्त सुनने व देखने में नहीं आया जब किसी भी शोध-प्रबंध प्रस्तुत करने वाले को उपाधि न मिल पाई हो । कहना तो यह चाहिए कि प्रायः विद्यार्थी के लिए एम ए जैसी परीक्षा में अच्छी श्रेणी में उत्तीर्ण होना अधिक कठिन है पर डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त करना एक हर्रे की चीज रह गई है । जो गर्व का समय कुछ सेवा और निर्देशक की कृपा— यही डाक्टरेट के नुस्खे की औषधियाँ हैं । इस कटु सत्य से कुछ लोग शायद अप्रसन्न हों पर सत्य तो सत्य ही है कोई छिपी वस्तु नहीं ।

'बीसलदेव रासो' के संपादन पर उपाधि प्राप्त करने वाले एक विद्वान ने अजमेर मेरवाड़ा जैसे सुप्रचलित भौगोलिक शब्द की जानकारी प्राप्त किये बिना ही उसे अजमेर-मेवाड़ समझ लिया है और अज्ञानकार पाठकों को एक निरी गलत सूचना देदी है ।

'बीसलदेवरास' के ही एक पुराने संस्करण के संपादक विद्वान ने 'अचलगढ़वार' शब्द के सांस्कृतिक अर्थ को जानने का प्रयत्न किये बिना ही उसे बीसलदेव की बहिन का नाम बता दिया है ।

ग्राधुनिक राजस्थानी साहित्य पर ग्रालोचनात्मक निबंध लिखने वाले एक विश्वविद्यालय के प्राध्यापक ने चारण जाति की विभिन्न शाखाओं को ही कवियों के नाम समझ कर पाठकों को भ्रम में डालने का पाप किया है।

ऐसे ही अनेक उदाहरण ग्रासानी से दिये जा सकते हैं। पर हमारा लक्ष्य लोगो के दोष दिखाना नही है। कहने का आशय केवल इतना ही है कि शोध विषयक स्तर की इस तेजी से होती हुई गिरावट को शीघ्र ही रोका जाना चाहिये। यदि इस ओर अभी समुचित ध्यान नही दिया गया तो शोध का विषय स्वय एक हास्यास्पद वस्तु बन जायेगा। इस गिरावट को रोकने का सर्वोत्तम उपाय यही होगा कि विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक अध्ययन, अध्यवसाय और निष्ठा पर बल दें, केवल कृपा का प्रसाद देकर उपाधि प्राप्त करने का सुगम मार्ग ही न बतायें।

कथासार

प्रारम्भ से तेईस छदो मे कवि ने अपने ग्रन्थ के आराध्य देव शिव का वर्णन किया है। शिव का योगीश्वर रूप ही कवि को विशेष प्रिय है। उन्हे कछोटा मारे हुए, बभूत रमाये, कठ मे सीगी धारण किये, कानो मे काश्मीरी मुद्रा लटकाये, उड्डियान बध कसे हुए और बगल मे अधारी लिये एक योगी अवधूत के रूप मे कैलाश के शिखर पर ध्याना-वस्थित चित्रित किया गया है।

साथ ही उन्हें अयोनि, अनादि, अनत, सभवनाथ, वृषारूढ, मुडमालधारी, सर्प गले मे लटकाये हुए, तथा समुद्रमथन के समय विष पीने वाला भी बताया गया है।

इसके बाद २४ से ४२ तक के १६ छदो में गगावतरण का प्रसग है। राजा सगर का अश्ववेध यज्ञ, कपिल ऋषि के आश्रम में इन्द्र द्वारा अश्व का बाधा जाना, सगर के साठ हजार पुत्रों द्वारा ऋषि का अपमान,

कपिल द्वारा उन्हें भस्म किया जाना तथा तीसरी पीढ़ी में गंगा द्वारा उनके उद्धार का वरदान । तीसरी पीढ़ी में राजा भागीरथ द्वारा गंगा को प्रसन्न करने के लिए तपस्या, गंगा द्वारा अपने प्रवाह को धारण करने के लिए शिव की आराधना करने की सलाह, भागीरथ द्वारा बारह वर्ष तक शिव की आराधना कर गंगा को धारण करने की प्रार्थना तथा वरदान प्राप्ति तथा शिव द्वारा गंगा के प्रवाह को मस्तक पर धारण करना—इन प्रसंगों में कथा का संक्षिप्त उल्लेख किया गया है ।

इसके बाद सृष्टि की उत्पत्ति से वर्णन प्रारंभ होता है । भगवान प्रयाग में वट-पत्र पर शिशु रूप में समाविष्ट होकर अनेक युगों के बाद जगे । सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा से भगवान ने नाभिकमल से ब्रह्मा को उत्पन्न किया । ब्रह्मा ने दाहिने हाथ से दक्षादिकों को प्रकट किया ।

इसके बाद राजा दक्ष की कथा है । दक्ष को देवताओं का वरदान हुआ कि स्वयं देवी भगवती तुम्हारे यहाँ पुत्री रूप में अवतार लेंगी । गंगापुर में परम प्रतापी राजा दक्ष के सात पुत्रियाँ तथा साठ हजार कुमार थे । सती ने राजा दक्ष की रानी के गर्भ में अवतार लेकर एक ही दिन में दस वर्षों के बाद जन्म लिया । उनकी शक्ति के प्रभाव से माता-पिता अपनी सभी संतानों में सती को ही सर्वाधिक प्रेम करने लगे । राजकुमारी अत्यंत सुंदर रूप में पल-पल पर वय प्राप्त करने लगी । उसे वर-प्राप्ति-योग्य जान कर राजा ने दसों दिशाओं में योग्य वर ढूंढने के लिए लोगों को भेजा ।

इसके बाद छंद ५५ से ७४ तक सती के यौवन और सौन्दर्य का विशद और हृदयग्राही वर्णन किया गया है ।

राजा दक्ष ने अपनी अन्य बड़ी पुत्रियों का विवाह तो अन्य राजाओं से कर दिया तथा सती के लिए उपयुक्त वर बताने के लिए अपने परिवार तथा प्रजाजनों से पूछा । परिवार वालों ने विचार कर कहा कि विश्वम्भर के समान और कोई वर नहीं है । राजा को यह सुझाव जँचा तो कम ही

पर परिवार का कहना मान कर, शिव को पागल वर समझते हुए भी, टीके का नारियल भिजवा दिया ।

राजा दक्ष के वडे प्रधान नारियल देने के निमित्त कैलाश पर्वत पर पहुँचे । कैलाश की प्राकृतिक छटा का वर्णन करते हुए कवि ने यहाँ चांद-तारो तक पहुचने वाले वृक्षो, भांति-भांति के पक्षियो के कूजन मे सुहावनी वनराजि, आम्र वृक्षों मे केलि करते हुए कुजरो, कस्तूरी मृगो, मल्हार गाती हुई कोयलो और मोरो, वेग से वहती हुई नदी तथा एकत्र विचरण करते हुए गायो और सिहो की चर्चा की है। गहन वन मे चलते हुए उन प्रधानो की वात कुछ पक्षियो से हुई, जो मानवो की भाषा बोल रहे थे । पक्षियो की सलाह मानकर प्रधान लोग कुछ दूरी पर एक कुड के पास गये जहा स्नान करने को आये हुए कुछ देवताओ ने उन्हे रथ पर चढा कर शिवजी के पास पहुचा दिया ।

कैलाश पर पहुंच कर प्रधानो ने शिव के दर्शन किए और कैलाश की शोभा देखने लगे, जिसका विस्तार दस योजन तक था और जहा कभी सूर्यास्त भी नही होता । ऐसे कैलाश पर्वत पर शिव का रत्ननिर्मित प्रासाद था जिसे अत्यत कुशलतापूर्वक सोने के गारे से बनाया गया था। उस प्रासाद का तेज सहन नही किया जा सकता । वहा गगा के निर्मल जल में स्नान करके ब्रह्मादिक देवता वेदो का पाठ करते थे ।

ऐसे कैलाश पर्वत पर ऊचे-ऊचे आवासो मे अप्सराओ का निवास था और अनत समृद्धि थी । शिवपुरी के इस वैभव को देखने के वाद राजा दक्ष ही क्या अनेक राज-सिहासन मात हो गए ।

उसी दिन भगवान शकर ने वारह युगो के वाद अपनी समाधि छोडी । राजा दक्ष के प्रधान भगवान से मिले और प्रेमपूर्वक नारियल भेंट किया । प्रधानो ने शिवपुरी मे आकर भगवान शिव के दर्शन करके अपने आपको धन्य माना । उन्होंने शिव से पुण्य लग्न मे अवावती पधार कर सती से विवाह करने की प्रार्थना की ।

शिव ने चारों ओर कुंकुमपत्रिका भेजी जिस पर ब्रह्मा विष्णु आदि देवता पधारे। भरों सुरों व नागों के बड़े-बड़े राजा तथा मठरहों इन्द्र भी वहीं आये। वहीं कुलधाम से यह विवाह बारात चली और चंपापुरी में एक बाग हुर था उतरी। बधाईदार भेजे गए जिस पर राजा दक्ष भी अपने परिग्रह को लेकर स्वागतार्थ गए।

शिव ने मुगलखा व मुण्डमाल पहिन कर तथा भभूत रमा कर बैल की सवारी की और विवाह के लिए चले। लोग आ-आकर उलहना देने लगे कि राजा ने राजकुमारी के योग्य वर नहीं खोजा। घर-घर में यही बात होने लगी कि न जाने कहां से किसी बूढे जोगी को पकड़ लाये हैं। जो भाग्य में लिखा होता है वही होता है। स्त्रियां दासियां बजा-बजा कर वर को देखती हुए हंसने लगी। बूढ़े वर और छोटी कन्या को देख कर शिव की सास भी मन में दुःखित हुई।

पर बेचारे मानव शिव की महिमा को क्या जानें। बीसहुवी (सती) ही शिव के अधिकारों को जानती थी। जिस समय शिव ने तोरण की वंदना की तो दारिद्र य का नाश हो गया और सभी को सुख-सम्पत्ति की प्राप्ति हुई। जो महात्मा शिव के सामने कलश लेकर आई उसे जन्म-जन्मांतर तक वैकुण्ठ की प्राप्ति हुई।

इसके बाद सती के स्नान व शृंगार का वर्णन है। सती के सौन्दर्य की छटा बड़ी अनोखी थी। उसके पैरों में जड़ाव के नूपुर हाथों में बाजू बंध कंकण तथा पहुंचियां थी। मोटे-मोटे दानों का सुन्दर हार गंगा की धार की तरह उसके गले से सुशोभित था। मोतियों की कंठमाल के पास ही गौरी ने हंसुली भी पहिनी। आशावादिता ने शिव को वश में करने के लिए सोलहों शृंगार किये। नाक में नकबेसर अनियारे नयनों में काजल ललाट पर कुंकुम का तिलक तथा चोली व कुसल वस्त्र धारण किये।

नवग्रहों की पूजा करके ब्रह्माजी ने कुलदेवा करवाया। उसके बाद में 'बाजा' के आगे बैठे वहां गौरी को आशीर्वाद दिया गया। विधिपूर्वक समस्त वैवाहिक आचार किये गये।

विवाहोपरान्त शिव ने बारात के डेरे मे आकर प्रचुर द्रव्य का दान दिया। शिव और सती मे जन्म-जन्मातर का स्नेह वर्धित हुआ। सती ने प्रभु से प्रार्थना की कि वे अपना वर रूप प्रगट करें जिसे समस्त ससार देख सके। शिव ने उनकी बात मानकर वर रूप धारण किया जिसकी शोभा के आगे क्या सूर्य और क्या इन्द्र, समस्त अन्य रूप भी रद्द होगए।

राजा दक्ष ने दस दिनो तक बारात को रखा और अनत दहेज देकर विदा किया। पर, दक्ष के मन मे वर की ओर से कुछ अप्रसन्नता ही रही। वहाँ से विदा होकर शिव कैलाश पर आये जहाँ अत्यत उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया गया।

अनेक युग बीत जाने पर राजा दक्ष ने एक यज्ञ रचा जिसमे स्वर्ग, नाग व मृत्यु लोक के अनेक राजाओ को आमन्त्रित किया गया। ब्रह्मा, विष्णु आदि सभी देवता वहा आये पर भगवान विश्वभर को नही बुलाया गया। इस पर सती ने शिव से कहा कि आप भी दक्ष का यज्ञ देखने चलें और मुझे भी साथ लें। शिव के यह समझाने पर भी कि बिना बुलाये पराये घर नही जाना चाहिए, सती को सतोष नही हुआ। सती के मन मे माता-पिता से मिलने की उत्कट इच्छा लगी हुई थी।

उधर दक्ष के यज्ञ में आये हुए ब्रह्मा, विष्णु तथा इन्द्र आदि देवताओ ने दक्ष से पूछा कि योगीश्वर शिव नही दिखाई दे रहे हैं सो क्या बात है। राजा दक्ष ने भारी मुह से उत्तर दिया कि ऐसे अवधूत को कौन बुलाये! इस पर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवता यह कह कर चले गये कि उनके बिना यज्ञ नही होगा।

इसी समय नदी और आठ गणो को साथ लेकर सती वहाँ पहुँची। राजा दक्ष ने उसे कोई सम्मान नही दिया और उसके आते ही पीठ फेर कर बैठ गया। इस पर सती ने कहा कि मैं शिव की आज्ञा का उल्लङ्घन करके यहाँ आई हूँ और यहाँ मेरा तथा मेरे पति का अपमान किया गया है। जहाँ मान-भग हो वहाँ प्राण दे दिये जाने चाहिए, ससार के लिए

सती का यही वाक्य है। ऐसा कह कर अत्यन्त क्रोध करते सती ने योगाग्नि में कूद कर अपने प्राणों का अन्त कर दिया और इस प्रकार दक्ष के यज्ञ का विध्वंस हो गया। सती के योगाग्नि में कूदते ही सातों ब्रह्माण्ड और सातो ही पाताल कांपने लगे।

उस समय वहां घमासान युद्ध छिड़ पड़ा और शिव के आठों गण विषम रूप से युद्ध करने लगे। कुंभ और निकुंभ ने बड़ी वीरता पूर्वक युद्ध किया। गणों द्वारा किये जाने वाले संहार को देखकर दक्ष भाग कर भृगु के पास गया और सहायता की प्रार्थना की। भृगु ने मंत्र से युद्ध करने वाले वीर उत्पन्न किये जिनसे हार कर गण लौट पड़े।

इसी समय शिव को ज्ञात हुआ कि सती ने प्राण त्याग दिये और साथ गये हुए गण भयंकर युद्ध करके लौट आये। इस पर शिव ने रौद्र रूप धारण किया और उनके तृतीय नेत्र से क्रोधाग्नि बरसने लगी। सारा ब्रह्माण्ड उनके क्रोध से कांपने लगा। गले का नाग फुंकार उठा रोम खड़े हो गए धुए के बिना ही अग्नि प्रज्ज्वलित हो उठी और उनकी जटायें खड़ी होकर आकाश से जा लगी। उनके अंगों में बढ़ते हुए रौद्रत्व को देखकर प्रभु भयत्रस्त हो उठे। तब शिव ने अपनी जटा से वीरभद्र नामक भयंकर वीर को उत्पन्न किया। वह वीर सिंह खड्ग लेकर युद्ध के निमित्त दक्ष के यहां सती का बदला लेने के लिए गया। उसने शत्रुओं का भयंकर संहार किया और अनेक राजाओं को यज्ञाग्नि में डाल कर भस्म कर दिया। राजा दक्ष को भी उस वीर ने समाप्त कर दिया। पर ब्रह्मा विष्णु आदि देवताओं के कहने पर अपरांत शिव ने राजा दक्ष को बकरे का सिर प्रदान कर जीवित कर दिया और सती की भस्म बांध कर हिमगिरि के समीप डाल दी।

ब्रह्मादि देवताओं ने कहा कि सती पार्वती के रूप में पुनः अवतार लेगी। शिव और शक्ति की जोड़ी संसार में अविकल रही है। एक से एक बढ़ते हुए शक्ति के अवतारों में पार्वती की महिमा विशेष मानी गई है।

उधर वीरभद्र को युद्ध से वापिस वुलाकर भगवान शिव पुन ध्याना-वस्थित हो गए ।

इसके वाद एक दिन राजा हिमाचल अपनी रानी मैना के साथ आनद-भ्रमण करते हुए एक पर्वत-शिखर पर आये जहा उन्होने पार्वती को वालिका रूप मे देखकर अपने पास वुलाया । रानी ने उसे हृदय से लगा लिया और अत्यत लाड–प्यार से उसका लालन–पालन करना प्रारभ किया । वारह दिनो मे ही वह वालिका वारह वर्षों जितनी वडी हो गई । पार्वती का रूप अत्यन्त अनुपम था । उसके सौन्दर्य की उपमा सारे जगत मे दी जाती है, अत उसे किसकी उपमा दी जाये !

एक वार नारद ऋषि घूमते–फिरते हिमालय के यहा पाहुन हुए । राजा ने नारदजी से वालिका के लिए उपयुक्त वर पूछा, जिस पर नारदजी ने कहा कि ससार मे ईश्वर और पार्वती की जोडी अविचल है, अत अन्य अनेक वर देखने से क्या मतलव है । इस पर हिमालय ने नारदजी से इस सवध का उपाय पूछा तो उन्होने कहा कि कैलाश के शिखर पर ध्यानावस्थित शिव की सेवा करके पार्वती उनसे फल मागे ।

नारद की सलाह के अनुसार पार्वती अपनी सहेलियों के साथ पूजा की सामग्री लेकर शिव के पास पहुँची और पूजा प्रारम्भ की । छ मास तक आराधना करने पर भी शिव की समाधि नही टूटी ।

दैत्यो को ब्रह्मा का वरदान हुआ और उन्होंने देवताओ को त्रस्त करना शुरू किया । इन्द्र ने ब्रह्माजी से दैत्यो को मारने का उपाय पूछा तो उन्होंने कहा कि जव शिव पार्वती से विवाह करेंगे और उनके पुत्र उत्पन्न होगा, उसी के हाथ से दैत्य का नाश होगा ।

इन्द्र के कहने पर कामदेव ने शिव को जागृत करने का वीड़ा लिया और वसत ऋतु का पदार्पण करा कर वह रति के साथ कैलाश पर गया । शिव ने तृतीय नेत्र से उसे भस्म कर डाला ।

तदनंतर पार्वती सहेलियों को साथ लेकर एकान्त में तप करने के लिए गई। वह बिना अन्न-पानी के केवल पवन के आधार पर ही रात-दिन कठिन तपस्या करने लगी। छः मास तक लगातार 'शिव-शिव' कहती हुई पार्वती ने अखंडित तप किया। शिव बूढ़े ब्राह्मण का वेष बनाकर पार्वती के सत्य की परीक्षा करने आये। उन्होंने कहा—मेरी मानुस ! तुम यहां वन में रहकर किस कारण तपस्या कर रही हो ? पार्वती की सहेलियों के यह कहने पर कि शिव को वर-रूप में प्राप्त करने के लिए ही तपस्या कर रही है उन्होंने कहा कि जो आदमी भस्म रमाये धतूरा खाये पहाड़ों की गुफाओं में रहे उससे विवाह करने में कोई समझदारी नहीं है। ऐसा सुनकर जब पार्वती क्रोधित हो उठ कर जाने लगी तो शिव ने हँस कर उनका हाथ पकड़ लिया और प्रसन्न होकर कहा कि तुम जिस प्रकार चाहो उसी प्रकार विवाह करेंगे।

पार्वती अपने पिता के घर आ गई। शिव ने पार्वती को विवाह में मांगने के लिए अपने आदमी भेजे। विवाह के महीने पहिले ही माता-पिता अत्यन्त उछाह करने लगे। शिव भी बारात में विष्णु ब्रह्मा इन्द्र तथा अन्य देवों नागों और राजाओं को लेकर आये। बधाईदारों ने आकर राजा हिमाचल से कहा कि बारात बड़े ठाट बाट से आई है और पूछने पर यह भी बताया कि ब्रह्मा विष्णु तथा इन्द्र आदि बड़े जानी हैं।

राजा हिमाचल बारात के डेरे पर स्वागतार्थ आये। शिव ने विधिपूर्वक स्नान किया और वर का वेष तथा आभूषणादि धारण किये। नंदी को भी सवारी के लिए सजाया गया। पुष्पमाल मखमली झूल जरबाफ के पट्ट रेशम की लगाम और रत्ननिर्मित पाखर से वह अत्यन्त सुशोभित प्रतीत होता था। शिव भी दुर्लभताल तिलक लगाकर, कपूर का लेप कर डीका बजाते हुए वृषभ पर सवार हुए।

कलश लेकर कामिनियां वर की वंदना के लिए आईं। मणिदीपिकाओं की तरह वस्त्राभूषणों से जगमगाती हुई पुर-नारियां वर को देखने के

लिए घरो की छतो पर चढी। गवाक्षो मे से निकलते हुए उनके सुन्दर मुख सरोवर मे सिर उठाये हुए कमलो की भाति प्रतीत हुये। आलक्तक लगे हुए पैरो से जब सुदरिया शिव को देखने के निमित्त दौडी तो आँगन मे विविध प्रकार के चित्र मँड गये।

तोरण पर वर की वदना की गई। रानी मैना ने उनके तिलक किया। रथ से उतर कर शिव विष्णु का हाथ पकडे अन्दर रायागण मे गये। उधर उमा भी स्नान करके शृङ्गार के लिए वैठी। उसने पैरो मे मधुर शब्द करने वाली पायल और कलाइयो पर नद नामक आभूषण पहिना। हाथीदात का बना हुआ अत्यन्त हलका उसका चूडा मानसरोवर के हसो के समान सफेद दीखता था। हाथो मे कगण, अगुलियो मे मूँदडी, गले मे हीरे जडे हुए मोतियो का हार, नाक मे नकवेसर, कानो मे कुडल और अन्य अनेक ऐसे आभूषण धारण किए जिनके नाम भी मनुष्यो को ज्ञात नही है। आँखो मे काजल लगा कर और मुख मे ताबूल चबा कर पार्वती ने रेशमी चोली पहिनी और टपकते हुए गहरे रग की चूनर ओढी।

ब्राह्मणो ने शिव और पार्वती का उपयुक्त सबध विचार कर उनका पाणिग्रहण करवा दिया। विवाहोपरान्त दोनो आकर तख्त पर बैठे और देवो तथा ब्राह्मणो ने पार्वती को पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओ ने शिव से कामदेव को पुनर्जीवित करने की प्रार्थना की जिसे शिव ने मान लिया। पद्रह दिनो तक हिमाचल ने बारात की आवभगत की और विदा होते समय अमूल्य दहेज दिया। शिव ने भी छहो वर्णो को मुक्तहस्त से दान देकर तृप्त कर दिया।

विवाह करके शिव कैलाश पर आये। समय पाकर पार्वती के पुत्र उत्पन्न हुआ। उस महोत्सव पर सारे देवता वहाँ आये। ब्रह्मादि ने बालक को कार्तिकसुर नाम दिया। उसके जन्म लेते ही दैत्य का सिंहासन डिग गया। सब देवता शिव से विनय करने लगे कि दैत्य ने सब को तग कर

रखा है। सारे देवता उसके अधीन हो गये हैं। उस समय विष्णु ने शिव से कहा कि ब्रह्मा का उसे वरदान है कि कुमार कार्तिकेय सेनापति बनें और सभी देवता उनके साथ हों तभी वह मारा जायेगा। इस पर शिव ने पार्वती से पूछा कि वह कुमार को युद्ध में भेजने के लिये तैयार है क्या? पार्वती ने कहा कि यह दिन धन्य है जब सारे देवता मेरे पुत्र के लिए आये हैं।

शिव ने दैत्य को मारने का हुक्म अपने पुत्र को दिया। और होते ही कुमार ने सब देवताओं को साथ लेकर असुरों के मार्ग अवरुद्ध कर लिये। तारकासुर भी युद्ध के लिए उद्यत हो गया। भयंकर संग्राम छिड़ गया। कुमार सिंह की भांति सेना का संहार करने लगे। पिनाक धनुष लेकर उन्होंने असुरों पर प्रहार किया। जो लड़ने आये उन्हें बाणों से मार डाला गया और जो बच गये वे शरणागत बन कर रहे। इस प्रकार कुमार ने देवों को दैत्यों के बंधन से छुड़ाया। इस विजय की खुशी में जय के नारे लगे बधाइयाँ बटीं और घर-घर में महोत्सव मनाये गये।

वेलि की कथा का आधार

वेलि में वर्णित प्रायः सभी उपकथायें शिवपुराण में उपलब्ध हैं। वैसे भी ये कथायें भारतीय हिन्दू परिवारों की सुपरिचित हैं। संक्षेप में वेलि में निम्नांकित उपकथायें हैं—

१ राजा सगर का अश्वमेध उनके साठ हजार पुत्रों द्वारा कपिल मुनि को यातना देना मुनि का शाप व वरदान राजा भागीरथ का तप तथा गंगावतरण।

२ ब्रह्मा की उत्पत्ति ब्रह्मा द्वारा सृष्टि का प्रारंभ तथा गंगापुर में राजा दक्ष की पुत्री सती का शिव से विवाह।

३ दक्ष का यज्ञ करना शिव को छोड़कर सभी को आमंत्रण शिव के मना करने पर भी सती का पितृगृह जाना वहाँ अनादर पाकर

यज्ञाग्नि मे कूद कर प्राण-त्याग करना, शिव के गणो द्वारा युद्ध, भृगु द्वारा यज्ञ मे मे पैदा किए हुए वीरो द्वारा मुकावला, गणो का पलायन, शिव का क्रोध, जटा मे से वीरभद्र की उत्पत्ति, वीरभद्र द्वारा यज्ञ-विध्वस, दक्ष की मृत्यु । शिव द्वारा दक्ष को वकरे का मस्तक देकर जीवनदान, तथा सती की राख लेकर शिव द्वारा हिमालय के समीप डाला जाना ।

४ हिमालय द्वारा पर्वत-शिखर पर पार्वती को पाना, नारद से विवाह के लिए सलाह लेना, उनका शिव की आराधना करके उन्हे वर रूप मे प्राप्त करने की सलाह देना, शिव की समाधि तोडने के लिए कामदेव का साहस तथा उसका भस्म होना, पार्वती की तपस्या से शिव का प्रसन्न होना और विवाह करना ।

५ विवाह के वाद समय पाकर कुमार कार्तिकेय की उत्पत्ति, देवो द्वारा तारकासुर–वध के लिए कार्तिकेय को सेनापति के रूप मे मागने के लिए शिव के पास जाना तथा कार्तिकेय द्वारा तारकासुर का वध ।

यह सक्षिप्त सा कथानक शिव के सभी श्रद्धालु भक्तो का जाना–पहिचाना है । शिवपुराण मे उपयुक्त कथायें विस्तारपूर्वक कही गई हैं, पर हमारे कवि को केवल उनका गुणानुवाद ही अभीष्ट था, अत वे विस्तार मे नही गए हैं । कवि को वस्तु, रूप, शृङ्गार आदि का वर्णन ही अधिक प्रिय होने के कारण कथा को केवल निमित्त ही बनाया गया है । कही कही कथा को आगे वढाने की शीघ्रता मे वह कथाशो का यथेष्ट सवध भी नही जोड पाया है । फिर भी कुल मिलाकर उसके कथानक–नियोजन को दोषपूर्ण नही कहा जा सकता । पर, इतनी वडी कथा को समेटने की चेष्टा मे वे मानवीय स्थल अछूते अवश्य रह गये हैं जिन पर कवि अपनी कुशल लेखनी का चमत्कार दिखा सकता था । शिव सवधी कथायें इतनी अधिक हैं कि उन्हें काव्यबद्ध करने के लिए पर्याप्त कलेवर चाहिए । कालिदास को भी कुमारसभव मे प्रस्तुत ग्र थ से कितने ही अधिक छद रचने पडे थे । कुमार-जन्म के साथ ही हमारे ग्र थ का

कथानक समाप्त होता है। तारकासुरवध के मंगल कार्य से ग्रन्थ की इति भी भारतीय लोक-कल्याण-परम्परा के अनुकूल ही है।

लेखक और रचना-काल

जैसा कि पहले कहा जा चुका है *महादेव पार्वती री वेलि* की अद्यावधि केवल दो प्रति उपलब्ध हैं। एक तो अनूप संस्कृत पुस्तकालय के राजस्थानी ग्रन्थों के सूचीपत्र की प्रति संख्या ६८ और दूसरी मेरे निजी संग्रह की। अनूप संस्कृत पुस्तकालय की प्रति के अंत में कोई पुष्पिका न होने के कारण यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता की उसका लिपि-संवत् क्या है। रचना संवत् का तो कहीं उल्लेख है ही नहीं। पर जिस गुटके में यह रचना मिलती है उसका कुछ अंश संवत् १७ २ में लिखा गया था। इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है की अन्य रचनाएँ भी १७ २ के आस-पास लिखी गई होंगी। मेरे संग्रह की प्रति का लिपि संवत् १७२ है। दोनों प्रतियों में कुछ भी पाठ-भेद न होने के कारण ये दोनों प्रतियाँ एक ही मूल प्रति से नकल की गई प्रतीत होती हैं। ऐसा भी हो सकता है कि मेरे संग्रह की प्रति अनूप संस्कृत पुस्तकालय की प्रति से नकल की गई हो क्योंकि यह भी बीकानेर में ही लिपिबद्ध की गई थी।

इस प्रकार वेलि का लिपिकाल १७ के आस-पास तय हो जाने पर भी उसके रचनाकाल की समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। राजस्थानी साहित्य के इतिहासकारों में डा० मेनारिया ने तो इसकी कोई चर्चा अपने ग्रन्थ में नहीं की पर श्री नरोत्तमदास स्वामी ने इसे भाखा किसना की लिखी हुई और डा० हीरालाल माहेश्वरी ने किसी चारणेतर व जैनेतर कवि-संभवतः ब्राह्मण-द्वारा रची गई माना है।

यह स्पष्ट है कि जैसा कि श्री नरोत्तमदास स्वामी ने भी 'राजस्थानी साहित्य एक परिचय' नामक अपनी पुस्तक के पृष्ठ १ पर लिखा है, यह ग्रन्थ राठौड़ पिरीथराज कृत वेलि की स्पर्धा में ही लिखा गया है। इस

सर्वथा पुष्ट अनुमान के आधार पर यह माना जा सकता है कि इस ग्रन्थ की रचना प्रिथीराज की वेलि की रचनाकाल के वाद ही हुई है। प्रिथीराज कृत वेलि का रचनाकाल विविध विद्वानो की पृथक्-पृथक् धारणाओ के अनुसार सवत् १६३६ से १६४४ के वीच रखा गया है। अत प्रस्तुत वेलि की रचना सवत् १६३६ से १६४४ के वाद और सवत् १७०३ के वीच के समय मे हुई होगी, क्योकि हम इसे प्रिथीराज की वेलि की स्पर्धा मे रची गई कृति मानते हैं।

प्रिथीराज की मृत्यु १६५७ के आस-पास मानी गई है। उनकी वेलि को प्रशसा मे कहे गये अनेक छद तथा वेलि की जो अनेक टीकायें उपलब्ध हैं उनमे चारण कवि लाखाजी रचित सर्वप्रथम टीका की प्राचीनतम प्रति सवत् १६७३ की मिलती है। लाखाजी की मृत्यु का सही सवत् ज्ञात न होने के कारण यदि हम यह मान लें कि प्रिथिराज की वेलि १६७३ तक पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी थी तो हमारी वेलि का रचना-काल सवत् १६७३ के वाद ही मानना ठीक रहेगा। पर चारण कवि दुरसा आढा कृत तथा एकाध और छद जिन प्रतियो मे प्राप्त हैं उनमे सबसे प्राचीन का सवत् १६६९ मिलता है। चूँकि प्रिथीराजकृत वेलि की प्रसिद्धि से प्रभावित होकर ही कवि ने इस वेलि की रचना का विचार किया होगा, अत १६६९ से १७०३ के वीच के ३५ वर्षों मे ही प्रस्तुत वेलि रची गई होगी। वैसे इस सबध मे सोलहो आना सही वात लिख सकना प्रमाणों के अभाव मे बडा दुष्कर कार्य है। पर, जो अनुमान लगाया गया है उसे अनुचित नही कहा जा सकता।

प्रचलित धारणाओ के अनुसार प्रिथीराज के जीवनकाल मे ही उनकी वेलि को प्रर्याप्त यश मिल चुका था। यदि इसके आधार पर सोचा जाये तो प्रिथीराज की वेलि के रचनाकाल (१६३६ से १६४४) से लेकर प्रस्तुत वेलि के लिपिकाल (१७०३) के बीच का समय हमारी वेलि की रचना का समय माना जाना चाहिए।

प्रस्तुत वेलि के अन्त में 'किसनउ कहइ किसन द्रिम कीजइ' इतने से पर्याप्त से 'किसनउ' नामक किसी कवि का बोध होता है। कई विद्वानों ने उस समय के ज्ञात व जीवित कवियों की सूची टटोल कर दुरसाजी आढा के पुत्र किसनाजी आढा को इस रचना का श्रेय दिया है। दुरसाजी ने प्रिथीराज की वेलि की प्रशंसा में छंद लिखा है इसलिए उनके पुत्र की इस विषय की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया का अनुमान लगाया जा सकता है। किंवदन्तियों के आधार पर अकबर के दरबार में दुरसा तथा प्रिथीराज का मिलन भी संभाव्य है ही। इस अनुमान को न मान सकने के लिए हमारे पास कोई पुष्ट और अकाट्य तर्क तो नहीं है पर राजस्थानी साहित्य के सभी कवियों के नामों का पता लगाने का हमारा प्रयास इतना स्वल्प रहा है कि हम यह निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि उस समय किसना नामक अन्य कोई कवि विद्यमान नहीं थे।

दूसरे, प्रस्तुत ग्रंथ की कोई भी प्रति बीकानेर के सिवाय और कहीं भी उपलब्ध नहीं हुई है। दोनों प्रतियां बीकानेर की ही हैं। प्रस्तुत वेलि का उल्लेख भी कहीं अन्यत्र उपलब्ध नहीं है। दुरसाजी के वंशजों के यहां इसकी कोई प्रति है या नहीं इसका भी पता नहीं है। ऐसी स्थिति में हम न तो आढा किसना को ही दावे के साथ इस ग्रंथ का लेखक मान सकते हैं और न निश्चयपूर्वक उसे मानने से इनकार ही कर सकते हैं।

प्रायः राजस्थानी कवियों ने भारतीय परम्परा के अनुसार अपने ग्रंथों में अपना इतिवृत्त देने में रुचि नहीं दिखाई है जिसके अभाव में ऐसी अनेक गुत्थियां उलझी ही रह जाती हैं।

डा. हीरालाल माहेश्वरी ने कवि को जैन शैली से प्रभावित ब्राह्मण जाति का मानने की संभावना की है। पर राजस्थानी के ज्ञात इतिहास में ऐसे समर्थ चारणेतर कवियों के दृष्टांत बहुत कम हैं। जहां तक जैन शैली का प्रश्न है उस विषय में लिपिकार द्वारा उत्पन्न भ्रम ही प्रधान कारण हो सकता है। यथार्थ में जैन कवियों ने जैनेतर विषयों पर लिखते हुए भी अपनी लोकभाषा को छोड़ा नहीं है। एकाध विशुद्ध डिंगल गीतों के अति

रिक्त उनकी रचनाओ मे उनकी विशिष्ट शैली छिपी नही रह पाती। अत प्रस्तुत वेलि पर जैन शैली का प्रभाव मानना हमारी समझ मे ठीक नही होगा। अन्य चारणेतर कवियो की भी इस कोटि की रचनायें न होने के समान ही दीखती हैं। और फिर इसे चारण कृति न मान सकने के कोई पुष्ट आधार भी हमारे पास नही है। अत यह तो सर्वथा उचित है कि इसे चारण कृति ही माना जाय, पर श्रेय आढा किसना को दिया जाय अथवा किसी अन्य किसना नामक चारण कवि को, जो अज्ञात रूप से ही कही हाथलिखी पोथियो के पृष्ठो मे खोये पडे हैं ? अनुमान रूप मे मैं 'किसनो बीठू' नामक एक और कवि का नाम प्रस्तुत करता हू जो बीकानेर मे रायसिह के समय मे थे तथा जिन्होंने रायसिह की प्रशसा मे गीत भी लिखा है। बीठू कवियो का बीकानेर से विशेष सपर्क देखकर तथा वेलि के अनुमानित रचना-काल के समय मे ही होने के कारण यह नाम भी विचारणीय है।

शिव-पार्वती संबंधी अन्य राजस्थानी ग्रथ

राजस्थान अनेक विध भक्ति-सप्रदायो का गढ रहा है। शैव, वैष्णव, (राम व कृष्ण), नाथ, दादूपथी, रामस्नेही, निरजनी, कबीरपथी आदि बीसो मत-मतातरो के सत यहा हुए है। इन सभी सप्रदायो के श्रद्धालुओ ने अपने-अपने ईष्ट देवो की प्रशसा मे रचनायें की हैं। पर, भारतीय साहित्य मे शैव और वैष्णव दो बडे और प्रधान धर्म माने गए है। जयपुर मे शैवो और वैष्णवो के बीच जो द्वन्द्व हुआ वह राजस्थान मे प्रसिद्ध है।

राजस्थानी साहित्य मे जहाँ राम और कृष्ण विषयक अनेक रचनायें मिलती हैं वहा शिव विषयक रचनाओ का भी अभाव नही है। पर, शिव-विवाह से सबधित रचनाओ के अधिक नाम ज्ञात नही है। आईदान गाडण कृत शिवपुराण, तथा किसी अख्यात लोक कवि का बनाया हुआ 'पार्वती मगल' हमे ज्ञात है। शिव विषयक कथानको मे विवाह का प्रसग ही अधिक प्रसिद्ध और लोकप्रिय हो पाया है। रामायण और महाभारत की भाति

लोक-प्रचलित ग्रंथ न होने के कारण भी कवियों और लेखकों ने इस ओर कम ध्यान दिया होगा।

भाषा और छन्द

वेलि की भाषा मध्यकालीन राजस्थानी काव्य-ग्रंथों में प्रयुक्त साधारण भाषा से मेल खाती हुई ही है। खोजने से भी ऐसा कोई शब्द नहीं मिलता जो तत्कालीन काव्य-ग्रंथों में अप्राप्य हो।

कुछ ऐसे प्रयोग अवश्य दृष्टिगोचर होते हैं जो सार्वदेशिक न हो कर स्थानीय प्रतीत होते हैं। उदाहरणार्थ—ईमड उम्मड़—जैसे प्रयोग बीकानेर शहर में रहने वालों की बोलचाल के से हैं।

कवि ने अनेक स्थानों पर छंद-पूर्ति के लिए 'ताइ' शब्द का निरर्थक प्रयोग भी किया है, जो कहीं-कहीं तो बहुत ही अटपटा सा लगता है।

वेलियो' नामक छंद के लक्षण प्रस्तुत ग्रंथ में सभी स्थानों पर खरे नहीं उतरते हैं। लिखित रूप में अनेक स्थानों पर कम अधिक मात्रायें हैं, जिसका कारण शायद यही हो सकता है कि लेखक ने मौखिक रूप में कहीं ठीक बनाया हो और लिपिकार ने ठीक न लिखा हो। कारण कुछ भी हो यह दोष स्थान-स्थान पर खटकता है। प्रस्तुत ग्रंथ की ही तरह अन्य वेलियों में भी तथा प्रिथीराज की वेलि में भी ऐसे अनेक स्थल हैं जहां वेलियो गीत के लक्षण पूरे नहीं उतरते। प्रिथीराज जैसे सिद्धहस्त माने जाने वाले कवि के ग्रंथ में भी ऐसी स्थिति होने से यह अनुमान हो जाता है कि प्रबंध-काव्यों में छंद-विधान का इतनी कड़ाई से पालन शायद नहीं होता होगा।

छंदों की इस स्थिति में अनेक स्थानों पर सुधार संभव होने पर भी मैंने कहीं ज्यों का त्यों ही रखना ठीक समझा क्योंकि वैसा करने में मूल पाठ में अंतर पड़ता जो शायद उचित नहीं होता। दूसरे, पाठ-भेदों के अभाव में ऐसा करना ठीक भी नहीं रहता। मैं सदा इस सिद्धांत को

मानता आया हूँ कि प्राचीन ग्रथो का शुद्ध और सही पाठ तथा उनमे प्रयुक्त छदों का भी सही रूप ही दिया जाना चाहिये। ऐसा करते समय मूल अशुद्ध पाठ को नीचे पाद टिप्पणियो के रूप मे दे दिया जाना चाहिये। पर यह सारा कार्य अत्यत श्रमसाध्य होने के साथ ही ग्र थ की अनेक हस्त-प्रतियो की अपेक्षा रखता है, ताकि पाठ-शुद्धि करते समय मूल रचना के साथ न्याय किया जा सके।

प्राचीन राजस्थानी के अइ, अउ आदि रूपो के साथ ही ऐ, ओ व औ रूप भी काव्य में प्राप्त हैं, जिनसे प्रतीत होता है नि सतरहवी सदी के अत मे उन प्राचीन रूपो का स्थान ये नवीन रूप लेने लग गए थे। इस विपय मे मेरी एक और धारणा भी है। अनेक ग्र थो मे मैने यह ध्यान-पूर्वक देखा है कि जैन लिपिकारो ने उन्हे प्राचीन रूप मे लिखने का प्रयास किया है। जिस प्रकार सस्कृतज्ञ लिपिक राजस्थानी आदि देशी भापाओ की रचनाओ में देशी शब्दो के स्थान पर शुद्ध तत्सम शब्द रखने की चेष्टा करते हैं, तथा गावो, नगरो व राजाओ आदि के नामो को सस्कृत मे ढालने का प्रयत्न करते हैं, उसी प्रकार जैन लिपिकार भी प्राय ग्र थो को जैन शैली मे लिखने का प्रयास करते देखे गये हैं। पुराने ग्र थो की तो वात ही छोडिये, वे अपेक्षाकृत नई रचनाओ के साथ भी यही व्यवहार करते हैं।

ऐसा करने मे साधारण तौर पर पाठको को रचनाओ के अधिक प्राचीन होने का भ्रम हो जाता हैं। मेरे सग्रह की 'वेलि' की प्रति का लिपिकार भी अक्षरो की वनावट आदि से जैन मालूम होता है, अत उसने भी प्रस्तुत ग्र थ मे अइ, अउ आदि रूप देने का प्रयास किया मालूम होता है। पर, उस समय काव्य मे ऐसे प्रयोग प्रचलित भी थे इससे इनकार नही किया जा सकता।

काव्य-सौन्दर्य

वेलिकार ने ग्र थ मे प्रधानत शृ गार, वीर और भक्ति का चित्रण किया है। कैलाश पर्वत के प्रसङ्ग मे कुछ प्रकृति-वर्णन भी किया गया

है। शायद इसी प्रसङ्ग को पढ़ कर 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' के लेखक डाक्टर हीरालाल माहेश्वरी ने उसे 'उत्कृष्ट कोटि की रचना प्रकृति का हृदयग्राही वर्णन शैलि परम्परा की अंतिम प्रौढ़ कृति' कह कर संबोधित किया है। वैसे प्रकृति-वर्णन परम्परागत और नाममात्र का ही है।

कवि को प्रस्तुत ग्रंथ की रचना में यदि किसी बात का श्रेय दिया जा सकता है तो वह विस्तृत शृङ्गार के वर्णन का ही है। इस वर्णन के दो प्रसंग काव्य में उपस्थित हुए हैं। दोनों ही सती तथा पार्वती से शिव के विवाह से संबंध रखते हैं। इस शृङ्गार-वर्णन में कवि ने जहाँ षोडस शृंगार की परम्परा का निर्वाह किया है वहीं कुछ नई उपमाओं और मौलिक उद्भावनाओं से उसे विशिष्टता भी प्रदान की है।

सती के रूप का वर्णन करता हुआ कवि कहता है कि निमिष-निमिष में उसके रूप की कान्ति इस प्रकार बढ़ रही थी मानो प्रभात में सूर्य धीरे धीरे उदित हो रहा हो। उसकी पलकनियाँ बीरबहूटी की तरह अविरल वर्णों की थीं। उसकी गौर जंघायें चित्रकार द्वारा चित्र में चित्रित स्वर्ण स्तम्भ की भांति सुशोभित थीं। उसके कुचाग्र अंधाकार देव-शिखरों की झलकती हुई नोक की तरह थे। उसके कोरे नए नख ऐसे प्रतीत होते थे मानो कुंदन में से कोर कर बनाये गए हों।

इसी प्रकार पार्वती का शृङ्गार वर्णन करते हुए भी कवि ने अनेक मौलिक कल्पनायें की हैं। पार्वती की पायल का स्वर इतना सुखद और गम्भीर था मानो भाद्रपद मास में समुद्र का गर्जन अथवा पर्वत-शिखर पर बादलों की विद्युत मिश्रित गरज हो। सिंहल द्वीप के हाथियों के दांतों से बनाया हुआ उसका अत्यंत हलका चूड़ा देखने पर ऐसा लगता था मानो मानसरोवर के हंस हों। उसके हाथों में कंगन ऐसा प्रतीत होता था मानों सूर्य के चारों ओर सूर्य चढ़ दिये गए हों तथा कंगन सहित उसका हाथ भी सुशोभित होता था मानों कमल के चारों ओर कुंदन के कंगूरे कर

दिये गये हो । रेशमी चोली से कसे हुए उसके उभरे हुए कुच मानो अमृत के पात्र थे जिन्हे प्रियतम के लिए भली भाति ढक कर रख छोडा था । हार के मोतियों पर हीरो की पक्ति इस प्रकार जडी हुई थी मानो गगा अपने उज्ज्वल जल को लेकर समुद्र मे मिल रही हो । कानो मे जवाहरो से जडे हुए कु डल ऐसे प्रतीत हुए मानो सूर्य के चारो ओर नक्षत्र जड दिये गए हो ।

स्त्री-सौन्दर्य और लालित्य के वर्णन मे कवि की क्षमता का परिचय देने वाला एक और स्थल भी है जहा उसने वडा मनमोहक दृश्य उपस्थित किया है । वर को देखने के लिए घरो की छतो पर चढी हुई पुरनारियो का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि वे सु दरिया ऐसी प्रतीत हुई मानो ज्वालानल को मथ कर यज्ञ की अग्नि-शिखायें निकाली गई हो । जो सु दरिया झरोखो मे से मु ँह निकाल कर देख रही थी वे गवाक्ष रूपी सरोवरो मे खिले कमलो की तरह लगती थी, जिन पर लोचनो रूपी भ्रमर वैठे हुए थे । अनेक काम छोड कर वे कुलवधुयें जब वरयात्रा को देखने दौडी तो आलक्तक से चित्रित उनके चरणो से घरो के आगनो मे सु दर चित्र चित्रित होगए । कई सु दरियाँ प्रियतम का सान्निध्य छोड कर, केलि-क्रीडा मे पकडी हुई अपनी वाह छुडा कर, एक हाथ से कटि-मेखला को सँभाले, शीघ्रतावश अलट-पलट कर चीर ओढती हुई और क्रीडा मे विखरे हुए आभरणो के कारण ध्वनिहीन गति से वर को देखने के लिए वासगृहो पर तेजी से चढी ।

इतना सूक्ष्म और सरस वर्णन एक वार तो उन महाकवियो का स्मरण करा देता है जिन्होने अत्यत उच्चकोटि के शृ गार-वर्णन से सस्कृत साहित्य को श्रीसम्पन्न किया है । ऐसे स्थलो को पढ कर ऐसा लगता है कि कवि लम्बे चौडे कथानक को इन चारसौ के लगभग छदो मे वाधने का प्रयत्न न कर शिव पार्वती के शृ गार का विशद वर्णन करता तो यह काव्य निश्चय ही एक अति उच्चकोटि की रचना कहलाता ।

शृंगार-वर्णन के दूसरे नंबर पर युद्ध-वर्णन के प्रसंग हैं। पर, इनमें कवि का मन रम नहीं पाया है। मध्ययुगीन कवि के संस्कारवश उसने परंपरागत वर्णन अवश्य कर दिया है पर उसमें कोई मौलिकता दिखाई नहीं देती। तलवारों से मुण्ड कट रहे हैं, धड़ पृथ्वी पर लोट रहे हैं रक्त की नदियाँ बह रही हैं योगिनियाँ खप्पर भर रही हैं और अप्सराएँ वीरों का वरण करने के लिए निरंतर नृत्य कर रही हैं। सिंधु राग बज रहा है, सारा ब्रह्माण्ड तथा सातों पाताल संकम्पित हो रहे हैं और शेष नाग भी काँप उठे हैं।

तुछ जल ज्यांही माछळा तड़फड़
भड़ तड़फड़ तिण विध भाराथ

अल्पजल मछलियों से आहत अथवा शक्तिहीन वीरों के धड़ों के तड़फने की तुलना तड़फने की क्रिया के साम्य तक तो ठीक है पर इससे वीरों के वीरत्व में वृद्धि नहीं होती। प्रायः परंपरागत युद्ध-वर्णन से ही कवि ने काम चलाया है। भाषा पर अच्छा अधिकार होने के कारण वह युद्धोचित शब्दावलि अवश्य जुटा पाया है, जिससे वर्णनान्तर्गत विषयान्तर का तुरंत आभास हो जाता है। शिव के गण वीरभद्र का भयंकर युद्ध कवि के लिए अपना कौशल दिखाने का बड़ा प्रभावोत्पादक स्थल हो सकता था पर ऐसा वर्णन उनकी रुचि से मेल खाता प्रतीत नहीं होता।

युद्ध वर्णन की ही तरह भक्ति-वर्णन का हाल है। अपने इष्ट देव के प्रति भरपूर श्रद्धा रखते हुए भी वह इस विषय का भी कोई विशिष्ट वर्णन नहीं कर पाया। गोपीश्वर शिव की प्रशंसा में कही गई सैकड़ों पुराणावलियों में से कुछ का उल्लेख ही वह कर सका है। प्रारम्भ के तैंतीस छंदों के अतिरिक्त अन्य अनेक स्थलों पर भी शिव के प्रति अपनी स्वाभाविक श्रद्धा का परिचय देने के लिए कवि ने उनके गुणों का बखान किया है, पर उनसे उनके इष्टदेव के प्रति पाठक को कोई विशेष आकर्षण नहीं प्रतीत होता।

उपर्युक्त के अतिरिक्त प्रकृति-वर्णन तथा सामान्य शोभा व उत्साह आदि के वर्णन भी कवि ने किये हैं, जिनमे उसे अपेक्षाकृत अधिक सफलता मिली है। शिव की वारात के समय नदी का शृंगार, वारात का प्रस्थान, कैलाश पर्वत की शोभा, नदी, नालो और वृक्षो का सौन्दर्य—इन सब मे उसका मन उलझता रहा है। इसमे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वेलि का कवि जीवन के ललित पक्ष मे जीने वाला था। क्रिसन रुकमरणी री वेलि के लेखक की स्पर्धा करने का प्रयत्न उसने किया अवश्य, पर वह उन ऊचाइयो तक पहुँच नही पाया। उसका मन वाहरी रूप-शृंगार और साज-सज्जा पर ही मँडरा कर रह गया है। काव्य के पात्रो की आत्मा मे उतर कर गहराइयो मे टटोलने का प्रयत्न उसने नही किया।

उपसंहार

इस भूमिका का उपसहार करते हुए मैं यह अनुभव कर रहा हूँ कि मैं इस सपादन मे अपेक्षित श्रम नही कर पाया हूँ। श्रम के अभाव मे इस प्रकार के ग्र थो के साथ पूरा न्याय कर सकना दुष्कर है। पर, आज की भागदौड के जमाने मे उस श्रम का अवकाश कव मिल पाये या नही, इसी विचार से जो कुछ वन पडा प्रस्तुत कर दिया है। इमसे और कुछ नही तो एक उपकार तो अवश्य होने की सभावना है। जिन विद्वानो को इस विषय का अधिक ज्ञान है, और जो साधिकार कुछ विशिष्ट सूचना देने की स्थिति मे हैं, वे मेरी गलतियो को सुधार सकेंगे और मुझ से न बन सकने वाला कार्य पूरा कर सकेंगे।

ग्र थ के मुद्रण मे अनेक अशुद्धियाँ भी रह गई हैं, जिन्हें भी इस समय न सुधार कर किसी अगले सस्करण मे पाठ-शुद्धि के साथ ही सुधारने का विचार करके ज्यो का त्यो छोड दिया है। प्राचीन ग्र थो के सपादन का कार्य वडी शाति, श्रम और साधनो की अपेक्षा रखता है, जिनके जुटने से ही यथेष्ट कार्य सम्पन्न हो सकता है।

मीरा मार्ग, बनी पार्क
जयपुर

—रावत सारस्वत

महादेव पारवती री वेलि

महादेव पारवती री वेलि

परमेसर सरसतो परमगुरु,
करा प्रणाम सजोडि कर ।
दीनदयाल दया दाखीजइ,
हेत घणइ गाइजइ हरि ॥ १ ॥

परमेश्वर, सरस्वती और बड़े गुरू (शिव) को हाथ जोड़ कर प्रणाम करे । दीनदयाल (शिव) की दया का बखान किया जाय । अधिक हेत से हर (शिव) का गायन किया जाय ।

सिव सकति तणी (ताइ) वेलि वर्णविसु,
सफळ जनम करिवा ससार ।
बावन अख्यर तणी जड बाधी,
वसुधा अचळ हुवउ विस्तार ॥ २ ॥

ससार मे जन्म सफल करने के लिए शिव और शक्ति की 'वेलि' (वेलियो छद मे लिखित काव्य) का वर्णन करू गा । जिन्होंने (शिव-शक्ति ने) बावन अक्षरों (वर्णमाला) की जड़ बाधी, पृथ्वी पर जो (बावन अक्षर) अचल होकर विस्तार को प्राप्त हुए । (अथवा-इस वेलि की जड बावन अक्षरों से बाधी है । पृथ्वी पर यह अचल होकर विस्तृत हो ।)

हरि कहइ जिके करि भाय घणइ हित
घासां तियां तणउ हू दास ।
वरणविजइ ईसर वरदायक
आसा वधण पूरवण हास ॥ ३ ॥

जो भावपूर्वक बड़े प्रेम से हर (शिव) का नाम लेते हैं उनका मैं दासानुदास हूं। (अब) आशाओं को बढ़ाने वाले और पूरी करने वाले वरदाता ईश्वर (शिव) का वर्णन किया जाय।

धरणीधर शंकर देव धियावउ
जोतिप्रकाश अलोप जग ।
मस्तक मुगट प्रकाश मांडियउ
अनत कोट ब्रहमंड लग ॥ ४ ॥

धरती को धारण करने वाले शंकर देव का ध्यान करो जिनकी ज्योति का प्रकाश संसार में अलुप्त रहता है (सदैव प्रकाश मान है।) जिनके मस्तक पर प्रकाश का मुकुट अनंत कोटि ब्रह्मांडों तक सुशोभित है।

जग पुढि(ताइ)जइ रउ नाम जपतां,
आंवण जांण नहीं भय भ्रत ।
नितकउ हुवइ जोग नउ नवलउ
घणा जुग वउळिया अनत ॥ ५ ॥

पृथ्वीतल पर जिसका नाम जपते रहने से सांसारिक आवागमन से छुटकारा मिलता है अनेक अनंत युग बीत जाने पर भी जिसका योग (चमत्कार महत्व) नित्य नवनवीन होता है।

आसति गति नाथ अजोणी अधिकी,
खसतो घणा दईता खाइ ।
बाली वेस कछोटइ बाधइ,
जुग जावइ तउहि दिन न जाइ ॥ ६ ॥

हे अयोनि ! (उत्पत्तिरहित) स्वामी, तुम्हारी शक्ति और गति बहुत अधिक है। तुम युद्ध करते हुए बहुत से दैत्यों का नाश करते हो। तुम्हारी उम्र छोटी है और लगोटी बाधते हो। युग बीत जाते हैं फिर भी तुम्हारा एक दिन भी नहीं बीतता।

आखइ तो पिता नही ईसर,
पुणइ अनेरी तूझ परि ।
रमाडियउ न रग भरि रामा,
धवराडियउ न गोद धरि ॥ ७ ॥

हे ईश्वर (शिव)! कहते हैं तुम्हारा कोई पिता नहीं है। अनेक भाति से तुम्हारा बखान किया जाता है। (किसी भी) स्त्री ने तुम्हें प्रेमपूर्वक (पुत्रवत्) नहीं खिलाया (और) न गोद में बिठा कर दुलराया ही।

उतपति कूण लहइ तो ईसर,
ए मानविया हुवइ अचभ ।
आद अनाद तणउ त् आछइ,
सभवनाथ नीसरइ सभ ॥ ८ ॥

हे ईश्वर, तुम्हारी उत्पत्ति (का भेद) कौन जाने ! मानवों के लिए यह आश्चर्य (का विषय) है। आदि-अनादि काल से तुम विद्यमान हो। हे सृष्टि के स्वामी (तुम्हीं से सारी) सृष्टि उत्पन्न हुई है।

तूं उपजइ न खपइ नहु भाइस
कुळ न कहइ कहियइ उकळीणए ।
मीनउ नादि विनोद महामढि
वृषभ चढइ वइ धावइ वीणए ॥ ९ ॥

हे भाइस (योगी) ! तुम न तो पैदा होते हो और न मरते हो। (तुम्हारा कोई) कुल नहीं कहा जाता (तुम) अकुलीन बताये जाते हो। हे महान् योद्धा ! विनोद के नाद में भीने हुए (मौज-मस्ती में रंगे हुए तुम) बैल पर चढ़े हुए भी वीणा बजाते रहते हो।

अधिकी छत्र अधिकी साइ आसत
वाचासूर न चूकइ वाच ।
सीह धमल वे चरइ सामठा
साचा देव तुहारइ साच ॥१०॥

तुम्हारी महिमा (प्रताप) अधिक है तुम्हारी शक्ति (करामात) अधिक है। हे वचन-शूर ! (वचन को पूरा करने वाले) तुम्हारा वचन कभी झूठा नहीं होता। हे सच्चे देवता तुम्हारे सत्य के बल से सिंह और बैल दोनों एकत्र विचरण करते हैं।

पग ऊमल विषइ पदम विराजइ
आंगमियां पाखडी अतूप ।
आयस नको नको जनमिस्यइ
रुद्र पा पार लहइ तउ रूप ॥११॥

तुम्हारे पवित्र पगों में कमल शोभायमान है और अंगुलियाँ (उस कमल की) अनुपम पंखुड़ियाँ हैं। रुद्र (शिव) के रूप का जो पार पा सके ऐसा न तो कोई जन्मा है और न जन्म लेगा ही।

एकीकइ रोम ऊपरइ ईसर,
माडिया कोट अनत ब्रहमड ।
सायर सात दिपइ परिदक्षिण,
डबर चा अबर धजडड ॥१२॥

हे ईश्वर! तुम्हारे एक-एक रोम पर अनत कोटि ब्रह्माण्ड शोभायमान है (अथवा–टिके हुए हैं)। सातों समुद्र तुम्हारे चारों ओर दीप्त हैं। तुम्हारे माहात्म्य का ध्वज-दड आकाश से लगा है।

बीजा सुर खपइ ऊपजइ बाझइ,
धुरा लगइ अवचळ अवधूत ।
चाढइ ब्रह्म तणी चाचर री,
बीजी चाढइ नही बभूत ॥१३॥

दूसरे देवता उत्पन्न होते हैं, वृद्धि को प्रप्त होते हैं और नष्ट होते हैं, पर योगी (शिव) सृष्टि के अत तक अविचल ही रहते हैं। (वे) श्मसान की राख ही (अगों पर) लगाते हैं, दूसरी कोई राख नहीं लगाते।

उडियाणी कसी मेखळी ऊपरि,
काख अधारी डड कर ।
भल दीसइ फाबियउ विसभर,
सिहरा छायउ मानसर ॥१४॥

'उड्डीयान' आसन लगाये हुए, मेखली (चोगा) पहिने हुए, बगल में अधारी (योगियों द्वारा रखी जाने वाली टिकटी) और हाथ मे डडा लिए हुए विश्वभर (शिव) (कैलाश के) शिखरों पर मानसरोवर के पास सुशोभित दिखाई देते हैं।

सींगी ताइ षठ एहवी सोहद,
झिमळ विप्र जोवतां निगेम ।
साळह् ताइ सात सावन मई
पइरोजइ जडिया कर प्रेम ॥१५॥

वेदाध्ययन करने वाले ब्राह्मण की तरह पवित्र (उनके) कण्ठ में सिंगी इस प्रकार शोभायमान है (मानो) सोलह दाम विप गए (अत्यंत उज्ज्वल) सोने में प्रेमपूर्वक (कुशलतापूर्वक) फीरोजा (रत्न विशेष) जड़ दिया गया हो ।

भरिया घा सूर भयंकर भारथ
करता पुरुष प्रणाम करइ ।
उर ईसवर सगइ ताइ ऊपर
रंडमाळ झिलती रहइ ॥१६॥

भयंकर रूप से भिड़ने वाले युद्ध में लड़ने वाले वीर पुरुष (जिन्हें) प्रणाम करते हैं उन ईश्वर (शिव) के वक्षस्थल पर मुण्डमाल सुशोभित है ।

वासिग रउ कांठलउ विराजइ
सहस करइ फुण गिलण सति ।
जग बारां भावीतां जिसडौ
तेज तपइ मुणि सावरति ॥१७॥

वासुकि (नाग) कण्ठहार (रूप में) विराजमान है (जो) सहस्र फनों से सच्ची स्तुति कर रहा है । बारह आदित्यों के तुल्य उनका तेज जगत में प्रकाशित है ।

मणारभ मथे काढियउ माहव,
जहर इतउ किण बीजइ जरइ ।
ईसर तो सरणइ ऊवरजइ,
तिण वेळा समरीयउ तरइ ॥१८॥

समुद्रमन्थन कर के माधव द्वारा निकाले गए इतने विष को दूसरा और कौन पचा सकता था ? तब, ऐसे समय मे, तुम्हारा स्मरण करके, तुम्हारी शरण मे जाने पर ही उद्धार हुआ। (अथवा–ऐसे (सकट के) समय स्मरण करने वाले का उद्धार हो जाता है।)

थरहरिया भुवण त्रिण्हे विथका भडि,
धरजइ वृष सोई नही धर ।
ईसर तो सरणइ ऊवरिजइ,
हरिसकर समरीयो हर ॥१९॥

तीनों भुवन कॉप उठे, (समुद्रमन्थन करने वाले) वीर चकित हुए (हार मान गए, दुखी हो गए), विष (तरल रूप में) तीव्रता के कारण) उफन रहा है, जिसे धारण करने वाला कोई नहीं, (अथवा थके हुए वीर भी काप रहे हैं, विष को धारण करे ऐसा कोई नहीं) । (ऐसे समय) विष्णु ने शिव का स्मरण किया। हे ईश्वर ! तुम्हारी शरण में जाने पर ही उद्धार हुआ।

पाताळ अनइ (अ) मृतलोक आदीपुरि,
हेकाहेक मनइ सह हार ।
वृषधारी आखियउ विसभर,
दसमउ वृष राखियउ दुवार ॥२०॥

पाताल, मृत्युलोक और स्वर्ग सभी ने एक-एक कर के हार मान ली। विश्वभर (शिव) को ही विष धारण करने मे समर्थ कहा गया। (उन्होंने ही) दशवें द्वार मे विष को धारण करके रखा।

वळिहारी सूभ्ह तरणइ बहुनामी,
महि पालिग ताइ अचळ महि ।
थोक सवळ टाळियउ विसभरि,
सुर नर सुख भोगवइ सहि ॥२१॥

हे स्यातनामा ! तुम्हारी बलिहारी है। तुम पृथ्वी का पालन करने वाले हो और तुम्हारा नाम पृथ्वी पर अचल है। हे विसम्भर ! तुमने सब विपमताओं (दुःखों) को दूर कर दिया है। सुर और नर सभी (तुम्हारी कृपा से) सुख भाग रहे हैं।

कास्मीरी बिन्दु विराजइ कांने
साधां विचइ रहियइ सिंदूर ।
चढती मउज रसण पिण चढती
सेहरां विचइ उगतउ सूर ॥२२॥

तुम्हारे दोनों कानों में काश्मीरी मुद्रायें शोभायमान हैं और (शरीर के) संधिस्थलों में सिंदूर (का लेप किया हुआ) है। तुम अपनी मौज में आनंदमग्न हो कर (अथवा-जिस प्रकार मूं ज का यज्ञोपवीत पहिनते हो उसी प्रकार मूं ज की ही मेखला पहिन कर) पर्वत शिखरों में से उदित होते हुए सूर्य की तरह (शोभित होते) हो।

कैलास तरणइ सिहर तू कहिजइ
जाग ध्यांन रहो आगिद ।
भ्रू हु कवांरण जेहुवी भरिणयइ
थावर तिलक विराजइ चंद ॥२३॥

हे योगीन्द्र ! कैलाश पर्वत के शिखर पर तुम योग में ध्यान मग्न बताये जाते हो। तुम्हारी भौंहें कमान की भांति कही जाती हैं और तुम्हारे ललाट पर चन्द्रमा तिलक रूप में विराजमान है।

राजा जग सगर नामना राखण,
जिगन करण इसमेद जग ।
अस मेल्हियउ करे ताइ आरभ,
सर्ग नइ मृत्य पाताळ लग ॥२४॥

राजा सगर ने ससार मे नाम करने के लिए, अश्वमेध यज्ञ करने के लक्ष्य से यज्ञारम्भ करके (यज्ञ के) अश्व को स्वर्ग, पाताल तथा मृत्युलोक पर्यन्त भेजा ।

भमिया मृत्य लोक भुमण पिण भमियउ,
साठ हजार लिजइ भड साथि ।
राजा सगर तणउ ताइ रेवत,
वहु सबदइ कुण वाधइ घाति ॥२५॥

साठ हजार योद्धाओं के साथ चलता हुआ राजा सगर का वह घोड़ा मृत्युलोक सहित तीनों भुवनों मे घूमा । उस आफत को वाध कर बहुतों से कौन विवाद करे !

साभण पायाळ गयउ अस्व समहरि,
वाका भड पाखती वहइ ।
इद्र गयउ व्रह्मादिक आगइ,
कोई तेण उपाव कहइ ॥२६॥

युद्ध की चुनौती देता हुआ वह अश्व पाताल को जीतने के लिए गया । वाके वीर उसके पार्श्व मे चल रहे थे । (यह देख कर) इन्द्र ब्रह्मादिक देवताओं के पास गया (और कहा कि) इसका कोई उपाय बताओ ।

तिग मात वदइ भ्रन्य बीजा भूपति,
　　मति ही गति दाखवइ मसख ।
ए ब्रह्माव उपाव भ्रासियउ
　　रिख तीरह बाधउ रँवत ॥२७॥

दूसरे सभी राजाओं को बमन मात दे दी है उसकी गति अत्यंत तीव्र कही जाती है। (यह सुन कर) ब्रह्मा ने यह उपाय बताया कि (उस) घोड़ को ऋषि के पास (लजा कर) बांध दो।

ग्रीषम सरस लगावउ ताळी
　　एकण ध्यान रहउ पग एक ।
रहण इसा जोगेंद्र रहंता
　　माछी जुग वउळिया भ्रनेक ॥२८॥

एक पैर पर खड़े होकर ध्यानावस्थित हो त्रिविक्रम (भगवान) से समाधि लगाने वाले योगिराज (कपिल मुनि) को इस प्रकार उत्तम जीवन बिताते हुए अनेक युग बीत गए।

बीहतइ इद्र कपिल रइ भ्रस बाधउ
　　भ्रतर भ्राप रह्यो भ्रह् भ्रोट ।
छोडमा सह भ्राविया छघाहा
　　कळहण जिके सार रा कोट ॥२९॥

इन्द्र ने डरते-डरते कपिल मुनि के पास अश्व को बांध दिया और स्वयं आट लेकर छिपा रहा। उसे छुड़ाने के लिए उत्पन्न योद्धा क्रोधित हो कर आये।

बाधउ रिख, तिया उपराठा बाहा,
ताळी छूट गयउ ततकाळ ।
एकण घाव विवइ अहकारी,
लख हाथळ वाहइ लकाळ ॥३०॥

उन्होंने ऋषि को पीछे की ओर भुजाये कर के बाध दिया, (जिससे) तत्काल ही उनकी समाधि छूट गई। (ऋषि को) अहकारी जान कर योद्धा एक साथ ही दोनों हाथों से लाखों वार करने लगे। (अथवा अहकारी योद्धा एक साथ ही दोनों हाथों से लाखों प्रहार करने लगे।)

तामस रिख करे बाधियउ तरकस,
छोडिया अगनि तणा दळ छेडि ।
एकण सबद बाळिया अतत रा,
जोई नही काइ अवर जेडि ॥३१॥

ऋषि ने क्रोधित हो कर उग्ररूप धारण किया (और क्रोधित नेत्रों से) प्रज्वलित ज्वालायें छोडीं। (श्राप के) एक ही शब्द से (उन्होंने) अत्याचारियों को भस्म कर डाला। इस (कार्य) की तुलना (ससार में) और कहीं नहीं दिखाई दी।

रहियउ ताइ जगन सगर राजा रउ,
कीयउ तरइ इद्र जीव करार ।
अइ तीजी पीढी ऊधरस्यइ,
वडे रिखे आखियउ विचार ॥३२॥

राजा सगर का वह यज्ञ (अपूर्ण) रह गया। तब इन्द्र ने हृदय में दृढता धारण की। वडे ऋषि ने विचार कर कहा कि तीसरी पीढी में इनका उद्धार होगा।

तीजी पीढी हुयउ तियां रइ
वंश अधार धात मेरवड ।
ग्रहिया चरण तियइ गंगा रा
भागीरथ जग महाभड ॥३३॥

उनकी तीसरी पीढी में वंश का आधार सुमेरु से भी अधिक ख्याति वाला जगप्रसिद्ध महान योद्धा भागीरथ हुआ जिसने गंगा के चरण पकड़े।

कितरा दिन लगइ चाकरी कीधी
एकण ध्यान रह्यो एकांत ।
दीठउ साच तरइ वर दीन्हउ
भरम दिमायउ उभय भांत ॥३४॥

एकांत स्थान में एकचित्त हो कर कितने ही दिनों तक (उसने) सेवा की। (उसकी सेवा) सच्ची देख कर (गंगा ने) वर दिया। दोनों प्रकार से उसका भ्रम दूर किया।

भागीरथ गंग प्रसन हुइ भणियउ
वायक एह विध सरस विचार ।
आराधरे हिमद्सुर इसडउ
धर पुड ग्रहइ पडती धार ॥३५॥

गंगा ने प्रसन्न होकर इस प्रकार विचारपूर्ण सरस वचन भागीरथ से कहा—अरे हिमेश्वर की ऐसी आराधना कर कि (वे) पृथ्वी तल पर पड़ती हुई (मेरी) धारा को ग्रहण करें।

भागीरथ कहइ मात ताइ साभळि,
वळ असडउ किरण अछइ वियड ।
आराधनइ जिको सुर आणू,
देवो तइ आगिया दियइ ॥३६॥

भागीरथ ने कहा, हे माता ! ऐसा वल दूसरे किस मे है, वह मुझे वताओ । किस देवता की आराधना करके उसे लाऊ, हे देवी, वह आज्ञा मुझे दो ।

भागीरथ भजि रे भोळी चक्रवर्त्त,
आगा लगइ जोवता अथाह ।
सकर देव पखउ कुण साहइ,
पडती गगा तरणा प्रवाह ॥३७॥

अरे भागीरथ ! भोले नाथ (शिव) का भजन कर । ठेठ से ही उनकी शक्ति अथाह रही है । शकर देव के विना पडती हुई गंगा के प्रवाह को दूसरा कौन रोक सकता है ?

पहतउ किलास तरणइ जाइ परबत,
माता कन्हा आगिया माग ।
तप पिरण ऊहिज ऊहिज तीरथ,
जगत सधाररण ऊहिज जाग ॥३८॥

माता (गगा) से आज्ञा पाकर (भागीरथ) कैलाश पर्वत पर जा पहुँचा । वही उसका तप, वही तीर्थ और वही ससार से उद्धार करने वाला यज्ञ वन गया ।

तपिया तप बारह बरस लग तिण
निर आहार रहाउ विण नीर ।
भखियउ पवन गुफा रहि भीतर
मत साहस जोवतां सधीर ॥३९॥

निराहार और निर्जल रह कर वहाँ (भागीरथ ने) बारह वर्ष तक तप किया। गुफा के भीतर रह कर (उसने) पवन भक्षण किया। (उसका) सत, साहस और धैर्य देखते ही बना।

सुप्रसन हुया तियह तप संकर
रे मानवी वछइ सोइ माग ।
इसरउ फळ जही नू न हुवइ,
जग पुड सहस करइ जे ज्याग ॥४०॥

शंकर उसकी तपस्या से प्रसन्न हुए (और बोले)—रे मानवी जो चाहते हो सो मांगो। पृथ्वीतल पर सहस्र यज्ञ करने वाले को भी इतना फल नहीं मिल सकता।

भागीरथ कहइ भ जोनीसभवि
महा महा जग विरद वहुउ ।
कुळ माहरइ सधारण कवळा
गंगाजी आवती ग्रहउ ॥४१॥

भागीरथ ने कहा—हे अयोनिसम्भव आप संसार में बड़े-बड़े विरुद धारण करने वाले हो। हे कोमल मेरे कुल की रक्षा करने के लिए आती हुई गंगा को (आप) ग्रहण करें।

माडिया उतवंग जियइ द्रू माथइ,
नाम जपता एक निमंख ।
सकर देव पखउ कुण साहइ,
पडती गगा तणा झट पख ॥४२॥

जिसने, एक निमिष मात्र नाम जपने से, पर्वत शिखर पर अपना सिर माड दिया, उस शकर देव के बिना पड़ती हुई गगा के तीव्र प्रवाह को कौन सहन करे ?

पउढिया पान प्रियाग तणइ प्रभु,
कोली यतरउ रूप कर ।
जुग केते एके जागविया,
धुरा समाया ध्यान धर ॥४३॥

भगवान प्रयाग के (अक्षय वट के) पत्र पर शिशु रूप धारण कर सो गए और ध्यान धर कर समाधिस्थ हो अनेक युगों के बाद जगे ।

कमळनाभ तिण वार प्रगटकर,
करिवा ब्रह्मा प्रगट कियउ ।
बोलाई आपणी बराबरि,
दहुनामी सिर हाथ दियउ ॥४४॥

उस समय कमलनाभि (भगवान विष्णु) ने सृष्टि उत्पन्न करने के लिए ब्रह्मा को उत्पन्न किया, और अपने पास बुला कर अनत ख्याति वाले (भगवान) ने उनके सिर पर हाथ रखा (अर्थात आशीर्वाद दिया) ।

दहुणाइ कर छीप प्रगट राआविक
ब्रह्मा आगा तै कीध विचार ।
ईसर तू जगदीस तणउ अंस
सहु ब्रह्मं माँडियउ ससार ॥४५॥

ब्रह्मा ने अनेक दाहिने हाथ से राआदिकों को उत्पन्न किया। उन्होंने ब्रह्मा के आगे (इस प्रकार) विचार व्यक्त किया—हे श्रेष्ठ देव! तुम (स्वयं) जगदीश (भगवान) के अंश हो। हे ब्रह्म! यह सारा संसार (तुम्हारा ही) रचा हुआ है।

वरदान हुयउ दिस तू देवां रउ,
आप सहू लेती अवतार ।
बाजीगर जिम रूप मांधियउ
सहु रामत देखण ससार ॥४६॥

(राजा) दक्ष को देवताओं का वरदान हुआ कि स्वयं सभी (?) (तुम्हारे यहाँ) अवतार लेंगी। संसार को तमाशा दिखाने के लिए (उन्होंने) बाजीगर के समान रूप धारण किया है।

पूरब दस नयर प्रभापुर
नव दीपां धा नमइ नरेस ।
असुरां सुरां पनगपति नरपति
दिस राधा दीपइ दहू देस ॥४७॥

पूर्व देश (या दिशा) में प्रभापुर नामक नगर में राजा दक्ष दशों दिशाओं में दीप्त है। नवों द्वीपों के असुरों, सुरों, नागों और मनुष्यों के राजा (उनके सामने) नतमस्तक होते हैं।

तइ दिख राजा तणइ साठ ताय पुत्री,
साठ हजार कुंवर सिरदार ।
नव खड रा भूपाळ नमइ जिण,
परग्रह लहइ तियइ कुण पार ॥४८॥

उस दक्ष राजा के साठ पुत्रिया और साठ हजार श्रेष्ठ कुमार हैं । नवो खण्डों के राजा जिसके सामने नतमस्तक होते हैं, उसके परिवार (कुटुम्ब) का पार कौन पा सकता है ?

ग्रभवास नही दस मास तणइ ग्रभ,
वात अचंभ जउ लहइ विचार ।
एकण दिन दस पळां अतरइ,
गउरी तणउ हुयउ अवतार ॥४९॥

एक अचभे की वात का विचार करो । दस मास तक गर्भ में वास न कर के, एक ही दिन मे दस पलों के बाद गौरी का अवतार (जन्म) हुआ ।

उछाह करइ मावीत्र अनोपम,
चढइ नही के बीजा चीत ।
आदिआ सकत तणी गति असडी,
ऊगो ग्रहा विचइ आदीत ॥५०॥

माता-पिता अनुपम प्यार करने लगे । कोई भी दूसरी संतान (तुलना में) उनके चित्त को नहीं भाती । आद्या शक्ति का प्रताप ऐसा हुआ मानों ग्रहों मे सूर्य उदय हो गया हो ।

मांनव मको मको साइ मएाधंर
ममरा सरा प्रनेरा भेव ।
इसड़उ रूप प्रनूप प्रासिमइ,
देवांगना न कोई देव ॥५१॥

उसका रूप इतना कहा गया कि न कोई मानव न कोई नाग, न कोई देवाङ्गना न कोई देव और न संसार के दूसरे अनेक जीव ही (उसकी समता कर सके)।

वाधे पउ प्रधिक तेज तनु वाधइ
बाळक तरा कोमता बय ।
दिन दिन भई प्रंतरा देवी
वरस मास रा किसा निबध ॥५२॥

(उसकी) बाल्यावस्था को देखते हुए (उसका) शरीर अधिक वृद्धि को प्राप्त होने लगा और शरीर की कान्ति भी अधिक बढ़ने लगी। वह देवी, वर्ष और मास के बंधनों को (न स्वीकार कर) एक-एक दिन में ही (आयु के) अंतर को प्राप्त करने लगी (अर्थात् बढ़ने लगी)।

ऐकीकइ निमख तेज तनु प्रधिकउ
भांरा ऊगतउ प्रभात ।
कमळ साम मत राजकुमारी
गोरी कमळ सरीसइ गात ॥५३॥

एक एक निमिष में ही उसके तन का तेज बढ़ने लगा, मानो प्रभात का सूर्य उदय हो रहा हो। कमल के समान (कोमल) गात्र वाली (वह) राजकुमारी कमल से भी अधिक गौरवर्ण की (हुई)।

पख एकरा त्रिचइ हुई वर प्रापत,
राजकुमार अनोपम राज ।
सायर विचइ पनग वइस वळि,
जोवरा चा छोडिया जिहाज ॥५४॥

एक पखवाड़े में ही (वह) वर प्राप्त करने योग्य हो गई। राजा ने (उसके लिए) समुद्रवर्ती तथा नाग लोक के अनुपम राजकुमारों को देखने हेतु जहाज छोडे (रवाना किए)।

जाळ घर तराइ गर्भ ताइ जेहवी,
वचन सकोमल अधिक वखारा ।
वदन तरगी छिव कळा जोवता,
भयचक हुवइ दुवादस भारा ॥५५॥

जलोत्पन्न पदार्थ के गर्भ में जैसी कोमलता कही जाती है उससे भी अधिक कोमल वह थी। उसके शरीर की छवि का प्रकाश देख कर बारहों सूर्य भयत्रस्त हो गए।

माडिया सरोज भयग चइ माथइ,
हरणाखी चित लावन हरि ।
अतिरगता विराजइ ऊपर,
पगथळिया मीमलइ परि ॥५६॥

चित्त को हरने वाली (उस) हरिणाक्षी ने पृथ्वीतल पर अपने कमल सदृश चरण रखे, तो वीरवहूटी के समान (लाल और कोमल) उसके पदतलों के ऊपरी भाग मे प्रगाढ लालिमा शोभायमान हुई। -

सुररांणी चरणी ताइ सोभा
सवर्ता अधिक प्रोपमा तिरण ।
खुडिया ऊमरि जांणि सांभियां
मिणधर राजा तणी मिण ॥५७॥

उसके चरणों की शोभा का बखान करें तो वह सुररानी (शची) की उपमा से भी अधिक (ठहरती है)। उसके पैरों पर नख ऐसे प्रतीत होते थे मानो नागराज की मणि हों।

पींडियां तणी प्रोपमा पुणतां
प्रति नाळी जोवतां अनूप ।
मछि ताइ मई महोदधि माहे
रहिया थरक थायकवा रूप ॥५८॥

पींडियों की उपमा कहें तो (उसकी) नलियां अत्यंत अनुपम दिखाई देती थीं। और उनके अन्दर मच्छियां-मांस पेशियां—(ऐसी सुशोभित होती थीं) मानों उन्हीं का रूप प्राप्त करने के लिए महोदधि की मछलियां थिरक कर रह गई हों (अथवा—उनके अन्दर मच्छियां इस प्रकार थिरक रही थीं मानो महोदधि में उन्हीं के रूप वाली मछलियां हों)।

अघस्थल युगम केलिग्रम जिसडा
गति जोवतां जिसा गजखड ।
चितसाळी रचतइ चीतारइ
कु नरण तणा मांडिया कु भ ॥५९॥

(उसकी) दोनों जंघायें कदली वृक्ष के गाम के समान (चिकनी और सुडौल) थीं। (उसकी) चाल हाथी की चाल के सदृश दिखाई देती थी। (ऐसा प्रतीत होता था मानो) चित्रशाला की रचना करते समय चित्रकार ने कुन्दन (स्वर्ण) के खम्भ चित्रित किये हों।

कडि लक तिसी उपमा कहता,
पोरस तणी बाधियइ पाळ ।
सादूळउ कुंजर घड सामुहउ,
अणभख लियइ करतो आळ ॥६०॥

(उसकी) कटि इतनी क्षीण थी जैसे पौरुष की पाल बांध दी हो। (उसकी) उपमा (यों) कह सकते हैं (मानों) हाथियों की सेना (कुच युगल) के सामने, दूसरा भक्ष्य न लेने की प्रतिज्ञा किए हुए, सिंह (अपने शिकार से) छेड कर रहा हो।

आरीसइ जाहि जोवता आगळ,
चिहुर पूठ तइ दीसइ चीर ।
पइता कवळ देखजइ परगट,
नाभ कमळ ऊतरउ नीर ॥६१॥

(उसका) मुखाग्र दर्पण की तरह दिखाई देता था (और) बालों के पीछे तक (जाने वाली माग) (दर्पण की) चीर की तरह दिखती थी। (उसके) मुख का (पिया हुआ) जल नाभि-कमल तक उतरता हुआ स्पष्ट दिखाई देता था।(?)

नाळी ताइ नाभ निरखता,
घणू स ऊजळ ऊपर घणउ ।
चकवा रइ बचइ ज्युं चुगती,
तत छाडियउ कुमोद तणउ ॥६२॥

नाभि तक पहुँचने वाली (उसकी) कण्ठ नाली को देखने पर (वह) अत्यत उज्ज्वल (पारदर्शी दिखाई देती) थी। (उसकी क्षीणता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता था मानों) चक्रवाक के शिशु ने चुगते-चुगते कुमुदिनी का तंतु छोड दिया हो।

म्रांकुस मदन मा तन ऊपड़िया,
घट महिमा पोयतां घणी ।
देवल जांहि सिखर रा देवल
ईंडा रा झलकिया अणी ॥६३॥

(उसके) शरीर पर मदन (कामदेव) के अंकुरा उभर आये। (उनकी) महिमा घट (घड़े) से भी अधिक दिखाई दी (अथवा घन से उसके शरीर की महिमा अधिक प्रतीत हुई)। देवालय के शिखर की तरह उसका वक्ष स्थल (और शिखर स्थित गोलाकार) अण्डों की नोक की तरह (कुचों के) अग्र भाग झलकते थे।

भुज च्यारे रूप बिराजइ भारी
घरहरसी घुळती घण घाव ।
हेमाचळ गिरवर रा सेहर,
वर्सत तणी रुत हुई बणाव ॥६४॥

अनेक कठिनाइयाँ सह कर तपस्या करती हुई (वह) चार भुजा रूप में खूब शोभित है। हिमालय पर्वत के शिखर पर बसंत ऋतु का शृंगार हो गया है। (?)

पोहण रा पान तिसा कर पुणह
नाळी जिम भांगळी निरेह ।
रूप अनूप विचाळइ रेखा
दिणियर जांहि ऊजळी देह ॥६५॥

कमल पत्र की भाँति उसकी हथेलियाँ ऐसी लगीं। (हथेली के) बीच की रेखायें अनुपम रूप युक्त हैं। (उसका) शरीर सूर्य की तरह प्रकाशमान है।

वइरागर पुणग पइरवा ऊपर,
, लहइ जिके ताइ सवा लख ।
कुदण रइ दळ महा काढिया,
नहरणिया कोरण नइ नख ॥६६॥

अगुलियों के पोरों पर नहरनियों से कोर कर सँवारे हुए (उसके) नख वैरागर की खान में मिलने वाले सवा-सवा लाख के (मोल वाले) रत्न खण्डों (की भाति थे) जो स्वर्ण के दल में से सँघारे हुए (प्रतीत होते) थे।

नाळी ताइ कठ तणी निरखता,
रची अचभ परजापति राव ।
विगताहीण रेखता वणाई,
घण अहिरण अणलागइ घाव ॥६७॥

उसकी कंठ नाली देखते हुए ब्रह्मा ने (उसे) आश्चर्यजनक बनाया। हथौड़े से अहिरन पर चोट लगाये बिना ही उसे रेखा के समान (पतली तथा) अभूतपूर्व बनाई।

अति सु दर कवळ माडिया ऊपर,
सोभा अति पामइ सादीत ।
चदवदनी मुख दिसउ चाहता,
ऊगा किरि बारह आदीत ॥६८॥

(उस) चन्द्रमुखी के मुह की ओर देखने पर (ऐसा प्रतीत होता था मानों) बारहों सूर्य (एक साथ) उग आये हों। उस पर अतिसुन्दर कमल (नेत्र) चित्रित किये हुए थे, जो विकसित होने (खुलने) पर बहुत शोभित होते थे।

दांए उठे दांन दिखाया दामण
चमकत रसण डसण रस चोळ ।
महर प्रवाळी हुता मनोपम
कूं कूं व्रन सारिखा कपोळ ॥६६॥

दन्तपंक्ति के खुलते समय रस से लाल जीभ के साथ चम कते हुए (उसके) दांत विद्युत् प्रभा की तरह दिखाई दिये। (उसके) अधर मूंगे से भी अधिक सुन्दर (और) कपोल कुंकुम के वर्ण की तरह (लाल) थे।

दखे (ताह) चख विहंगम वहलइ
रेखा सकति मनोपम रंग ।
भरी किणही (कइ) विचित्र भरावी
सचउ करि नासिका सुचंग ॥७०॥

न जाने किसके द्वारा क्या ही विचित्र ढंग से सांचे में ढाल कर बनाई गई अनुपम रंग वाली उसकी सुन्दर नाक को देख कर चोंच वाले पक्षी भी घबरा गये, (और उसकी सरलता देख कर) रेखा भी शंकित हो गई।

लहता जग लहरि तुरंगे लागा
सूरांतण जावतां सभीर ।
मृग छावडइ जिसा लोचण मुख
तीखा जिसा सुरंगी तीर ॥७१॥

(उसकी) आंखें मृगशावक की तरह सुन्दर (और) सुरंगी (?) तीरों की तरह तीखी थीं। (वे) संसार को लहरों में तरंगायित कर देने वाली थीं (उनका) शौय (तथा) धैर्य देखते ही बनता था।

भुहारा तणी रेखा ताइ भामणि,
घणू स कोमल रूप घणइ ।
चाढी जाणि कबाण चाढतइ,
तजी कुवरि बलोच तणइ ॥७२॥

उस सुन्दरी के भुहारों की रेखा अत्यत कोमल (और) अत्यत सुन्दर थी। (उसकी उपमा यों कह सकते हैं) मानों बलोच (जाति की) कन्या ने धनुष की डोरी खींचते हुए कमान टेढी कर दी हो।

निलइ तणी महिमा निरखता,
राजकुंश्रार तणउ तप व्याध ।
मदन तणा सिहर चइ माथइ,
बारइ तेज तपइ बाणाध ॥७३॥

ललाट की महिमा देखते हुए (उस) राजकुमारी का तप (तेज) विशिष्ट (प्रतीत होता) था। (ऐसा लगता था मानों) कामदेव के शिखर (कुच युगल ?) पर बारह सूर्यो का प्रकाश दीप्त हो।

वेणी डड जिसउ विराजइ वासउ,
पिंड उदमाद धरती पाव ।
वृख ताइ चद तणइ विलागउ,
ग्रख लइतउ घणाइ वृख राव ॥७४॥

शरीर के (यौवनजन्य) चाञ्चल्यवश पाव धरती हुई (उसका) वेणी दड सर्प के समान शोभायमान था, (जो) उसके (शरीर रूपी) चदन वृक्ष से लिपटा हुआ था (और) अनेक प्रतापी राजाओं को (अपने) विष से प्रभावित (अतिशय रूप से मुग्ध) कर रहा था।

परणाई अवर रायहर अवरां
बेठी कुंवरि करे वड ज्याग ।
कीजइ जिम कीयइ कन्याहळ
दीजइ जिम दीन्हउ ज्याग ॥७५॥

दूसरी सभी राजकुमारियों को बड़े उत्सव करके दूसरे राजपुत्रों से ब्याह किया। जैसे कन्यादान किया जाता है वैसे ही किया गया (और) जैसे दानादि दिया जाता है वैसे ही दिया गया।

परवार सयल राजांन पूछियउ
पूछिया वडा वडा परधांन ।
दीजइ गवर जिसउ वर दाखउ
वश तणउ वाधारण वांन ॥७६॥

राजा ने समस्त परिवार से पूछा (और) बड़े-बड़े प्रधानों से (भी) पूछा कि वंश की कीर्ति को बढ़ाने वाला ऐसा (कोई) वर बताओ जिसे गौरी (विवाह करके) दी जाये।

आलोच करे परवार आखियउ
अवर नको राजांन इसउ ।
वींद नको सारिखउ विसभर
सिहर नको कैलास जिसउ ॥७७॥

परिवार (के लोगों) ने विचार कर के कहा (कि) और ऐसा कोई राजा नहीं है। विश्वम्भर (शिव) के समान कोई वर नहीं है (और) कैलाश जैसा कोई (पर्वत) शिखर नहीं है।

परवार तरण(उ) (परण)कह्यउ न लोपइ,
गहिलउ वर जाणइ गिरमेर ।
बाप तणइ मन बात न बैठी,
नेह पखउ दीन्हउ नाळेर ॥७८॥

पर्वतराज ने वर (शिव) को पागल जानते हुए भी परिवार के कथन का लोप नहीं किया। पिता के मन मे बात जची नहीं (पर) विना मन के (भी) नारियल दे दिया।

मन माठइ सइ नाळेर मेल्हियउ,
आगा लगइ करण ऊछाह ।
परणीजसी कुअर पाटोधर,
वरदळ तणइ हुस्यइ वीमाह ॥७९॥

अप्रसन्न चित्त से नारियल भेज दिया गया (और) पहिले से ही चाव करने लगे (कि) श्रेष्ठ राजकुमारी व्याही जायेगी, जोडी के अनुरूप (ही) विवाह होगा।

नवखड रा भूपाळ निरखता,
वडा प्रधान जिके वडवार ।
गिर कैलास करता गाहड,
आया खडे कियइ इलगार ॥८०॥

जो वडे प्रधान (विवाह के) वडे कार्य के लिए रवाना हुए थे, (वे) नवों खण्डों के राजाओं को देखते हुए, गर्व के साथ चलते हुए, कैलाश पर्वत पर आये।

वणराय प्रवारइ भार फळिय वन,
कोइल मोर मल्हार करइ ।
ईसर तणी प्रान्या इसड़ी
धांवरियाळ सवाळ चरइ ॥८७॥

(जिस) वन में राशि-राशि वनस्पतियां फली हैं (वहां) कोयल (और) मोर आनंद कर रहे हैं । शिव का प्रताप (ही) ऐसा है कि (वहां) चंवरी गायें और सिंह (एक साथ) विचरण करते हैं ।

प्रवसर एक प्रनेक प्राहवइ
करणी मनवछित फळ काज ।
वृख सायर पासती विराजै
जांण रथ सांमिया जिहाज ॥८८॥

(वहां) मनवांछित फल (प्राप्त) करने के लिए अनेकानेक अवसर उपस्थित होते हैं । (विशाल) सरोवरों के पास वृक्ष (इस प्रकार) सुशोभित हैं (मानो) जहाजों (को बांधने) के खम्भे हों ।

नदी वहइ झावुका नोसती
घोम उदक थी लागी धार ।
ईसर तणी प्रान्या इसड़ी
पइडउ दइस उतारइ पार ॥८९॥

नदी (इस प्रकार) वमक कर बह रही है (मानों) धुएं की धार पानी से आ लगी हो । (लेकिन इतने पर भी) शिव का ऐसा प्रताप है कि (उसमें) पग रखते ही पार उतर जाय ।

तिण वनि गहण विचाळइ पथी,
आविया गग सनान कियउ ।
चढस्या किम करता चीतवणी,
वृख एकण विसराम लियउ ॥६०॥

ऐसे गहन वन के बीच आकर पथियों ने गगा-स्नान किया। (आगे) किस प्रकार चढेंगे (ऐसा) सोच करते हुए (उन्होंने) एक वृक्ष (के नीचे) विश्राम लिया।

किम आया किसउ ताइ कारिज,
कहउ नही मेल्हिया किण ।
मनुख्य तणी भाख्या बोलै मुख,
जीव जिके वन रहइ जिण ॥६१॥

'क्यों आये हो, क्या काम है, कहो ना, किसने भेजा है ?' —उस वन में जो जीव रहते थे (उन्होंने) मनुष्य की भाषा मे बोल कर (इस प्रकार पूछा)।

तरइ पखेरू आगळि परधाना,
विवरा सुधउ कह्यउ वतकाव ।
वहिलउ दरसण हुवइ विसुभर,
अस इछ कहि पखी ऊपाव ॥६२॥

तब प्रधानों ने पक्षी से विवरण सहित सारी बात कही—'हे पक्षी, विश्वम्भर के प्रिय दर्शन हों, ऐसी इच्छा है, कोई उपाय बताओ।'

जोयन बीस हजार आवतां,
सहस दस पहिलउ कइलास ।
प्रसहउ रूप अनोपम भासियइ
एकरण थंभ तरणउ आवास ॥८१॥

बीस हजार योजन (के विस्तार) में से दस हजार में पहला कैलाश है। उसका सौन्दर्य इतना अनुपम कहना चाहिए (मानों) एक खंभे वाला महल हो।

धुरराय तिसा गिरराव विराजइ
प्रति साखा सवळकता अग ।
सिसहर तणी पासती सोहइ
ग्रह जांणे लागा गमराग ॥८२॥

(उस) पर्वतराज पर ऐसे कोमल व मधुर शाखाओं वाले श्रेष्ठ वृक्ष शोभित हैं (जो) आकाश से लगे हुए (होने के कारण) (ऐसे प्रतीत होते हैं) मानो चन्द्रमा के पास में ग्रह शोभायमान हों।

तिरण पग २ चदरण तणा तरोवर
विविध २ फूली वणराइ ।
पंगी मुनि हरि नांम पुणंतां
सुर ताय मांनव सबै सुहाय ॥८३॥

उस (पर्वतराज) पर जगह जगह चंदन के वृक्ष हैं (और) विविध प्रकार से वन राजि पुष्पित है। (वहां) मानव के स्वर में मुख से हरि नाम बोलते हुए पक्षी सुहाते हैं।

छिलता पहाड २ पाखती,
अधर भरता चरण वरइ ।
अंब तणा वृख लुब आविया,
कुंजर बिच सारसी करइ ॥८४॥

पहाड पहाड़ पर, पास-पास सटे हुए, अधर में ही भरते हुए आमों वाले वृक्ष झुके हुए है, (जिनके) बीच मे क्रीडा करते हुए हाथी विचरण कर रहे हैं।

छिलता भिलता घणू छछोहा,
ताढी तट छाया वृख ताड ।
मदभरता इतरा मयगळ,
पाएले चालस्यइ पहाड ॥८५॥

छलक कर (आपूर्ण) बहते हुए अनेक भरने शोभित है (जिनके) तट पर ताड वृक्षों की ठण्डी (अथवा ऊंची) छाया है। (वहां) मद भरते हुए हाथी ऐसे (प्रतीत होते) है (मानों) पहाड पैदल चल रहे हों।

कसतूरी नाभि जिसधि निकेवल,
उडियण जाइ लागा आकास ।
मृग तेथि थकत हुया वन माहे,
वाजइ पवन तणा सुर वास ॥८६॥

जहा पवन के स्वर वासों में बज रहे हैं, ऐसे वन मे, उड कर (उछल कर) आकाश से जा लगने वाले क्षीणकाय कस्तूरी मृग भी थक (कर विश्राम करने लग) जाते हैं।

वरणराय मझारइ भार फळिय वन
कोइल मोर मल्हार करइ ।
ईसर तणी प्रान्या इसडी
षांवरियाळ वयाळ चरइ ॥८७॥

(जिस) वन में राशि-राशि वनस्पतियां फली हैं (वहां) कोयल (और) मोर आनंद कर रहे हैं। शिव का प्रताप (ही) ऐसा है कि (वहां) चंवरी गायें और सिंह (एक साथ) विचरण करते हैं।

प्रवसर एक प्रनेक माहवइ
करणी मनवछित फळ काज ।
वृख सायर पासती विराजै
जांण रथ थांभिया जिहाज ॥८८॥

(वहां) मनवांछित फल (प्राप्त) करने के लिए अनेकानेक अवसर उपस्थित होते हैं। (विराजमान) सरोवरों के पास वृक्ष (इस प्रकार) सुशोभित हैं (मानो) जहाजों (को बांधने) के खम्भे हों।

नदी वहइ भाळुका भांसती,
धोम उदक चौ लागी धार ।
ईसर तणी प्रान्या इसडी
पइसत वइस उतारइ पार ॥८९॥

नदी (इस प्रकार) चमक कर बह रही है (मानों) धुएं की धार पानी से आ लगी हो। (लेकिन इतने पर भी) शिव का ऐसा प्रताप है कि (इसमें) पग रखते ही पार उतर जाय।

तिण वनि गहण विचाळइ पथी,
आविया गंग सनान कियउ ।
चढस्या किम करता चीतवणी,
वृख एकण विसराम लियउ ॥६०॥

ऐसे गहन वन के बीच आकर पथियों ने गगा-स्नान किया। (आगे) किस प्रकार चढेंगे (ऐसा) सोच करते हुए (उन्होंने) एक वृक्ष (के नीचे) विश्राम लिया।

किम आया किसउ ताइ कारिज,
कहउ नही मेल्हिया किण ।
मनुख्य तणी भाख्या बोलै मुख,
जीव जिके वन रहइ जिण ॥६१॥

'क्यों आये हो, क्या काम है, कहो ना, किसने भेजा है ?' —उस वन में जो जीव रहते थे (उन्होंने) मनुष्य की भाषा में बोल कर (इस प्रकार पूछा)।

तरइ पखेरू आगळि परधाना,
विवरा सुधउ कह्यउ वतकाव ।
वहिलउ दरसण हुवइ विसु भर,
अस इछ कहि पखी ऊपाव ॥६२॥

तब प्रधानों ने पक्षी से विवरण सहित सारी बात कही—'हे पक्षी, विश्वम्भर के प्रिय दर्शन हों, ऐसी इच्छा है, कोई उपाय बताओ।'

निहुँ प्रीखे मागळि कुंड मग्राह
सह भावइ सुर क्रीसिवा मनेक ।
रघ पहेस्यइ हुएस्यइ रळियाइत,
वात कहे वाखविज्यो विमेक ॥६३॥

(पक्षी ने कहा—) आगे तीन कोस (कदम ?) पर (एक) कुण्ड है वहां अनेक देवता जल-क्रीड़ा के लिए आते हैं। (थ) प्रसन्न हो कर (आपको) रत्नों पर पधा लेंगे, विवेक पूर्वक बात कह देना।

अमृत सहित ईस रस आसां
भरिया कुंड तणइ मइ मात ।
उण माहे इसी मां आचरतां
अहमव तणी आणिजइ वात ॥६४॥

ईस रस सहित अमृत (की बात भी क्यों (तो उस) भरे हुए कुण्ड के आगे वह भी मात है। उस में आचमन (?) करने मात्र से (अखिल) ब्रह्माण्ड की बात जानी जा सकती है।

आंण प्रवीरा मतर ताइ आंमी
दिमंस दिन पहिलउ दीदार ।
तीयह विखाळी रांम मथरी
करइ ज विखवाळ महंकार ॥६५॥

(उन्हें) प्रवीण जान कर उस अन्तर्यामी ने पहले दिन ही (?) दर्शन दे दिए। वह दिखावा (?) भी भगवान ने उन के अहंकार के कारण ही किया।

आपण पान फर मेल्हिया ईसर
मोटै सुपह दियता मान ।
आया हूति तइ अर्थ आया,
परधाने मिलिया परधान ॥६६॥

बडे राजा (के योग्य) मान देकर शिव ने अपनी ओर से पान-फल भेजे। जिस कार्य के लिए वे आये थे (?) उसी कार्य के लिए आकर प्रधान प्रधानों से मिले।

चढिया रथे जोवता चिहु दिसि,
ग्रह छाडे वन रा वचन ।
पळ माहे जितरी रथ पहुचइ,
मनछा तितरी धरइ मन ॥६७॥

वन मे (पक्षी द्वारा कहे गये) वचनों को ग्रहण कर (तथा उनका) उपयोग कर (वे) चारों ओर देखते हुए रथ में चढे। एक पल में मन जितनी इच्छा करे उतनी ही (दूर) वह रथ पहुँचा दे।

आया गिर कैलास ऊपरइ,
पग २ किता अऊब परि ।
कही कलीया तणा किता ही,
रहि रीखीसिर ध्यान धरि ॥६८॥

कितनी (ही) अद्भुत प्रकार से धीरे-धीरे (करके) कैलाश पर्वत पर आये। कितने ही ऋषीश्वर वहा ध्यान धरे (बैठे थे) ?

दस जोयण लग जिये री देही
अनवतां जोवतां विस्तार ।
इउहिज वार तगा ऊमरइ,
इसडा वृक्ष वाधिया उदार ॥ ९९ ॥

(जिसके) विस्तार को देखते हुए दस योजन तक जिसकी देह का वर्णन किया जाय (ऐसे) कैलाश पर (उस) उदार (विस्तृत हृदय वाले) ने (अपने) द्वार पर ऐसे ही (विस्तृत) वृक्ष लगा रखे थे ।

अधकार हुवइ नइ सूर आथमइ
कळा इसी घरत कैलास ।
माडियउ मुहुल सातमइ ब्रहमंड
रतना तणी दखिजे रास ॥१००॥

(उस) कैलाश पर (शिव का) ऐसा चमत्कार है कि न तो सूर्य अस्त होता है (और) न अंधकार (ही) होता है । सातवें ब्रह्माण्ड में (अत्यंत ऊँचे स्थान पर) बनाया गया (उनका) महल रत्नराशि के समान दिखाई देता है ।

कवाडउ रतन गारि कुंदण री
मुगति शिलावट घुणी सुजांण ।
तेज समइ कुण दस्न तियां रउ
भुवण २ जिहां ऊगइ भांण ॥१०१॥

(उसे) रत्नों के पत्थरों और कुन्दन के गारे से सुजान शिलावट ने युक्तिपूर्वक बनाया है, (और) उसके हरेक भवन में सूर्योदय (का सा प्रकाश) होता है जिसके तेज को कौन सह सकता है ?

निरमळ जळ गग सनान करइ नितु,
ताढी तट छाया वृख ताड ।
वेद थकइ आगळि ब्रह्मादिक,
पडसादा गू जिया पहाड ॥१०२॥

तट पर के ताड वृक्षों की ठण्डी (?) छाया मे, गगा के निर्मल जल मे नित्य स्नान कर के, ब्रह्मादिक देवता (उसके भवन के) आगे वेद-पाठ करके हैं, (जिसकी) प्रतिध्वनियों मे पहाड गूज उठते है।

मूठी भरि सती रेणु जळ साम्ही,
आपणपउ दाखइ अधिकार ।
कु भ हुवइ ततकाल कहता,
सो पाणी ल्यावै पणिहार ॥१०३॥

(वहा) सती मुट्ठी भर धूल जल के सामने (कर) अधिकार-पूर्वक अपनी सत्ता प्रकट करती हुई कहती है-'घडा बन जाओ', सो तत्काल बन जाता है, (जिससे) पनिहारिने जल भर कर लाती हैं।

ऊचउ आवास अपछरा अरधग,
अनगळ रिधि जोवता अनत ।
वसइ जिके नर वास सिवपुरी,
होण जाति (तइ) तिके महत ॥१०॥

शिव के (उस) ऊचे आवास मे अनगिनत अप्सराये (और) अनत ऋद्धि हैं। जो नीच जाति के लोग भी शिवपुरी मे (रहते है) वे भी महान हैं।

दीठी सिवपुरी किसु राजा दिस
मनुसां तणी सलल कइ मात ।
इद्रापुरी हुता रथ आवइ
जीवन तणी करेवा जात ॥१०५॥

शिवपुरी देखने पर राजा वश तो क्या मानवों के अनेक राजसिंहासन (भी) मात हो जाते हैं । (यहां) जीवन की तीर्थ यात्रा के लिए इंद्रपुरी से (भी) रथ आते हैं ।

विनिता मिलि विनोद विचक्षण
गहकइ हसइ रमइ वडि गात ।
देवां तणा आंह सुख दीठा
मनुसां तणा तखित कइ मात ॥१०६॥

(यहां) सुन्दर शरीर वाली चतुर वनितायें आपस में आनंद विनोद करती हुई हसती-खेलती हैं । जहां (ऐसे) देव तुल्य सुख प्राप्त हों (वहां) मनुष्यों के तो कई सिंहासन मात हो जाते हैं ।

पूरउ तप हुउ पतन्या पूगा
ईसर तांईं मून व्रत लीयइ ।
बारां जुगां हुती बहुनामो
ताळी छोडो दीह तीयइ ॥१०७॥

तप पूरा हुआ शिव के मौन व्रत धारण करने की प्रतिज्ञा पूरी हुई । (उस) अनेक नामधारी (शिव) ने बारह युगों के बाद उस दिन समाधि छोड़ी ।

आया परधान आगळै ईश्वर,
गिर माथइ बइठउ गिरमेर।
दीन्ही प्रभु दोळी परदक्षरा,
रहस करे दीन्हउ नाळेर ॥१०८॥

पर्वत पर निश्चल (रूप से) बैठे हुए शिव के सामने प्रधान आये (और) प्रभु के चारों ओर परिक्रमा देकर प्रेमपूर्वक नारियल दिया (भेंट किया)।

नाळेर लियउ प्रभु वात परीछी,
जाणणहार सुजाण जगि।
आया महुल करे ताइ आइत,
प्रिथी प्रमाणइ धरण पगि ॥१०९॥

जगत् (व्यवहार) को जानने वाले चतुर प्रभु (शिव) ने बात समझ कर नारियल ले लिया। उनकी आवभगत कर, पृथ्वी के परिमाण से पग धरने के लिए-अर्थात् मानवों जैसा व्यवहार (विवाह) करने के उद्देश्य से-महल में आये।

आया सिवपुरी हुओ कारिज सिध,
परमगुरू चा ग्रहिया पगि।
माहोमाहि करइ वाता मिलि,
जनम सुकियारथ हूओ जगि ॥११०॥

(प्रधान लोग) आपस मे बातें कर रहे है कि शिवपुरी आने से कार्य (भी) सिद्ध हो गया (और) परमगुरु (शिव) के चरण-स्पर्श करने से ससार में जन्म (लेना भी) सफल हो गया।

परधांने परधांन पूछिया
लगन मुहूरत वार लहि ।
आव किये दिहाड़ै ईसर
कही राव सो जात कहि ॥१११॥

(शिव के) प्रधानों ने प्रधानों से पूछा कि लग्न मुहूर्त (और) वार निकालो । शिवजी किस दिन (बरात लेकर) आयें राव (दक्ष) ने जो बात कही है सो कहो ।

दिख राजां (न) बीनती दाखी
पुहव लगन लाइ नहीं पछइ ।
प्रभु थे त्रबावतो पधारउ
आठे पहरे लगन अछइ ॥११२॥

(तब प्रधानों ने कहा) दक्ष राजा ने (यह) प्रार्थना की है (कि) पुष्य लग्न के बाद और (कोई) नहीं है । (यह) आठ पहर का लग्न है (अतः) हे प्रभु आप (उसी में) त्र बावती पधारें ।

कूकतड़ी मेल्ही चिहु कनारां
नीधसजइ आगळि नीसाए ।
ब्रह्मा विष्णु पधारउ वहिला
जोगेसर तेडीया जोए ॥११३॥

चारों ओर कुंकुमपत्रिका भेज दी गई (और) द्वार पर नगाड़े बजने लगे । ब्रह्मा (तथा) विष्णु (आदि) शीघ्र पधारें योगीश्वर (शिव) ने बारात के लिए बुलाया है ।

पधारिया ब्रह्मा ले परिग्रह,
नवा खडा चा जिके नरिंद ।
आया इद्र चढे अइरापति,
गरुड चढे आयउ गोविंद ॥११४॥

नवों खण्डों के राजाओं के (अपने) परिवार को लेकर ब्रह्मा पधारे। ऐरावत (हाथी) पर चढ कर इद्र आये (और) गरुड पर चढ कर गोविन्द (विष्णु) आये।

जानी एक अनेक जोवता,
नर सुर वडा वडा नागिंद्र ।
वडइ सुपहि बोलता वडावडि,
आया जुडे अठारह इद्र ॥११५॥

अनेकानेक बाराती दिखाई देते थे (जिनमे) नर, सुर (और) नागों के बडे-बडे राजा थे। बढ-बढ़ कर बोलते हुए बडे-बडे राजा और अठारह इन्द्र एकत्रित हुए।

मिलिया गज थाट सिवपुरी माहे,
पूरइ हालरण तरणइ पह ।
जरणायउ वींद वळि विगताळउ,
गरथ खरचिवा घरणइ गह ॥११६॥

शिवपुरी में अत्यधिक भीड ने चलने के मार्ग भर दिये (अवरुद्ध कर दिए)। फिर बडे आनदपूर्वक द्रव्य व्यय करने के लिए वर (शिव) ने (अपनी) महानता प्रकट की (?)।

माता मनइ ऊमता मिलिया
　　भिलता महइ दियता भाट ।
आनी राव जगन्नाथ जेहवा
　　घडइ हुया हालइ गज घाट ॥११७॥

मस्त और उन्मत्त बराती मिलकर ठाठ से चलते हुए सुशोभित हो रहे हैं (?) राव जगन्नाथ जैसे बराती (भी) बरात की भारी भीड़ में सम्मिलित हुए चल रहे हैं।

अवरां नइ दीजइ उदियारण
　　तइ ईसर तणइ नहीं काइ ताट ।
बहुनांमी दीवाड बहूसी
　　चढिया चींद दमामे चोट ॥११८॥

औरों को (जिसका) उदाहरण देते हैं उस ईश्वर (शिव) के किसी भी प्रकार का टोटा नहीं है। बहुत दान देने वाला (वह) विख्यात वर (शिव) दमामे पर चोट देकर (नगाड़ा बजा कर) सवार हुआ।

पेसखाना वाळी वात परीखइ
　　आगा लगइ करण आरास ।
दळवादळ ताणिया दुवाहे
　　फारक ईसर तणा फरास ॥११९॥

पेशखाने वाली बात सुना (जिसमें) पहिले से ही सजावट होने लगी थी। शिव के फुर्तीले (?) फर्राशों ने दोनों ओर (?) बड़े-बड़े तंबू तान दिए।

दीवाण तणउ चोज देखता,
किसा मनुख वाखाण करइ ।
परगह इतउ इतउ दीपै परि,
सीह अजा वे साथ चरइ ॥१२०॥

दीवान (शिव) के प्रताप (?) को देखते हुए कौन मनुष्य (उसका) वखान कर सकता है ? इतना (वडा) परिवार है, (पर उनका प्रभाव) इस भांति प्रकट है कि सिंह और वकरी दोनों एक साथ विचरण करते हैं ।

वीद कन्हा २ जानी वखाणा,
वहइ विसम गति वादोवादि ।
वसुधा अनइ असमान विचाळइ,
पवन चलइ रथ जिके प्रसादि ॥१२१॥

(उन) वारातियों का वखान करें जो वढ-वढ कर विषम गति से (एक दूसरे से आगे) हाक रहे हैं, अथवा (उस) वर का वखान करें जिसकी कृपा से पृथ्वी और आकाश के वीच मे हवा मे ही। (पवन वेग से) रथ चल रहे हैं ।

ऊतरिया कोस ऊपरइ आए,
इतरा दळ जोवता अथाह ।
आगळियार वधाऊ आया,
यासां हरिकथोद्गीत पुनाति भुवनत्रयम् ॥

(श्रीमद्भागवत)

भक्तराज उद्धव कह रहे हैं—

नन्द बाबा के व्रज मे रहने वाली गोपाङ्गनाओ की चरण-रज

को मैं बार-बार प्रणाम करता हूँ उसे सिर पर चढ़ाता हूँ। अहा! इन गोपियों ने भगवान् श्रीकृष्ण की लीला-कथा के संबंध में जो कुछ गान किया है वह तीनों लोकों को पवित्र कर रहा है और सर्वदा करता रहेगा।

कंस ६४

यह मथुरा के राजा उग्रसेन का क्षेत्रज तथा दानवराज द्रुमिल का औरस पुत्र था। बड़े होकर कंस ने मगधराज जरासंध की अस्ति तथा प्राप्ति नाम की दो कन्याओं से विवाह किया था। अपने पितृव्य की पुत्री देवकी का विवाह इन्होंने वसुदेव के साथ किया था। जब वसुदेव देवकी से विवाह कर अपने घर जा रहे थे तो आकाश वाणी हुई कि देवकी के गर्भ से उत्पन्न होने वाला आठवां पुत्र तुम्हारा वध करेगा। कंस ने यह सुनकर वसुदेव-देवकी को कारागार में बंद कर दिया। इसके बाद देवकी की जितनी संतानें हुईं उन सभी को उसने मार डाला। आठवें गर्भ से भगवान् कृष्ण प्रकट हुए किन्तु वसुदेव उन्हें भगवान की माया से गोकुल में गोपराज नन्द के यहां रख आये। आगे बड़े होकर भगवान श्रीकृष्ण ने ही इसका वध किया।

कच्छप १३

भगवान् विष्णु का दूसरा अवतार। देवासुर संग्राम में जो वस्तुएं खो गई थीं उनकी प्राप्ति के लिए समुद्र-मंथन का आयोजन हुआ तो मथनी बनाये गये मंदराचल पर्वत को क्षीर सागर में धारण करने के लिए भगवान् विष्णु ने कच्छप का रूप धारण किया[1]।

---

१ सामुद्रिक जीव-विज्ञान का आविष्कार सर्वप्रथम भारत के आर्यों ने किया और उसका अनेक रूपों में अलंकृत वर्णन भी भारतीय आर्ष-ग्रन्थों में पाया जाना माना जाता है।

कणाद २४३

षट्-दर्शन के अन्तर्गत वैशेषिक दर्शन के निर्माता कणाद एक प्रसिद्ध और प्राचीन ऋषियो मे से हैं। दर्शन में परमाणुवाद का प्रचार सर्व प्रथम इन्होने ही किया है।

कन्ह, कान्ह, किसन, क्रिसन, क्रिसन्न [कृष्ण] १३, २६, ४७, ६३, २१८, २५६, २६१, ३१६, ३४३

विश्व-धर्म के रूप मे कर्म और ज्ञान की महान् गूढ गुत्थियों को सुलझाकर एक मात्र ग्रन्थ श्रीमद्भगवद्गीता के रूप मे अपूर्व, अद्वितीय और सर्वोपरि ज्ञान को ससार के सम्मुख सर्व प्रथम प्रस्तुत करने वाले और अनेक अद्भुत लीलाओं के लीलावतार वसुदेव और देवकी के आठवें पुत्र भगवान् श्रीकृष्ण।

कौरव पाण्डवों के महाभारत युद्ध में श्रीकृष्ण महारथी अर्जुन के सारथी बने और भीष्म, द्रोण और कर्ण आदि महारथियो के सम्मुख पाण्डवो की विजय के रूप में अपूर्व राजनीति और कुशलता के साथ युद्ध का सम्पादन किया। प्रजा को अनेक-विध कष्ट पहुँचाने वाले अनेक राजाओं और दुष्टों का नाश करके ससार में शान्ति स्थापित की। श्रीकृष्ण के ऐसे अनेक सुकृत्य और अद्भुत और अलौकिक कृत्य हैं जिनका भागवत आदि पुराण ग्रथो मे विस्तार से वर्णन किया हुआ है।

राजस्थानी साहित्य मे भी भक्त-कवियों द्वारा रचे हुए 'नागदमण, गजमोख, किसनजी री वेल और किसन रुकमणी री वेलि एव गीता की राजस्थानी टीकाएँ आदि अनेक उच्च कोटि के ग्रन्थ श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में प्राप्त हैं।

कपिल, कपिल्ल, कपिलेसर [कपिल, कपिलेश्वर]
१२, ६२, २४३

सांख्य-दर्शन का प्रवर्तक विष्णु का पाँचवाँ अवतार। भगवान् विष्णु ने कर्दम मुनि की पत्नी देवहूती की तपस्या से प्रसन्न होकर उसकी इच्छानुसार स्वयं उसके गर्भ में आकर अवतार लिया था।

आर्ष-वाणी :-

भवेदपि खलस्य श्रीः सैव लोक विनाशिनी।
यथा शिखाग्नेः पवनः पन्नगस्य पयो यथा॥

(भगवान् कपिलदेव)

दुष्ट के पास लक्ष्मी हो तो वह लोक का नाश करने वाली ही होती है। जैसे वायु अग्नि की ज्वाला को बढ़ाने में सहायक होता है और दूध साँप के विष को बढ़ाने में कारण होता है वैसे ही दुष्ट की लक्ष्मी उसकी दुष्टता को बढ़ा देती है।

कण्ण, कन्न [कर्ण] ८१, ३९८

यह कुन्ती के गर्भ से उत्पन्न सूर्य के पुत्र हैं। कुन्ती जब कुँवारी थी तब उसने ऋषि दुर्वासा द्वारा बताये मन्त्र-बल द्वारा सूर्य का आह्वान किया। तब स्वयं धनुष बाण कुण्डल और कवच सहित कर्ण का जन्म हुआ। कुन्ती ने लोक-लाज के भय से इन्हें गंगा नदी में बहा दिया। धृतराष्ट्र के सूत अधिरथ ने उठाकर अपनी स्त्री राधा को पालन-पोषणार्थ सौंप दिया। इसीसे यह सूतपुत्र तथा राधेय कहलाये। कर्ण को शस्त्र-विद्या की शिक्षा द्रोणाचार्य ने दी थी।

किन्तु इनकी उत्पत्ति के विषय मे सन्देह होने के कारण उन्होने इन्हें ब्रह्मास्त्र का प्रयोग नही सिखाया था। तब ये भगवान् परशुराम के पास गये और अपने को ब्राह्मण बतलाकर शस्त्र-विद्या सीखने लगे। परन्तु परशुराम को ज्ञात होगया कि यह ब्राह्मण नही है तो उन्होने श्राप दे दिया कि 'जिस समय तुम्हे इस विद्या की विशेष आवश्यकता होगी उसी समय तुम इसे भूल जाओगे।" इनकी दुर्योधन से बचपन ही मे विशेष मित्रता होगई थी। दुर्योधन ने इन्हें अग देश का अधिपति बना दिया था। मत्स्य-वेध कर देने पर भी द्रौपदी ने सूतपुत्र होने के कारण इनके साथ व्याह करना अस्वीकार कर दिया। सूतपुत्र होने ही के कारण अर्जुन इन्हे हेय दृष्टि से देखते थे। भीष्म भी इसी कारण इन्हे सूत ही समझते थे।

कुन्ती के द्वारा अपने जन्म का वृत्तान्त जानकर तथा पाण्डव पक्ष मे आजाने की उसकी प्रार्थना को इन्होंने अस्वीकार कर दिया। इतना वचन दे दिया कि तुम्हारे पाचो पुत्र कायम रहेगे। मेरा वैर अर्जुन से है अत हम दोनो में से कोई जीवित रह सकेगा। भीष्म तथा द्रोण के अनन्तर कर्ण ही महाभारत युद्ध के सेनापति बने थे। तीन दिन युद्ध का सचालन करने के बाद अर्जुन के हाथों इनका वध हुआ। कर्ण दानियो मे सर्वाग्रणी कहे जाते हैं। कोई भी याचक उनसे जो कुछ भी मांगता था, कर्ण वही उसे दे देता था। इन्द्र के याचना करने पर अपने शरीर से लगे कवच और कुण्डल तोड कर उन्हें दान में दे दिया था। तभी से इनका नाम कर्ण पडा। पहले इनका नाम वसुषेण था। एक बार भगवान् कृष्ण ने ब्राह्मण वेश में

कर्ण के पुत्र के मांस की याचना की। कर्ण ने प्रसन्नता से उसकी इच्छा पूर्ण की परन्तु श्रीकृष्ण ने संजीवनी-मंत्र द्वारा उसे जीवित कर दिया। कर्ण महा-दानी था। नित्य प्रातःकाल एक प्रहर तक किसी भी याचक को मनवांछित दान देते रहने की अपनी प्रतिज्ञा अनेक कष्टों को सहते हुए भी दृढ़ता से निभाते रहने के कारण उस प्रातःकाल की एक प्रहर का नाम 'कर्ण की वेला' के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान् श्रीकृष्ण कर्ण की दानशीलता और भक्ति से अत्यन्त प्रसन्न थे। इसीलिये इसका दाह-संस्कार भगवान् श्रीकृष्ण ने इन्हें अपने हाथों में रख कर किया था। अनन्य भक्ति और अद्वितीय दानशीलता के कारण पांचों पांडवों से भी अधिक भगवान की कृपा और स्नेह को भक्त गिरधरदासजी ने 'कर दाखियो करण्ण (११८)' द्वारा उक्त रूप की एक भव्य में प्रकट किया है।

करम, करम्म कम कम्म [कर्म] ४, ११, ५२, १२१, १५७, १७१, २२५, २६२, ३००, ३०३, ३०५, ३०६, ३०८ ३०९ ३११, ३२०

१ शुभ अथवा अशुभ क्रिया से उत्पन्न अदृष्ट। शुभाशुभ सूचक कर्म-जन्य अदृष्ट।

पूर्व जन्मों के कर्मों द्वारा संचित पुण्य-पाप जो इस जन्म के सुख-दुख के कारण माने जाते हैं संचित-कर्म।

२ शुभ अथवा अशुभ अदृष्ट को उत्पन्न करने वाला व्यापार। यह व्यापार— नित्य नैमित्तिक काम्य प्रायश्चित और निषिद्ध पांच प्रकार का होता है और इसी कारण कर्म के भी ये ही पांच प्रकार कहे गये हैं।

कर्म प्रधान विश्व करि राखा,
जो जस करहिं सो तस फल चाखा।
(गो० तुलसीदासजी)

कलकी, कळंकी [कल्कि] १३, ७१

कलियुग और उसके अत्याचारियो को नाश करके सतयुग का पुन आरम्भ करने के लिये भविष्य मे होने वाला भगवान् विष्णु का चौवीसवा अवतार ।

कल्प १३३

वेद के प्रधान छ अगो में से एक जिसमे यज्ञो, सस्कारों आदि धार्मिक कर्त्तव्यो की विधिया वताई गई हैं । यज्ञ में काम आनेवाले पात्रो को वनाने की विधियो का भी इसमें विधान है । श्रौत, आश्वलायन, कात्यायन, आपस्तव और गृह्यसूत्र आदि इसीके अन्तर्गत हैं । यह यजुर्वेद का श्राद्धकल्पात्मक परिशिष्ट भाग है ।

कागभुसड [काकभुशुंडि] १४८

भगवान् राम के वालरूप के एक अनन्य भक्त जो कौवे के रूप में रहते हैं । ये अमर हैं । पूर्व जन्म के ये ब्राह्मण थे, परन्तु लोमश ऋषि के शाप से कौवे की योनि प्राप्त हुई । ये प्रकाण्ड ज्ञानी हैं ।

भक्त-वाणी

पर उपकार वचन मन काया, सत सुभाउ सहज खगराया ।
सत सहहिं दुख परहित लागी, परदुख हेतु असत अभागी ।
संत उदय सतत सुखकारी, विस्व सुखद जिमि इन्दु तमारी ।
परम धर्म श्रुति विदित अहिंसा, परनिंदा सम अघ न गरीसा ,
(काकभुशुण्डि : रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड)

कातकसांम [कार्त्तिकस्वामि] २३८

स्वामिकार्तिक महादेव के एक पुत्र हैं। छः कृतिकाओं से उत्पन्न होने के कारण इनका नाम कार्तिकेय प्रसिद्ध हुआ। इनके छः मुख और बारह हाथ होने के कारण इन्हें षण्मुख और षडानन भी कहते हैं। स्कन्द, गांगेय और अग्निभू भी इनके नाम हैं। ये देव-सेनापति हैं। इन्होंने तारकासुर का वध किया था।

काळजवण [कालयवन] ४७

यह महर्षि गार्ग्य का पुत्र था। बाल्यावस्था में अपुत्रक यवन राज ने इसका पालन किया था। उसके मरने पर यही उसका अधिकारी हुआ था। यह बहुत ही शीघ्र पराक्रमी राजाओं में गिना जाने लगा। जरासंध के साथ मिलकर इसने मथुरा पर चढ़ाई की। इससे यादव घबरा गये और श्रीकृष्ण की सलाह से मथुरा छोड़कर द्वारका चले गये। श्रीकृष्ण और कालयवन से युद्ध होने लगा। श्रीकृष्ण युद्ध क्षेत्र से भागकर हिमालय की गुहा में जहां मान्धाता का पुत्र मुचुकुन्द सोया हुआ था चले गये और चुपचाप उसके ऊपर अपना पीताम्बर डालकर उसकी खाट के नीचे छिप गये। कालयवन भी उनके पीछे २ वहां पहुँचा। उसने निद्रित मुचुकुन्द को श्रीकृष्ण समझा और पैर से ठोकर मारकर उठाने लगा। मुचुकुन्द उठा और ज्योंही उसने कालयवन की ओर दृष्टि की त्योंही वह भस्म हो गया।

कासप [कश्यप] ३४५

विख्यात प्रजापति महर्षि कश्यप ब्रह्मा के पौत्र और मरीचि के मानस पुत्र थे। ये सप्तर्षियो मे से एक हैं।

आर्ष-वाणी

> पुण्यस्य लोको मधुमान्घृतार्चि-
>
> हिरण्यज्योतिरमृतस्य नाभि ।
>
> तत्र प्रेत्य मोदते ब्रह्मचारी
>
> न तत्र मृत्युर्न जरा नोत दुःखम् ॥
>
> (महाभारत, शान्तिपर्व अ० ७३)

पुण्यात्माओं को प्राप्त होने वाला लोक मधुर सुख की खान और अमृत (मोक्ष) का केन्द्र होता है। वहा नित्य घृत के दीपक प्रकाश कर रहे हैं। उसमें सुवर्ण के समान प्रकाश फैला रहता है। वहां न तो वृद्धावस्था का प्रवेश है और न मृत्यु का। वहा किसी को किसी प्रकार का दुःख नही होता। ब्रह्मचारी लोग मृत्यु के पश्चात् ऐसे ही लोकों मे जाकर आनन्द को प्राप्त होते हैं।

किकेई [कैकेयी] ३७

कैकेयी महाराज कैकय की पुत्री तथा महाराज दशरथ की तृतीय रानी थी। यह अपने समय की अद्वितीय सुन्दरी थी। इन्हीं के गर्भ से भरत की उत्पत्ति हुई थी। एक बार देवासुर संग्राम में आहत हुए महाराज दशरथ की इन्होंने बड़ी सेवा-सुश्रूषा की थी जिससे प्रसन्न होकर महाराज ने इन्हें दो वरदान देने का वचन दिया था। राम का

राज्याभिषेक का अवसर निकट आने पर इन्होंने अपनी मंथरा नामक दासी के बहकावे में आकर राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए अयोध्या का राज्य ये दोनों वरदान रूप में मांग लिये। पिता के वचनों का पालन करने के लिये राम वन को चले गये। दशरथ ने उनके वियोग में प्राण त्याग दिये। भरत ने राज्य अंगीकार नहीं किया। कैकेयी को सभी प्रकार कुफल मिला।

कीट कीटभ [कैटभ] २०, ८७

मधु नामक दैत्य का भाई कैटभ। भगवान् विष्णु ने जब इन्हें मारा तो इनके शरीर के मेद से संपूर्ण पृथ्वी भर गई। तभी से पृथ्वी का नाम मेदिनी पड़ा।

कुंभ, कुंभेरण [कुम्भकरण] ४२,८०

विशालकाय कुंभकर्ण रावण का छोटा भाई था। उत्पन्न होते ही यह हजारों लोगों को खा गया। लोगों का हाहाकार सुनकर इन्द्र ने इस पर वज्र चलाया किन्तु इसने घोर गर्जना करके ऐरावत का ही दांत उखाड़ लिया और उसको इन्द्र के ऊपर दे मारा। देवता और लोगों की प्रार्थना पर ब्रह्माजी ने शाप दे दिया कि यह सदा सोता ही रहे किन्तु रावण के प्रार्थना करने पर ब्रह्माजी ने यह कृपा की कि छः महीनों में एक दिन के लिये नींद खुल जायगी। राम रावण युद्ध के समय इसको जगाने के लिये इसके गले में बंधी रस्सी को एक हजार हाथियों से खिंचवाना पड़ा था एवं कर्णरंध्र और नासारंध्रों में पानी के नाले बहाये गये थे। जगने पर जब इसे मालूम हुआ कि रावण

ने सीता का हरण किया है तो इसे बडा क्षोभ हुआ और रावण को फटकारा तथा सीता को वापिस लौटा देने का आग्रह किया। किन्तु रावण की दलीलो ने इसे युद्ध के लिये उत्तेजित कर दिया। इसने बडा भयकर युद्ध किया। अत में श्रीराम के हाथो से इसका वध हुआ।

कुंभज २४३

अगस्त्य ऋषि का ही दूसरा नाम कुंभज है। ये ऋग्वेद की कई ऋचाओ के रचियता हैं। जन्म के समय अगूठे के बरावर लम्बे थे। देवासुर सग्राम के समय जब दानव सागर में जाकर छिप गये, तो ये सागर को ही पी गये। वनवास के समय राम अगस्त्य आश्रम मे गये थे। मुनिने राम को धनुप वाण आदि शस्त्र दिये थे।

आर्प-वाणी

सत्य तीर्थं क्षमा तीर्थं तीर्थमिन्द्रियनिग्रह ।
सर्वभूत दया तीर्थं तीर्थमार्जवमेव च ॥
दान तीर्थं दमस्तीर्थं सतोपस्तीर्थमुच्यते ।
ब्रह्मचर्यं पर तीर्थं तीर्थं च प्रियवादिता ॥
ज्ञान तीर्थं धृतिस्तीर्थं तपस्तीर्थमुदाहृतम् ।
तीर्थनामपि तत्तीर्थं विशुद्धिर्मनस परा ॥

(महर्षि अगस्त्य : स्कन्दपुराण)

कुब्ज्जा [कुब्जा] २५४

कंस की माल्यानुलेपन-वाहिनी एक दासी। श्री कृष्ण और बलराम अक्रूर के साथ कस के यहाँ यज्ञ मे आमन्त्रित होकर मथुरा आये, जब

कुब्जा को इन्होंने मार्ग में देखा जो कंस के यहां सुगन्ध-अनुलेपन ले जा रही थी। श्रीकृष्ण ने कुब्जा से अनुलेपन मांगा। कुब्जा ने बड़ी प्रसन्नता से उन्हें अनुलेपन दिया। श्री कृष्ण ने प्रसन्न होकर उसका कुबड़ापन दूर करके उसको एक सुन्दर युवती बना दिया। इसे कुबड़ी भी कहा जाता है।

कुरखेत कुरछेत [कुरुक्षेत्र] ४६, ३४९

एक अति प्राचीन तीर्थ। कुरु ने इस स्थान को सबसे पहले आविष्कृत किया था और इसी स्थान पर यज्ञ करके उसकी उन्नति की थी। कुरुक्षेत्र की सीमा के विषय में महाभारत में लिखा है कि दृषद्वती नदी के उत्तर और सरस्वती के दक्षिण में कुरुक्षेत्र है। इस तीर्थ का परिमाण बारह योजन है इसमें ३६९ तीर्थ विद्यमान हैं। महाभारत का युद्ध यहीं हुआ था। यह अम्बाला और दिल्ली के बीच में स्थित है। महाभारत में तरंतुक से अरंतुक और रामह्रद से मच कुक इनके बीच में आये हुए प्रदेश को कुरुक्षेत्र कहा गया है।

केदार ३४९

हिमालय में स्थित हिन्दुओं का एक पवित्र और प्राचीन तीर्थ स्थान। यहां भगवान शंकर का लिंगस्वरूप स्थापित है जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। केदारनाथ तीर्थ सागर तल से ११७७१ फीट ऊंची हिमालय की चोटी पर स्थित है। केदारनाथ पर्वत का सर्वोपरि दुर्गम भाग 'महापथ' तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। यह सदा बर्फ से ढका रहता है। वैशाख से कार्तिक मास तक भारत के सभी भागों से अनेकों यात्री केदारनाथ के दर्शनों को आते हैं।

केसि [केसी] ७३

यह एक राक्षस था। कंस की आज्ञा से यह एक घोडे का रूप धारण करके श्रीकृष्ण भगवान् का वध करने के लिए वृन्दावन गया परन्तु वहां वह भगवान् द्वारा मारा डाला गया।

कोयलाराणी [कोकिलारोहिणी] २

'कोयलाराणी' कोकिलारोहिणी का विकृत लोक-शब्द है। कोइलाराणी और कोहलाराणी पाठ भी कई प्रतियो मे मिलता है। सोराष्ट्र मे राजकोट से द्वारका जाने वाली पश्चिम रेलवे लाइन पर भाटिया स्टेशन से २१ मील पर 'श्री हर्षदमाता' का एक प्राचीन मदिर कोयल नामक मनोहर पहाडी पर बना हुआ है। पहाडी के नीचे तक समुद्र की एक पतली शाखा आ जाने से इसकी रमणीयता और भी बढ गई है। इस स्थान की एक बहुत प्रसिद्ध पौराणिक कथा है कि शखासुर नामक दैत्य के वध के निमित्त भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कुलदेवी महाशक्ति जगदम्बा से सहायता की प्रार्थना की। महाशक्ति ने कोयल के रूप में उनके शस्त्र पर बैठकर साथ में चलने का वचन दिया। महामाया की कृपा से समस्त यादवी-सेना विना किसी नौका इत्यादि की सहायता के समुद्र को पार करती हुई इस स्थान पर आ पहुची। स्थान की रमणीयता पर मुग्ध होकर भगवान् श्रीकृष्ण ने पर्वत शिखर पर महाशक्ति का एक सुन्दर मदिर निर्माण करवाया और अपनी आराधना के लिये महामाया की एक भव्य मूर्ति स्थापित की।

भगवती महामाया ने कोयल का रूप धारण किया था अतः पहाड़ी का नाम कोयल और भगवान् के नाम को सिद्ध कर देने के कारण देवी का नाम 'हरिसिद्धि' प्रसिद्ध हुआ। कालान्तर में हरिसिद्धि का 'हर्षद' और फिर कोयल पर्वत पर अवस्थित होने के कारण कोकलारानी (कोयलारांणी) के नाम से प्रसिद्ध हो गया। यह स्थान सिद्ध-पीठ माना जाता है। श्री मद्भागवत में एक कथा है जिसमें लक्ष्मी का वाहन कोयल भी लिखा है।

महामाया आदिशक्ति के उपासक कोहल नाम के एक प्रख्यात ऋषि भी हुए हैं जिन्होंने सोमेश्वर से संगीत शास्त्र का अध्ययन किया था। कहा जाता है कि इन्होंने अपनी संगीत विद्या से भगवती को प्रसन्न करके वरदान प्राप्त किया था। ऋषि की अनन्य उपासना के कारण देवी का नाम कोहल रानी के नामसे प्रसिद्ध होगया।

एक दूसरा स्थान जिला इन्दौर के भानुपुरा परगने में भानुपुरा से ८ मील दूर 'कोहला' ग्राम प्राचीन अवशेषों के लिये प्रसिद्ध है। कोहला में अनेक प्राचीन बड़े-बड़े और सुन्दर मन्दिर बने हुए हैं जिनमें कई देवी मन्दिर भी कहे जाते हैं। ऐसा सुना गया है कि कोहला रानी नाम के प्रसिद्ध मन्दिर के कारण गांव का नाम भी 'कोहला' प्रसिद्ध हुआ। डा. डी. सी. ओझा के भारतीय अनुशीलन' नामक ग्रन्थ में और प्रोग्रे स रिपोर्ट ऑफ दी आ. स. मध्य भारत १६२० में इस स्थान का उल्लेख हुआ है।

हरिरस की अनेक हस्तलिखित प्रतियों में 'कोहलारांणी' पाठ भी मिलता है। संभव है यह कोहल ऋषि अथवा कोहला ग्राम से

सबधित हो। पर हमारी अपनी मान्यता अनुसार शुद्ध पाठ 'कोयला-राणी' है और यह सौराष्ट्र के कोयल पर्वत से ही संबधित है। सौराष्ट्र, गुजरात, कच्छ और राजस्थान के पश्चिम और दक्षिणी प्रदेशों में अब भी इस देवी की बहुत मान्यता है। भक्तवर ईसरदासजी की आयु का अधिक काल सौराष्ट्र में ही बीता है और उन्होंने इसी देवी की आराधना मे यह छद कहा है।

पीरदान लालस कृत 'हिंगळाज रासो' में—

"कोयलागिर पाया धप धमाया, सब कीटग ते माराया।"

इसी देवी की आराधना मे आया है।

इसी देवी के महिमा-परक प्राचीन पदों मे 'माताजी री चरचा' नामक यह पद भी बहुत प्रसिद्ध है—

कोहलो परवत घू धळो रे लोय
जठै रमं सुरां री राय रे, जाओड़ा
ऊपर अब गाजियो रे लोय
दरसण द्यो म्हारी राय रे, जाओड़ा।

कोरम [कूर्म] ३११

दे० 'कच्छ'

कौरव ६६

चन्द्रवंशी राजा कुरु के वंशज धृतराष्ट्र के एक सौ पुत्र कौरव नाम से प्रसिद्ध हुए। पांडवों और कौरवों के महाभारत युद्ध में भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन के रथ के सारथी बने थे। भगवान् श्री कृष्ण के परामर्शानुसार युद्ध करके कौरवों के ऊपर पांडवों ने विजय प्राप्त की थी।

खर दूषण [खर, दूषण] ३८

खर और दूषण दोनों भाई थे। रावण का राज्य गोदावरी तीरस्थ दण्डकारण्य तक विस्तृत था। राज्य के प्रान्त भाग की रक्षा करने के लिए खर और दूषण १४ हजार सेना लेकर दण्डकारण्य में रहा करते थे। शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण द्वारा काट लिए जाने पर खर और दूषण ने राम पर आक्रमण किया। इस युद्ध में ये दोनों भाई श्रीराम द्वारा मारे गये।

गंगा १६०

भारत की एक अति पुण्यसलिला प्रसिद्ध नदी। प्राचीन काल से ही ऋषियों ने इस नदी की महिमा गायी है। ऋग्वेद में भी इसका उल्लेख मिलता है। इसकी उत्पत्ति युगानुसार पुराणों में अनेक प्रकार से वर्णित है। भगीरथ द्वारा लाई जाने के कारण भागीरथी राजर्षि जह्नु द्वारा पी जाने के कारण जाह्नवी और विष्णु के चरणों से निःसृत होने के कारण विष्णुपदी आदि गंगा के अनेक नाम हैं। हरिद्वार में 'हरि की पैड़ी' पर गंगा में स्नान करने का महान् पुण्य शास्त्रों में वर्णित है। दीर्घ काल तक संगृहीत गंगा-जल में कीटोत्पत्ति होकर कोई विकार उत्पन्न नहीं होता।

गांगेय [गांगेय] ४६

सोमवंशी पुरुकुलोत्पन्न महाराज शान्तनु के देवव्रत नामक पुत्र। गंगा से उत्पन्न होने के कारण इन्हें गांगेय भी कहा जाता है। इनके पिता ने सत्यवती नामक धीवर द्वारा पोषित कन्या से विवाह करने की इच्छा प्रकट की। धीवर ने इस शर्त पर विवाह करना

स्वीकार किया कि सत्यवती के गर्भ से उत्पन्न पुत्र ही राज्याधिकारी हो। पिता की इच्छापूर्ति के लिये आजन्म राज्य का त्याग और राज्य पर अधिकार करने वाली उनके कोई सन्तान नहीं हो अतः आजन्म ब्रह्मचारी रहने की भीषण प्रतिज्ञा की। इससे इनका नाम भीष्म बहु-प्रख्यात हुआ।

भीष्म महापराक्रमी, महारथी, महा विद्वान् और सत्यवक्ता थे।

भीष्म द्वारा भीषण शस्त्राग्नि वर्षा से पाण्डव-सेना का अपार सहार होगया। भीष्म के होते हुए विजय प्राप्त करना असम्भव जानकर रात को गुप्त रूप से श्री कृष्ण युधिष्ठिर को साथ लेकर भीष्म से यह पूछने गये कि उनकी मृत्यु रणक्षेत्र में किस प्रकार हो सकती है। शास्त्र और शस्त्र विद्या में, सत्यवक्ताओ मे और आयु इत्यादि बातो में कौरव-पाण्डव दोनों पक्षो में वृद्ध और पितामह होने के कारण इन्होंने जाकर इनके चरणों मे प्रणाम किया और अपनी दुख-गाथा सुनाई। भीष्म-पितामह ने अपनी मृत्यु का जो कारण बतलाया, वह जगत्-प्रसिद्ध है। दूसरे ही दिन अर्जुन ने शिखण्डी रूप स्त्री को महारथी बनाकर उसकी ओट मे बाणो की वर्षा करके भीष्मपितामह को धराशायी कर दिया। भीष्म सत्य वक्ता, अखण्ड ब्रह्मचारी और परमात्मनिष्ठ थे अत इन्हें इच्छा-मृत्यु का वरदान प्राप्त था। सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन में आने तक अप्रतिम वीरोचित कर्त्तव्य का पालन करते हुए इन्होने उर्ध्व बाणो की शय्या पर शयन किया और तब तक अपने प्राणों का विसर्जन नहीं होने दिया।

अर्जुन के बाणों से आहत शरशय्या पर सोते हुए भीष्म पितामह के पास उपदेश श्रवण करने के लिये अनेकों महर्षि राजर्षि और ब्रह्मर्षियों का समाज इकट्ठा होगया था। कृष्ण के अनेक-विध समझाने पर भी युद्ध में कुल-हत्या के सम्बन्ध में युधिष्ठिर को शान्ति नहीं मिल सकी तब श्रीकृष्ण उन्हें भीष्मपितामह के पास लेकर आये। भीष्मपितामह के जिस उपदेश द्वारा युधिष्ठिर को शान्ति प्राप्त हुई वह महाभारत में अनुशासन-पर्व और शान्ति-पर्व के नामों से प्रसिद्ध है।

भीष्म-वाणी

> नास्ति सत्यात् परो धर्मो नानृतात् पातकं परम्।
> स्थितिर्हि सत्यं धर्मस्य तस्मात् सत्यं न लोपयेत्॥

(शान्तिपर्व १६२। २४)

सत्य से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं और असत्य से बढ़कर कोई पाप नहीं। सत्य ही धर्म का आधार है अतः सत्य का लोप कभी नहीं होने दें।

गजराज २१

पाण्ड्य देश का अधिपति इन्द्रद्युम्न अगस्त्य ऋषि के शाप से गज-योनि को प्राप्त हो गया था। चौथे तामस मन्वन्तर में भगवान विष्णु ने हरि अवतार धारण करके गजेन्द्र और ग्राह दोनों का उद्धार किया था। गज पानी में क्रीड़ा कर रहा था। ग्राह ने उसका पांव पकड़ लिया और उसे पानी में खींचने। इसमें भी बहुत बल

लगाया, किन्तु अंत मे हार जाने पर श्री हरि का सुमिरण किया। हरि ने प्रगट होकर ग्राह से गज को छुड़ाकर पशुयोनि से उसकी मुक्ति की।

तत्रापि जज्ञे भगवान् हरिण्यां हरिमेधस
हरिरित्याहृतो येन गजेन्द्रो मोचितो ग्रहात् ॥

(भागवत स्क० ८)

गणेस [गणेश] २३७

भगवान् शिव के गणो के अधिपति होने के कारण इन्हें गणेश कहा जाता है। इनके जन्म के समय अन्य देवताओं के साथ शनि भी देखने आये थे। शनि के देखते ही गणेश का सिर घड़ से अलग होगया। विष्णु के कहने से इन्द्र के एक हाथी का सिर काट कर गणेश को लगा दिया गया। तब से यह गजानन भी कहलाने लगे। हस्ति-मुख देख कर कोई इनका तिरस्कार न करे, सभी देवताओं ने उस समय यह प्रतिज्ञा की कि विना गणेश की पूजा किये हम लोग किमी की पूजा ग्रहण नही करेंगे। तभी से गणेश की पूजा प्रथम की जाती है। यह भी एक कथा है कि एक बार देवताओं में सबसे प्रथम पूजनीय देवता कौन है का, विवाद उपस्थित हुआ, तब निर्णय हुआ कि जो पृथ्वी की परिक्रमा पहले कर आयेगा वही प्रथम पूजनीय समझा जायेगा। गणेश ने सर्वव्यापी 'राम' के नाम को लिख कर उसकी परिक्रमा कर डाली, जिससे देवताओं में सर्व प्रथम इन्ही की पूजा होती है।

गया ३४९

हिन्दुओं का एक पवित्र और प्राचीन तीर्थ-स्थान। धर्मवंशी अमूर्तरयस के पुत्र राजर्षि गय ने यहां के गय शिखर पर्वत पर ब्रह्मसर नाम का बड़ा तालाब बनवाकर एक बृहद् यज्ञ करके अपार धन और अन्न दक्षिणा में दिया था; इसी कारण इस क्षेत्र का नाम गया पड़ा। गया फल्गु नदी के किनारे पर बसा हुआ है। फल्गु तीर्थ नाग कूट गृध्र कूट पाण्डु-शिला गय शिला स्वर्ग-द्वार आदि यहां अनेक तीर्थ विद्यमान हैं। यहां पर श्राद्ध और पिंडदान आदि करने का माहात्म्य है। गया में पिंडदान किये बिना पितरों की मुक्ति नहीं होती। इसे पितृ-गया भी कहते हैं।

वायु पुराण में लिखा है कि विष्णु का परम भक्त और धार्मिक गय नाम का एक विशालकाय असुर कोलाहल नामक पर्वत पर कठोर तपस्या करता था। विष्णु आदि सभी देवताओं से निरंतर इस पर्वत पर स्थिर रहने का वरदान प्राप्त कर गय वहां स्थिर हो गया। इसीसे इस क्षेत्र का नाम गया होगया। सभी देवताओं का निवास होने के कारण यह परम पावन तीर्थ-क्षेत्र बन गया।

गरुड़ २४५

गरुड़ पक्षियों के राजा और भगवान विष्णु के भक्त और वाहन माने जाते हैं। ये विनता के गर्भ से उत्पन्न कश्यप के पुत्र हैं।

कश्यपजी ने एक बार पुत्र-प्राप्ति के लिये यज्ञ का अनुष्ठान किया था। इंद्र बालखिल्य आदि देवता और ऋषिगण समिधा

आदि यज्ञ सामग्री इकट्ठी करने लगे। अंगुष्ठ भर के वालखिल्य ऋषियों को पलाश की एक छोटी-सी टहनी घसीटते देखकर इंद्र को हँसी आगई। वालखिल्यगण कुपित होगये और कश्यप का पुत्र दूसरा इंद्र उत्पन्न करने लगे। पर कश्यप ने उन्हें समझाकर शान्त कर दिया और कहा कि तुम जिसे उत्पन्न करना चाहते हो, वह तो पक्षियों का इन्द्र होगा। अंत मे विनता के गर्भ से कश्यप ने अग्नि और सूर्य के समान गरुड और अरुण दो पुत्र उत्पन्न किये। गरुड विष्णु के वाहन हुए और अरुण सूर्य के सारथी।

गर्ग २४३

इस नाम के कई ऋषि हुए हैं।

१- आंगिरस भारद्वाज के वंशज गर्ग ऋषि एक वैदिक ऋषि हैं। ऋग्वेद के छठे मंडल का सूक्त इनका रचा हुआ है।

२- अथर्व वेद के परिशिष्ट के अनुसार गर्ग नाम के एक बहुत बड़े ज्योतिषी होगये हैं। गर्ग-संहिता नामक प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रंथ इन्ही का निर्मित है। ज्योतिष के यह सबसे पुराने आचार्य कहे जाते हैं। भागवत मे लिखा है कि बलराम और श्रीकृष्ण का नामकरण इन्ही ने किया था।

३- ब्रह्मा के एक मानस पुत्र जिनकी सृष्टि गया मे यज्ञ करने के लिये की गई थी।

गळकासिला [गंडकीशिला] ११४

गंडकी नदी मे प्राप्त होने वाले छोटे-छोटे श्याम वर्ण गोल शिलाखंड जो सालिग्राम की मूर्ति रूप माने जाते हैं। गोमती नदी में से प्राप्त शिलाखंडो का भी ऐसा ही महत्त्व है।

गया ३४६

हिन्दुओं का एक पवित्र और प्राचीन तीर्थ-स्थान। चन्द्रवंशी अमूर्तरजस के पुत्र राजर्षि गय ने यहाँ के गय शिखर पर्वत पर ब्रह्मसर नाम का बड़ा तालाब बनवाकर एक बृहत् यज्ञ करके अपार धन और अन्न दक्षिणा में दिया था। इसी कारण इस क्षेत्र का नाम गया पड़ा। गया फल्गु नदी के किनारे पर बसा हुआ है। फल्गु तीर्थ, नाग कूट गृध्र कूट पाण्डु-शिला धर्म-शिला स्वर्ग-द्वार आदि यहाँ अनेक तीर्थ विद्यमान हैं। यहाँ पर श्राद्ध और पिंडदान आदि करने का महात्म्य है। गया में पिंडदान किये बिना पितरों की मुक्ति नहीं होती। इसे पितृ-गया भी कहते हैं।

वायु पुराण में लिखा है कि विष्णु का परम भक्त और धार्मिक गय नाम का एक विशालकाय असुर कोलाहल नामक पर्वत पर कठोर तपस्या करता था। विष्णु आदि सभी देवताओं से निरंतर उस पर्वत पर स्थिर रहने का वरदान प्राप्त कर गय वहाँ निश्चल हो गया। इसीसे इस क्षेत्र का नाम गया होगया। सभी देवताओं का निवास होने के कारण यह परम पावन तीर्थ-क्षेत्र बन गया।

गरुड़ २४५

गरुड़ पक्षियों के राजा और भगवान विष्णु के भक्त और वाहन माने जाते हैं। ये विनता के गर्भ से उत्पन्न कश्यप के पुत्र हैं।

कश्यपजी ने एक बार पुत्र-प्राप्ति के लिये यज्ञ का अनुष्ठान किया था। इंद्र वालखिल्य आदि देवता और ऋषिगण समिधा

आदि यज्ञ सामग्री इकट्ठी करने लगे। अंगुष्ठ भर के वालखिल्य ऋषियों को पलाश की एक छोटी-सी टहनी घसीटते देखकर इंद्र को हँसी आगई। वालखिल्यगण कुपित होगये और कश्यप का पुत्र दूसरा इंद्र उत्पन्न करने लगे। पर कश्यप ने उन्हें समझाकर शान्त कर दिया और कहा कि तुम जिसे उत्पन्न करना चाहते हो, वह तो पक्षियों का इन्द्र होगा। अंत मे विनता के गर्भ से कश्यप ने अग्नि और सूर्य के समान गरुड और अरुण दो पुत्र उत्पन्न किये। गरुड विष्णु के वाहन हुए और अरुण सूर्य के सारथी।

गर्ग २४३

इस नाम के कई ऋषि हुए हैं।

१- आंगिरस भारद्वाज के वंशज गर्ग ऋषि एक वैदिक ऋषि हैं। ऋग्वेद के छठे मंडल का सूक्त इनका रचा हुआ है।

२- अथर्व वेद के परिशिष्ट के अनुसार गर्ग नाम के एक बहुत बड़े ज्योतिषी होगये हैं। गर्ग-संहिता नामक प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रंथ इन्ही का निर्मित है। ज्योतिष के यह सबसे पुराने आचार्य कहे जाते हैं। भागवत मे लिखा है कि बलराम और श्रीकृष्ण का नामकरण इन्ही ने किया था।

३- ब्रह्मा के एक मानस पुत्र जिनकी सृष्टि गया में यज्ञ करने के लिये की गई थी।

गळकासिला [गंडकीशिला] ११४

गंडकी नदी में प्राप्त होने वाले छोटे-छोटे श्याम वर्ण गोल शिलाखंड, जो सालिग्राम की मूर्ति रूप माने जाते हैं। गोमती नदी मे से प्राप्त शिलाखंडों का भी ऐसा ही महत्व है।

गवरि [गौरी] १६१

भगवान् शंकर की अर्द्धांगिनी पार्वती पहले श्याम वर्ण की। एक दिन भगवान् शंकर ने उन्हें हँसी में 'काली' कह दिया जिस पर पार्वती ने तप करके गौर वर्ण प्राप्त किया, तभी से पार्वती का गौरी नाम भी प्रसिद्ध होगया।

गायत्री १६१

१ त्रिकाल-सन्ध्या वन्दनादि ईश्वर-प्रार्थना का एक प्रसिद्ध त्रिपदात्मक वेद-मंत्र। गायत्री को वेदमाता भी कहा है। यह मंत्र सबसे अधिक पुनीत है। त्रिवर्णों के लिये इसका जप प्रतिदिन करना अनिवार्य माना गया है। यज्ञोपवीत धारण करते समय वेदारम्भ संस्कार करते हुए आचार्य सर्व प्रथम इस मंत्र का उपदेश ब्रह्मचारी को करते हैं। इस मंत्र के अकार उकार और मकार (ॐ) -ये तीनों वर्ण, भूः भुवः और स्वः – तीनों व्याहृतियां और सावित्री मंत्र के तीनों पद– ऋक् यजु और साम–तीनों वेदों से यथाक्रम निःसृत हैं। ओम्कार और व्याहृतियों सहित गायत्री मंत्र इस प्रकार है–

ॐ भू भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धी महि।
धियो यो नः प्रचोदयात्।

२- गायत्री सावित्री और सरस्वती– इन नामों से पहिचानी जानेवाली ब्रह्मा की ज्ञान-शक्ति।

गायत्री ब्रह्मा की स्त्री मानी जाती है। वषट्कार देवताओं की उत्पत्ति इसीसे हुई है।

ब्रह्मा की इन ज्ञान-शक्तियो की रूपक कथा बडी विचित्र और मनोरजनपूर्ण होने के साथ वैज्ञानिक और ज्ञानपूर्ण है ।

गुह ३८

शृंगवेरपुर के अधिपति निषादराज गुह महाराज दशरथ के परम मित्र और श्री राम के अनन्य भक्त थे ।

भगवान् श्रीराम के वनवास के समय इन्होने श्रीराम, सीता और लक्ष्मण को नाव मे बिठाकर गगा के पार उतारा था । गंगा के पार करने के पूर्व गुहराज ने भागवान् राम के चरणो को धोकर चरणोदक पान किया था । इस प्रेमानुरोध को स्वीकार कर लेने पर ही उन्हें अपनी नाव मे बैठने दिया था ।

श्रीराम के चित्रकूट मे निवास के समय अयोध्या की प्रजा सहित भरत जब राम को वापिस अयोध्या लौटा लाने के लिये आ रहे थे, तब इनको यह भ्रम होगया कि राज्य-शक्ति के प्राप्त हो जाने के कारण भरत भगवान् राम पर अपार सेना के साथ चढकर आ रहे हैं । भरत को वहीं रोककर यह उनसे युद्ध करने को तैयार हो गये । पर जब इन्हें यह मालूम हो गया कि भरत इस आशय से नहीं आरहे हैं, तो उन्हें भी अयोध्या की प्रजा के साथ गगा के पार उतार कर श्रीराम के पास पहुँचा आये ।

अयोध्या को त्रसित करने वाले द्रुमिदा राक्षस का वध गुहराज ने ही किया था ।

भक्त-वाणी

पद पखारि जलु पान करि, आपु सहित परिवार।
पितर पारु करि प्रभुहि पुनि मुदित गयउ लेइ पार॥

कहेउ कृपालु लेहि उतराई, केवट चरन गहे अकुलाई।
नाथ आजु मैं काह न पावा मिटे दोष दुख दारिद दावा।
बहुत काल मैं कीन्हि मजूरी आजु दीन्ह बिधि बनि भलि भूरी॥
(मानस अयोध्याकाण्ड)

गोरक्ष, गोरख ६१ ३५३

प्रख्यात सिद्ध योगी मत्स्येन्द्रनाथ के शिष्य गोरखनाथ जी नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक और प्रवर्तक एक महान योगी और सिद्ध पुरुष थे। गोरखनाथ ज्ञानाश्रमी शाखा के जन्मदाता माने जाते हैं। इस सम्प्रदाय में जाति-पाँति का कोई विचार नहीं होता, इसीलिये इस सम्प्रदाय को मानवधर्म सम्प्रदाय भी कहते हैं। विश्वविख्यात अद्वैतमत के प्रवर्तक अद्वितीय संन्यासी शंकराचार्य के बाद गोरखनाथ ही एक ऐसे महिमावान योगी पुरुष उत्पन्न हुए हैं, जिनका मत सारे भारतवर्ष में फैला हुआ है। गोरखपुर गोरखनाथ-महादेव का मन्दिर इस सम्प्रदाय का प्रधान मठ माना जाता है।

गौतम २४२

वर्तमान मन्वन्तर के सप्त-ऋषियों में से एक ऋषि। अहल्या इनकी पत्नी और शतानन्द ऋषि इनके पुत्र थे। देखो' अहल्या'

आप्त-वाणी

असतोष परं दुःखं सतोषः परमं सुखम् ।
सुखार्थी पुरुषस्तस्मात् संतुष्टः सततं भवेत् ।।
(पद्म सृष्टिखण्ड)

छ-सास्त्र, [षट्-शास्त्र] १५१ (खट-भाख = षट्-भाषा) २४२

सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त, इन्हे छ दर्शन या छ शास्त्र कहते हैं ।

१- सांख्य-दर्शन के आद्य-संस्थापक महर्षि भगवान् कपिलाचार्य हैं । सांख्य मे तत्त्वों की संख्या बताई गई है । इस दर्शन के अनुसार पुरुष और प्रकृति इन दो वर्गों मे मूल तत्त्व विभाजित होते हैं ।पुरुष चेतन पदार्थ और प्रकृति जड पदार्थ, किन्तु क्रियाशक्ति वाली और दृश्य माना है ।

२- योग दर्शन के आदि-प्रणेता पतंजलि हैं । सांख्य की विचार-धारा को चित्त के निरोध द्वारा अनुभव मे लाने के लिये इस शास्त्र का निर्माण किया गया है । नित्य-सिद्ध और नित्य-मुक्त पुरुष (ईश्वर) के स्वरूप का ध्यान करके कैवल्य-मोक्ष प्राप्त करने की पद्धति इस शास्त्र मे बताई गई है । दे पतजळ

३- न्याय-दर्शन के प्रणेता महर्षि गौतम हैं । इसमें जगत् के तत्त्वो का सोलह पदार्थों में समास किया गया है । और तर्क के द्वारा वस्तु निर्णय करने का प्रमाणशास्त्र इसके अन्तर्गत करने में आया है ।

४ मीमांसा–दर्शन जिसे पूर्व मीमांसा भी कहते हैं। इसके सूत्रकार महर्षि जैमिनि हैं। वेद के कर्मकाण्ड के मन्त्रों और ब्राह्मण ग्रन्थों के अर्थों का निर्णय न्यायानुसार किस रीति से किया जाय वेद का प्रामाण्य किस प्रकार का है और तर्क का स्थान कितने अर्थों में है इत्यादि प्रश्न और वैदिक कर्मों से सम्बन्धित विचारों का समावेश इस शास्त्र में किया गया है। वे अमम

५ वेदान्त-दर्शन जिसे उत्तर-मीमांसा भी कहते हैं। इस दर्शन के प्रवर्तक भगवान् बादरायण (वेद-व्यास) हैं। वेद के ज्ञान काण्ड से सम्बन्धित चिन्तन इस दर्शन शास्त्र में वर्णित है। वेदान्त और उपनिषदों के वाक्यों के अर्थों का निर्णय न्याय की रीति से इसमें किया गया है इसलिये इसे वेदान्त शास्त्र का न्याय प्रस्थान भी कहते हैं। तत्त्वज्ञान के इस महान अद्वैत दर्शन शास्त्र पर कई मतों का आविष्कार हुआ है। द्वैत द्वैताद्वैत विशिष्टाद्वैत अविभागाद्वैत केवलाद्वैत शुद्धाद्वैत आदि-आदि।

६ वैशेषिक–दर्शन के प्रणेता महर्षि कणाद हैं। इसमें विश्व का वर्गीकरण–द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष समवाय और अभाव– इन सात पदार्थों में किया गया है। प्रमाण के न्याय का अनुसरण करते हुए भ म जगत् का चिन्तन इस शास्त्र की विशेषता है।

जगदीस [जगदीश] ३४९, ३५०

हिन्दुओं के प्रमुख चार धामों में से जगदीशपुरी पूर्व दिशा का प्रसिद्ध धाम है। इसे पुरी अथवा जगन्नाथपुरी भी कहते हैं जो भारत

के पूर्वी समुद्र-तट पर उडीसा प्रदेश में स्थित है। यहा श्रीजगन्नाथजी श्री सुभद्राजी और श्रीबलभद्रजी की काष्ठ निर्मित असम्पूर्ण मूर्तियां प्रतिष्ठित हैं।

एकबार द्वारिका मे माता रोहिणीजी श्री कृष्णचन्द्र की पटरानियों को गोपियों के प्रेम–प्रसग की कथा सुना रही थी। उस समय सुभद्राजी को किसी को भीतर नही आने देने के लिए द्वार पर खडे रहने का रोहिणीजी ने आदेश दिया। उसी समय श्रीकृष्ण और बलभद्रजी आगये और अन्दर जाने लगे। सुभद्राजी ने दोनो के बीच में खडे होकर और अपने दोनो हाथ फैला कर उन्हें वही रोक दिया। रोहिणीजी द्वारा व्रज की गोपी-प्रेम कथा सुन कर तीनो वही खडे विह्वल हो गये। उसी समय देवर्षि नारदजी भी वहा आ गये। देवर्षि ने जब ये प्रेम-विह्वल रूप देखे तो वे भी द्रवित होगये और प्रार्थना की– 'आप तीनो इसी रूप में विराजमान हो।' उन्होने नारदजी की प्रार्थना को स्वीकार किया और कहा कि– 'कलियुग मे दारु-विग्रह के इसी रूप मे हम तीनो पुरी मे अवस्थित होगे।' दारु-विग्रह के रूप में प्राकट्य के और भी कारण कहे जाते हैं। श्री जगन्नाथ के रथोत्सव का मेला अद्वितीय होता है।

जगद्गुरु श्री शकराचार्य के चारो धामो में स्थापित पीठो मे से यहा के पीठ का नाम गोवर्धन-पीठ है। चारो पीठाधीश्वर 'अनन्त श्री जगद्गुरु शकराचार्य' की उपाधि से विभूषित होते हैं।

जक्ख [यक्ष] १५१

देवताओं की एक जाति। यक्ष जाति के देवता कुबेर के सेवक माने जाते हैं और ये उसकी निधियों की रक्षा करने वाले होते हैं।

जणय जणक [जनक] ३५, २४६

यह मिथिला के राजा थे। जगज्जननि भगवती सीता इन्हीं की पुत्री थी। इनके समय में मिथिला ब्रह्म-विद्या का क्रीड़ा-क्षेत्र बनी हुई थी। बड़े-बड़े ऋषि भी ब्रह्मज्ञान का उपदेश ग्रहण करने के लिए इनके पास आते थे। इन्हीं राजर्षि की सहायता से याज्ञवल्क्य ऋषि ने यजुर्वेद का संकलन किया था। उस समय के ब्राह्मणों में भी इनका सम्मान बहुत बढ़ा-चढ़ा था। शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि क्षात्रय उच्चकोटि के ज्ञानी होने के कारण राजर्षि जनक ने ब्राह्मणत्व प्राप्त कर लिया था। ये सदेह मुक्त थे और विदेह कहे जाते थे।

जमस [जैमिनि] २४३

महान् तत्त्ववेत्ता और शास्त्रार्थकर्त्ता महर्षि जैमिनि पूर्व-मीमांसा दर्शन के प्रणेता हैं। 'अथातो धर्म जिज्ञासा' और 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' इन दोनों सूत्रों के सूत्रकार जैमिनि ऋषि ही हैं। वेद-व्यास की आज्ञानुसार प्रथम सूत्र का पक्ष जैमिनि और दूसरे सूत्र के पक्ष का व्यास स्वयं समर्थन करें। इन्हीं दो सूत्रों के पक्ष में पूर्व-मीमांसा और उत्तर-मीमांसा (वेदान्त दर्शन) नामक दो दर्शन-ग्रन्थों का निर्माण हुआ। व्यास ने जैमिनि के पक्ष का खंडन किया है।

१ स-ब्राह्मण सं० ४

जयदेव ५०, २४६

जयदेव संस्कृत के प्रसिद्ध भक्त-कवि और गीतगोविन्द के रचयिता थे। इनकी कविता मधुर और ललित है। गीतगोविन्द में इन्होने अपनी माता का नाम वामदेवी और पिता का नाम भोजदेव लिखा है। बंगाल में अजय नदी के तट पर केंदूला ग्राम इनकी जन्मभूमि कहा जाता है।

जरा [जरायुज] २६६

चतुर्विध (अण्डज, स्वेदज, जरायुज और उद्भिज्ज) जीवो मे जरायु (आवल) से लिपटे हुए उत्पन्न होने के कारण मनुष्य, पशु आदि प्राणी जरायुज कहलाते हैं। गर्भ वेष्टित चर्म को जरायु कहते हैं। पिण्डज (जरायुज) प्राणी चतुर्विध जीवो में श्रेष्ठ प्राणी हैं।

जरासंध ८५

यह मगध के राजा वृहद्रथ का पुत्र था। वृहद्रथ के जब कोई पुत्र नहीं था तो वृहद्रथ ने महर्षि चण्डकौशिक को प्रसन्न करके संतान प्राप्ति के लिये उनसे एक फल प्राप्त किया। वृहद्रथ ने उस फल के दो टुकडे करके अपनी दोनो स्त्रियो को खिला दिया, जिससे दोनों स्त्रियों के गर्भ से एक शरीर के आधे-आधे अंग के दो टुकडो के रूप में एक बालक उत्पन्न हुआ। वृहद्रथ इससे बहुत दुखी हुआ। उसने उन दोनों टुकडों को श्मशान में फिकवा दिया। वहां जरा नाम की एक राक्षसी रहती थी, उसने उन दोनों टुकडो को जोडकर और जीवित करके वृहद्रथ को सौंप दिया और कहा कि यह बडा

पराक्रमी होगा और इसकी यह संधि टूटे बिना इसकी मृत्यु नहीं होगी। राजा बड़ा प्रसन्न हुआ और उसका नाम जरासंध रखा।

जरासंध ने सैकड़ों राजाओं को युद्ध में जीत-जीतकर रुद्रयाग में बलि देने को पशुओं की भांति एक दूसरे से बांधकर कैद कर रखा था। इन सबने श्रीकृष्ण को गुप्त संदेश पहुँचाया कि हमारी मृत्यु निकट आ गई है। आपके अतिरिक्त हमें कोई बचाने वाला नहीं है। हमें इस भयंकर कष्ट से शीघ्र छुड़ाने की कृपा करें। श्रीकृष्ण ने दूत के साथ उत्तर दिया कि तुम्हारा शीघ्र ही छुटकारा हो जायगा। श्रीकृष्ण के आदेशानुसार भीम ने जरासंध को चीर कर दाहिने अंग को बायीं ओर और बाएँ अंग को दाहिनी ओर फेंक दिया।

ताड़ीका [ताड़का] ९५

यह सुकेतु यक्ष की कन्या तथा मारीच और सुबाहु की माता थी। यह अगस्त्य ऋषि के शाप से राक्षसी हो गई थी और सरयू के किनारे ताड़क नामक वन में निवास करती थी। उस प्रदेश में इसके उत्पात से त्राहि त्राहि मच गई थी। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ समारंभ में भी यह नित्य बाधा डालती रहती थी। अतः इसका वध करने के लिए वे महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण को ले गये। मार्ग में ही इसने इन पर आक्रमण कर दिया। भगवान राम को स्त्री का वध अनुचित प्रतीत हुआ किन्तु माया के बल से जब यह बहुत जोर की पत्थर-वृष्टि करने लगी तब विश्वामित्र की आज्ञा से राम ने इसका वध कर डाला।

तुमर, तुम्मर [तुबुरु] १२३, १८६, १६०

प्राधाना नाम के गधर्व का तुंबुरु नामक पुत्र । यह गधर्वों में बहुत प्रसिद्ध हुआ । राजस्थानी मे यह नाम 'गधव' अर्थ मे रूढ हो गया मालूम होता है ।

त्रीकम [त्रिविक्रम] १०७, २१६

भगवान् विष्णु के त्रिलोक व्यापी रूप का नाम । विष्णु का यह नाम वामन अवतार के लिये लिया जाता है, जिसमे उन्होने तीन पैड से स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक नाप लिये थे ।

दत्तात्रय, दतदेव, गुरुदत्त [दत्तात्रेय] १२, ८८, ६१

भगवान् विष्णु के चोबीस अवतारो मे से एक । महर्षि अत्रि की पत्नी अनसूया के पतिव्रत-धर्म के प्रभाव से जब देवगण प्रसन्न हुए तो उन्होंने अनसूया को वर मागने को कहा । उन्होंने वर मागा कि ब्रह्मा विष्णु और महेश ये तीनो मेरे पुत्र हो । वर के प्रभाव से अनसूया के गर्भ से ब्रह्मा सोम रूप से, विष्णु दत्त रूप से और शकर दुर्वासा के रूप में उत्पन्न हुए ।

सोराष्ट्र में जूनागढ के पास गिरनार पर्वत गुरु दत्तात्रेय का तप'स्थान है, जो दत्त-शिखर के नाम से प्रसिद्ध है ।

आबू पर्वत का सर्वोच्च शिखर 'गुरु शिखर' के नाम से प्रसिद्ध है, जहा गुरु दत्तात्रेय के चरण-चिह्नों के दर्शन है ।

दशानन [दशानन] ४२

दशानन पुलस्त्य ऋषि का पौत्र और विश्रवा ऋषि का पुत्र था। इसकी माता का नाम पुष्पोत्कटा था। मयासुर की पुत्री मंदोदरी इसकी पत्नी थी। जन्म से ही दस सिर होने से इसका नाम दशानन अथवा दशकंधर हुआ रावण नाम बाद में रखा गया। वह महान् पराक्रमी प्रकाण्ड पण्डित बुद्धिशाली और अनन्य शिव भक्त था। अपनी अद्भुत तपस्या द्वारा ब्रह्मा को भी इसने प्रसन्न करके मनुष्य के अतिरिक्त किसी से भी मारा नहीं जाने का वरदान प्राप्त किया था। शक्ति और तप के प्रभाव से सभी देवता इसकी सेवामें प्रस्तुत रहते थे।

राम वनवास के समय इसने सीता का हरण कर लिया था जिसके फलस्वरूप राम रावण युद्ध हुआ और वह मारा गया। तदनन्तर राम ने इसके भाई विभीषण को ही लंका का राज्य दे दिया था।

दिगपाळ [दिकपाल] १५९ २५१

पुराणानुसार दसों दिशाओं का पालन करने वाले देवता। कहीं कहीं अष्ट दिग्पाल भी कहे जाते हैं। पूर्व दिशा से ईशान पर्यंत क्रम से इनके नाम ये हैं— इन्द्र अग्नि, पितर, निर्ऋति वरुण वायु कुबेर या सोम (वैश्रवण) और ईशान। दिग्देवता दिगेश दिग्पति और दिगाज आदि इनके पर्याय हैं।

दीरघ-देह, [दीर्घ देह] १७०

दीर्घ-देह अर्थात् स्थूल-शरीर। जो पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश- इन पच-महाभूतों (के एक साथ मिलने से) और कर्मों द्वारा उत्पन्न है। और जो सुख-दुखादि भोगों का स्थान है।

स्थूल-शरीर छ विकारो वाला होता है- १ गर्भ २ जन्म ३ वृद्धि ४ दृढत्व, ५. वृद्धत्व (बुढापा) और ६ नाश।

पचीकृत पच महाभूतं कृत सत् कर्मजन्य,
सुख दु खादि भोगायतन शरीरम्।
अस्ति जायते वर्धते विपरिणमते अपक्षीयते विनश्यतीति,
षड्‌ विकार वदेतत्स्थूशरीरम् ।

तत्वबोध

दुज-पंख [द्विज-पक्ष] ७६

गरुड को द्विज भी कहते हैं। यह विनता के गर्भ से उत्पन्न महर्षि कश्यप के पुत्र हैं। सर्पों की माता कद्रू (जो विनता की बहिन और कश्यप की बडी पत्नी थी) से अपनी माता के दासत्व को छुडाने के लिये यह पाताल से अमृत लाने के लिये गये थे।

भगवान् के रथ की ध्वजा में यह सदा प्रतिष्ठित रहते हैं और विष्णु भगवान् के वाहन हैं। दे० गरुड

परशुराम [द्विज राम] १३

राम बलराम और द्विजराम ये तीन 'राम' कहे जाते हैं। इनमें से यह ब्राह्मण 'राम' भगवान् विष्णु का अंशावतार कहा जाता है। यह महर्षि जमदग्नि के पांचवें पुत्र हैं। भगवान् शंकर से इन्होंने अमोघ-अस्त्र परशु प्राप्त किया था इसीसे यह परशुराम कहलाये। कार्तवीर्य (सहस्रार्जुन) ने इनके पिता की कामधेनु चुरा ली इस पर इन्होंने कार्तवीर्य को मार दिया। कार्तवीर्य के पुत्रों ने इनके पिता को मार डाला। परशुरामजी ने इस बात को लेकर समस्त क्षत्री जाति को नाश करने का संकल्प कर लिया और २१ बार पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन कर दिया। केवल कुछ विधवा क्षत्राणियां जो अपने बालकों को लेकर ऋषियों के आश्रमों में छिप गयी थीं उनके बालक बच गये। विदेह जनक ब्रह्मनिष्ठ होने के कारण मारे नहीं गये थे। सूर्यवंशी मूलक राजा स्त्री-वेष से स्त्रियों में छिपा रहा इसलिए वह भी बचा रह गया। इस प्रकार क्षत्रीवंश समूल नष्ट नहीं हो सका।

जानकीजी के स्वयंवर में राजा जनक के यहां भगवान राम द्वारा धनुष भंग होने पर यह वहां गये थे। इस धनुष के तोड़े जाने से यह बहुत क्रुद्ध हुए। परन्तु जब इन्हें यह पता चल गया कि शंकर के इस धनुष को तोड़ने वाले विष्णु के पूर्ण अवतार भगवान् राम हैं तो इन्होंने इस संशय के निवारणार्थ अपना धनुष श्रीराम को दिया जो उन्होंने तुरन्त चढ़ा दिया। उसी समय उनका विष्णु तेज निकलकर भगवान् राम में समा गया और यह वन में तपस्या करने को चले गये।

दुसासरा, [दुःशासन] ४६

यह घृतराष्ट्र के सौ पुत्रो मे से एक था और दुर्योधन का छोटा भाई था। यह दुर्योधन जैसा ही पराक्रमी और महारथी था परन्तु था महादुष्ट। इसने दुर्योधन की आज्ञा से द्रौपदी को रजस्वला होते हुए भी, उसको वेणी पकडकर अन्त पुर से सभा मे घसीट लाया था और निर्लज्जि बनकर उसे वहा नग्न करने का प्रयत्न किया था। परन्तु भगवान् श्रीकृष्ण ने द्रौपदी का चीर अनन्त बना दिया जिससे वह नग्न होने से बच गई। भीमसेन ने इसका वध किया था।

दूणागिर [द्रोणगिरि] २२१

राम-रावण युद्ध मे मेघनाद के द्वारा शक्ति-बाण के लगने से जब लक्ष्मण मूर्छित होगये तब द्रोणागिरि पर्वत पर सजीवनी लेनै हनुमान भेजे गये। वहा बूटी को नही पहिचान सकने के कारण वे इस पर्वत शिखर को ही उठा ले आये थे।

द्रजीत [इन्द्रजीत] ४२

यह लकेश्वर रावरण का पुत्र था। देवराज इन्द्र को युद्ध मे परास्त करने के कारण मेघनाद का एक दूसरा नाम इन्द्रजीत पडा। इसने राम-रावण युद्ध मे दो वार राम-लक्ष्रण को हराया था। अनन्तर भयकर युद्ध होने पर यह लक्ष्मरण के हाथ से मारा गया। यह मेघ के समान भयकर गर्जन करने वाला और महा पराक्रमी था।

प्रमोरा, [दुर्योधन] ४६

कुरुराज धृतराष्ट्र के गांधारी के गर्भ से उत्पन्न सौ पुत्रों में से दुर्योधन सबसे बड़ा था। यह बड़ा दुष्ट और पराक्रमी था। पांडवों से तो यह बचपन से ही द्वेष रखने लग गया था। भीम को भोजन में विष देकर नदी में डुबा दिया था। सबको एक ही साथ मार देने के लिये एक सुन्दर लाक्षागृह बनवाया और इसमें पांडवों को निवास देकर उसमें आग लगाई। अनेकों बार कई प्रकार के छल-छिद्र कर इन्हें मार देने के षड्यंत्र-प्रयत्न किये पर भगवान की कृपा से वे बचते रहे। अन्त में महान् धूर्त शकुनि के साथ युधिष्ठिर को जुआ खेलने और उसमें राज्यादि समस्त सम्पत्ति और यहां तक कि द्रौपदी तक को दाँव पर रखने को विवश किया। पांडवों का सर्वस्व हार जाना द्रौपदी को दुःशासन द्वारा पकड़ कर सभा में घसीट लाना और वहां उसे निर्लज्जता पूर्वक नंगी करने का अमानवीय अत्याचार करने का जबरदस्त प्रयत्न करना। जुआ में हार जाने की शर्त के अनुसार बारह वर्ष वन में रहना तेरहवें वर्ष अज्ञात रहना। और इस बीच यदि पता लग जाय तो बारह वर्ष पुनः वनवास भुगतना। वनवास और अज्ञातवास से लौट आने पर पांडवों को रहने के लिये पांच गांव जितनी भूमि भी देना स्वीकार नहीं करना। दुर्योधन की ऐसी अनेक दुष्टताओं के परिणाम-स्वरूप महाभारत जैसा भयंकर युद्ध हुआ जिसमें अन्यायी कौरव मारे गये और पांडवों की विजय हुई।

द्रोण, ४६, ८१

ये भारद्वाज ऋषि के पुत्र हैं। इन्होंने धनुर्विद्या तथा आग्नेयास्त्र की शिक्षा पहले अपने पिता से और फिर भारद्वाज के शिष्य अग्निवेश से पाई थी। अस्त्र-विद्या में निपुण होने के लिए इन्होंने श्री परशुरामजी से भी शिक्षा पायी। शरद्वान की पुत्री (कृपाचार्य की बहिन) कृपि से इनका ब्याह हुआ। महान् पराक्रमी महारथी अश्वत्थामा इन्ही का पुत्र था। भीष्मपितामह ने कौरवों तथा पाण्डवो को शस्त्र-विद्या की शिक्षा देने के लिए द्रोणाचार्य को नियुक्त किया था।

राजा द्रुपद इनके बाल-सखा थे। द्रुपद कहा करते थे कि राजा होने पर भी उन दोनो मे ऐसी ही मित्रता बनी रहेगी और उसे दृढ करने के लिए वे उन्हें आधा राज दे देंगे। परन्तु राजा होने के बाद इन्होंने अपने सखा द्रोण को बिल्कुल ही भुला दिया। एक बार जब ये उनसे मिलने के लिए गये तो उन्होंने इन्हें उपेक्षा की दृष्टि से देखा। द्रोण को इससे विशेष क्षोभ हुआ। पांडवों के द्वारा उन्होंने द्रुपद को पराजित करवाकर अपने सम्मुख बन्दी रूप में उपस्थित करवाया और उसका आधा राज छीन कर उसे मुक्त कर दिया। कौरव-पाण्डव युद्ध में द्रोण कौरवों की ओर से लडे थे। द्रुपद के पुत्र धृष्टद्युम्न द्वारा इनका वध हुआ।

धनतर [धन्वन्तरि] १२

आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान् विष्णु का अवतार जो समुद्र मथन के समय, हाथ में अमृत घट लिये हुए प्रगट हुए थे। यह आयुर्वेद के प्रथम और प्रधान आचार्य और देवताओं के वैद्य हैं।

धनेस [धनेश] १५१

यह महर्षि पुलस्त्य के पौत्र और विश्रवा के पुत्र सभी यक्षों के अधिपति हैं। इनकी नगरी का नाम अलकापुरी है। कुबेर देवताओं के कोषाध्यक्ष हैं। इनके तीन पैर और आठ दाँत कहे जाते हैं। कुबेर और रावण दोनों भाई हैं। कुबेर यक्षाधिपति हैं और रावण राक्षसाधिपति है। कुबेर उत्तर–दिग्पाल हैं।

धरणीधर, ८, ९२ १०१, ३४२

राजस्थान और गुजरात का प्राचीन काल का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान। प्राचीन समय में इसे वाराहपुरी कहते थे। उत्तर गुजरात के वाव और थराद नगरों के पास ढेमा गाँव में भगवान् श्री विष्णु की इस अद्भुत मनोहर मूर्ति का विशाल मंदिर बना हुआ है। मंदिर के पास मानसरोवर नाम का एक बड़ा तालाब है। यहाँ शिवजी लक्ष्मीजी गणेशजी और हनुमानजी आदि के मन्दिर भी हैं। प्राचीन काल में पंजाब सिंध तथा उत्तर-प्रदेश और राजस्थान आदि देशों की ओर से द्वारका की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रथम धरणीधर के दर्शन करना और यहाँ की तप्त मुद्राओं को अपनी भुजाओं पर लगवाना आवश्यक समझा जाता था। आजकल तप्त मुद्राओं के स्थान केसर-चन्दन की मुद्राएँ लगाई जाती हैं। महाभारत में इस तीर्थ का बड़ा माहात्म्य लिखा है। पश्चिम रेलवे की पालनपुर-कंडला गांधीधाम शाखा पर भाभर स्टेशन से धरणीधर के लिये मोटर-बसें मिलती हैं।

ऐसा माना जाता है कि भगवान् श्रीकृष्ण द्वारका जाते हुए यहाँ ठहरे थे अतः इस तीर्थ का निर्माण हुआ।

धुरू, ध्रुव, [ध्रुव] ६१, १४६, २२१

ध्रुव स्वयंभू मनु के पौत्र तथा महाराज उत्तानपाद के पुत्र हैं। उत्तानपाद के दो रानियां थी— सुरुचि तथा सुनीति । सुनीति के गर्भ से ध्रुव तथा सुरुचि के गर्भ से उत्तम की उत्पत्ति हुई । एक बार जब उत्तम राजा की गोद मे बैठा था तो ध्रुव भी जाकर उनकी गोद के एक भाग मे बैठ गया। सुरुचि ने ध्रुव को अवज्ञा के साथ हटा दिया। ध्रुव को यह अपमान असह्य होगया और वे उसी समय वन को चल दिये। यहां उन्होने घोर तप करके भगवान् को प्रसन्न किया और वर प्राप्त किया कि "वह समस्त लोको, ग्रहो तथा नक्षत्रो के ऊपर उनके आधार-स्वरूप होकर स्थित रहेगा, और उसके रहने से वह स्थान ध्रुवलोक के नाम से विख्यात होगा।" पश्चात् इन्होने घर आकर अपने पिता का राज्य प्राप्त किया और अनेको वर्ष धर्म और नीतिपूर्वक राज्य करके ध्रुवलोक मे चले गये।

नळकूबड़ [नलकूबर] २५४

कुवेर के पुत्र नल कूबर और इसका बड़ा भाई मणिग्रीव दोनो अपनी स्त्रियो के साथ गगा मे जल-क्रीडा कर रहे थे, इतने मे नारदजी उधर होकर निकले। मदोन्मत्त दोनो भाईयो ने नारदजी की हंसी उडाई और नमस्कार नही किया। इस पर नारदजी ने इन्हें शाप दिया कि 'तुम लोग जड-बुद्धि हो अत' वृक्ष हो जाओ।' भूल का भान हो जाने पर इन्होंने प्रार्थना की कि हमारे अविवेक को क्षमा करें। दयालु नारदजी ने क्षमा करते हुए कहा कि भगवान् श्री कृष्ण के चरण-स्पर्श से तुम्हारा उद्धार होगा।

शाप के कारण दोनों भाई गोकुल में जुड़वाँ अर्जुन वृक्ष उत्पन्न हुए, जिनका यमलार्जुन नाम पड़ा। एक दिन यशोदाजी ने बालक कृष्ण को ऊखल से बाँध दिया। कृष्ण ऊखल को घसीटते हुए वृक्षों के पास पहुँच गये और ऊखल को दोनों वृक्षों के बीच में अटकाकर जोर से झटका मारा जिससे दोनों वृक्ष गिर गये और उनमें से नलकूबर और मणिग्रीव अपनी दिव्य देह से प्रगट हो गये। श्री कृष्ण की स्तुति और वंदन करके दोनों अपने स्थान को चले गये।

नवखंड २०१

पौराणिक भूगोल के अनुसार समस्त पृथ्वी के नौ खंड माने गये हैं और वे इस प्रकार हैं— (१) इलावृत (२) भद्राश्व (३) हरिवर्ष (४) किंपुरुष (५) केतुमाल (६) रम्यक (७) भारत (८) हिरण्मय और (९) उत्तर कुरु। दूसरे मतानुसार इन नौ खंडों के नाम इस प्रकार हैं— (१) भरत (२) वर्त (३) राम (४) इलावर्त (५) केतुमाल (६) हरि (७) विविधत (८) महि और (९) सुवर्ण।

नवग्रह २५१, २५८

मंगल, बुध, चन्द्र, शनि, शुक्र, गुरु, राहु, केतु और सूर्य ये नौ ग्रह हैं।

नव निद्ध, नवो निध [नव निधि] २०१, २३१

महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील और खर्व, ये कुबेर की नौ निधियाँ हैं।

नाग-नवै-कुळ [नव-कुल नाग] १६१

कश्यप तथा कद्रू के पुत्र नाग मेरु-कर्णिका में रहने वाले वरुण की सभा के सभापति थे। कश्यप के पुत्र नौ प्रमुख नाग नौकुली नाग कहलाते हैं[1]। त्रिलोकी भर मे इन्होने बडा भारी

---

१. राजस्थानी साहित्य मे नागो के नौ कुल माने गये हैं, अत 'नव कुळी नाग' प्रसिद्धि मे आया हुआ है। पुराणों मे केवल आठ कुल मान कर अष्ट कुली' अथवा 'अष्ट नाग' कहा है। वे इस प्रकार हैं—

अनत, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, शख, कुलिक, पद्म और महापद्म। यही नागों की आठ मुख्य जातिएँ हैं। इनके कई अवातर भेद और हैं जिन्हें भी नागवश या नाग कुल कहते हैं। वासुकि इन सब का अधिपति माना जाता है। इसकी स्त्री का नाम शतशीर्षा है। वासुकि ही सदैव भगवान् शकर के भूषण रूप मे उनका आश्रित रहता है। समुद्र-मथन के समय देव और दैत्यों ने इसी को मथन-रज्जु बनाया था। वासुकि के पन्द्रह नाग-कुल प्रसिद्ध हैं।

कहा जाता है कि शाप के प्रत्याहार से ये मारवाड देश में मडोर के पास सुरक्षित स्थान में चले गये थे। वहाँ इनके नाम से नागादरी (नागह्रदो, वा नागह्रदिनी) नदी, नाग कुण्ड नागह्रद और भोगी-शैल (भोगवती) आदि अनेक तीर्थ-स्थान प्रसिद्ध हैं और वहाँ बड़े मेले लगते हैं। मारवाड के पू गल प्रदेश के एक गांव में इन नागों के भाट रहते हैं। जिनके पास इनकी बडी विस्तृत वशावलियां बताई जाती हैं। वर्ष में एक बार निश्चित तिथि पर किसी विशेष स्थान पर जाकर ये वहां उनकी वशावलियां पढते हैं।

उपद्रव मचाया तब ब्रह्माजी ने इन्हें शाप दे दिया कि जन्मेजय के नाग-यज्ञ में तुम सभी नष्ट हो जाओगे। पर इनकी प्रार्थना से द्रवीभूत होकर ब्रह्माजी ने शाप का प्रत्याहार कर लिया। ये सभी एक दूसरे स्थान में चले गये और वहां पर एक नाग-तीर्थ की सृष्टि की। जिस दिन ब्रह्मा के पास ये प्रार्थना करने गये थे उस दिन श्रावण शु पञ्चमी थी जो अब नाग-पंचमी के नाम से प्रसिद्ध है।

नारसिंघ [नृसिंह] १३

आधी सिंह की ओर आधी मनुष्य की आकृति वाला भगवान् विष्णु का एक अवतार। हिरण्यकशिपु दैत्य को मारकर उसके पुत्र भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने के निमित्त विष्णु भगवान् को ऐसा नृसिंह रूप धारण करना पड़ा था।

नकासुर [नरकासुर] ५०

यह भूमि का पुत्र था अतः इसे भौमासुर भी कहते हैं। भू देवी ने भगवान् विष्णु को प्रसन्न करके उनसे अपने पुत्र नरकासुर को वैष्णवास्त्र दिलवा दिया। इसको प्राप्त करके यह महा बलवान होगया।

इसने देवताओं को बहुत पीड़ित किया और इनकी तथा इन्द्र की संपत्ति हर कर अपने नगर प्राग्ज्योतिषपुर में लाया। यह बात इन्द्र ने भगवान् कृष्ण से कही। इसको वरदान था कि बिना इसकी माता की आज्ञा के इसकी मृत्यु नहीं होगी। सत्यभामा, पृथ्वी का अवतार थी अतः भगवान् श्रीकृष्ण इन्हें साथ लेकर नरकासुर का वध करने गये।

नरकासुर युद्ध मे मारागया। इसके बन्दीखाने मे सोलह हजार कन्याए बन्द थी भगवान् ने उनको मुक्त किया और उनकी प्रार्थना पर उनसे विवाह किया।

पंचाळी [पाचाली] ५१

पाचालराज द्रुपद की यज्ञ वेदी से उत्पन्न कृष्णा नाम की कन्या, जो पाण्डवो को व्याही थी। पाचाल देश की होने के कारण इसका नाम पाचाली पडा। द्रुपद की कन्या होने के कारण द्रौपदी नाम प्रसिद्ध हुआ। दुष्ट दुर्योधन की आज्ञा से द्यूत-सभा मे दु शासन ने पांचाली का चीर हरण करना शुरु किया। द्रौपदी ने अपने पति और वृद्धजनो से सहायतार्थ पुकार की पर किसीने उसकी सहायता नही की। तब उसने भगवान् श्री कृष्ण से आर्त पुकार की, जिससे उसका चीर अनन्त हो गया और उसकी लाज बच गई।

आर्त-वाणी

कृष्ण कृष्ण महायोगिन् विश्वात्मन् विश्वभावन
प्रपन्नां पाहि गोविन्द कुरु मध्येऽवसीदतीम्

हे श्री कृष्ण ! आप महायोगी और सच्चिदानद हैं। आप ही विश्वात्मा (सर्वस्वरूप) और आप ही विश्व के प्रिय हैं। हे गोविन्द ! मैं कौरवो से घिर कर बडे सकट मे पड गई हू। अब आपकी शरण मे हू। प्रभु ! आप मेरी रक्षा कीजिये।

पतंजळ [पतंजलि] २४३

१ योग-शास्त्र के प्रणेता महर्षि पतजलि। इनके इस दर्शन मे योग-साधन द्वारा चित्त की वृत्तियों को वश मे करने के उपाय बताये गये हैं। इसे योग-सूत्र भ कहते हैं। दे० छ-सास्त्र सख्या २

आर्ष-वाणी

अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः

(योगसूत्र)

अहिंसा की संपूर्ण और दृढ़ स्थिति हो जाने पर (उस योगी के निकट सिंह सर्प आदि हिंसक और निर्वैर) समस्त प्राणी वैर का त्याग कर देते हैं।

१. एक प्रसिद्ध महाभाष्यकार मुनि जिन्होंने पाणिनीय सूत्रों (अष्टाध्यायी व्याकरण) पर और कात्यायन कृत वार्तिक पर महाभाष्य लिखा है।

परासर [पराशर] २४५

महर्षि पराशर महर्षि वसिष्ठ के पौत्र और शक्ति ऋषि के पुत्र एक योगकार ऋषि हैं। इनके पिता शक्ति ऋषि को राक्षसों ने मार दिया था। इन्होंने इसका बदला लेने के लिए राक्षस-वध करना प्रारम्भ किया था परन्तु वसिष्ठ ऋषि के कहने से बन्द कर दिया। यह महान् तपस्वी थे। इनका 'पराशर-स्मृति' नामक धर्मशास्त्र प्रसिद्ध है। वेद-व्यास कृष्ण-द्वैपायन इन्हीं के पुत्र थे।

स्मृति-वाणी

तस्माद्दुःखात्मकं नास्ति न च किञ्चित् सुखात्मकम्।
मनसः परिणामोऽयं सुखदुःखादि लक्षणः॥

(महर्षि पराशर)

इसलिए कोई भी वस्तु न तो किंचित् दुःखमय है और न किंचित् सुखमय ही है यह तो केवल मन के परिणाम हैं। सुख-दुःख के लक्षण यही हैं।

परीखत, [परीक्षित्] ४६

परीक्षित् महावीर अर्जुन के पौत्र और अभिमन्यु के पुत्र थे। अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से भगवान श्रीकृष्ण ने इनकी गर्भ मे रक्षा की थी और उस समय इन्होने गर्भ मे भगवान् के दर्शन किये थे। जन्मते ही सर्वत्र भगवान् के होने की परीक्षा करने लग जाने के कारण इनका नाम परीक्षित् रखा गया। पाडवो के बाद इन्होने बहुत ही उत्तम प्रकार से राज्य का सचालन किया।

कलियुग का आरम्भ इन्ही के समय मे हुआ माना जाता है। एकबार जगल मे इन्हे एक राज्य चिह्न धारण किया हुआ एक शूद्र मिला, जो एक गाय और बैल को निर्दयतापूर्वक मूसल से पीटता जा रहा था। परीक्षित क्रोधित होकर उसे दण्ड देने लगे। शूद्र ने अपना परिचय देते हुए कहा— "राजन् ! मैं कलियुग हूँ, यह गाय पृथ्वी और बैल धर्म है। आज द्वापर की समाप्ति पर मेरा प्रवेश हो रहा है। मुझे शरण और अभय देने की कृपा कीजिए। आप जैसे धर्मात्माओ के राज्यशासन मे मेरा युग प्रभु-प्राप्ति के लिए महादुष्टों को भी बडा सुलभ होगा। मेरा ऐसा रूप और कर्तव्य देख करके आप घबरायें नही। मुझे शरण दीजिए।" कहते हुए महाराज के चरणो मे गिर पडा।

महाराज परीक्षित् ने शरणागत जानकर छोड दिया और चौदह स्थानो मे रहने के लिए उसे अभय कर दिया। उन स्थानो मे एक स्वर्ण भी था। परीक्षित् के सिर पर उस समय सोने का मुकुट धारण किया हुआ था, अत कलि ने उसी समय उस पर अपना

आसन जमा दिया। घर को लौटते हुए परीक्षित् शमीक ऋषि के आश्रम में पहुँच जाते हैं वहाँ कलि की बुद्धि से प्रेरित होकर ध्यानमग्न ऋषि के गले में मरा हुआ साँप डाल देते हैं। शमीक ऋषि के पुत्र शृंगी ऋषि को जब यह बात मालूम होती है वह क्रोध में आकर राजा को यह शाप दे देते हैं कि सातवें दिन सर्प के काटने से उसकी मृत्यु हो जायगी।

परीक्षित् ने अपना मृत्युकाल निकट आया जान जनमेजय को राज्य दे दिया और गंगा के तट पर जाकर बैठ गया। वहाँ उन्होंने अन्न-जल का त्याग कर दिया और शुकदेव मुनि से भागवत की कथा श्रवण की। सातवें दिन तक्षक के डंस से उनकी मृत्यु होगई।

परीक्षित-वाणी

निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद्भवौषधाच्छ्रोत्रमनोऽभिरामात् ।
क उत्तम श्लोक गुणानुवादात् पुमान् विरज्यते विना पशुघ्नात् ॥

(श्री मद्भागवत)

जिनकी तृष्णा सदा के लिए मिट गई है वे जीवन्मुक्त महापुरुष जिसका कभी तृप्त नहीं होकर पूर्ण प्रेम से गान किया करते हैं, मुमुक्षुजनों के लिए जो भवरोग की औषधि है तथा विषयी लोगों के कान और मन को भी परम आह्लाद देनेवाला है। भगवान श्रीकृष्णचन्द्र के ऐसे उत्तम गुणानुवाद से पशुघाती अथवा आत्मघाती मनुष्य के अतिरिक्त और ऐसा कौन है जो उससे विमुख हो जाय?

पांडव ४५ ३३८

महाराज पाण्डु के पुत्र युधिष्ठिर भीम अर्जुन नकुल और सहदेव ये पाँचों पाण्डव कहलाते हैं। युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन

ये तीनो कुन्ती के गर्भ से और नकुल और सहदेव माद्री के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। ये पाचो पाण्डु के क्षेत्रज पुत्र थे। युधिष्ठिर धर्म के, भीम वायु के, अर्जुन इन्द्र के और नकुल और सहदेव अश्विनीकुमार-द्वय के औरस से उत्पन्न हुए थे। ये धर्मात्मा, नीतिज्ञ, महापराक्रमी और भक्त थे। कौरव-पाडवो के महाभारत-युद्ध में श्रीकृष्ण ने पाडवों के पक्ष मे युद्ध का सचालन किया। गीता के ज्ञान का उपदेश देकर अर्जुन के मोह और सशय दूर किये और पाडवो को विजयी बनाया।

पीताबर, ३

ईशरदासजी को भक्ति की ओर प्रवर्त करने वाले उनके गुरु प्रसिद्ध ब्रह्मनिष्ठ पीताम्बरदासजी भट्ट। यह रावल जाम की विद्वत्सभा के सर्वोपरि विद्वान, कवि, भक्त और पडित थे।

पुरांण [पुराण] १३६

जिसमे कल्प का इतिहास लिखा हुआ हो अर्थात् जिसमे पुराने समय का राजनैतिक, सामाजिक और प्राकृतिक अवस्थाओं का वर्णन किया गया हो और जो मनुष्यो के चित को धर्म की ओर आकर्षित कर दे, उसे पुराण कहते हैं। पुराणों की सख्या १८ हैं और अठारह ही उप पुराण हैं। ये हिन्दुओं के विशिष्ट और प्राचीन धर्म-ग्रन्थ हैं। इनमे सृष्टि तत्व, अवतारों की कथाएं और दार्शनिक तत्वो का समावेश है। दैनिक धर्मनुष्ठान की रीतिया, आख्यान, इतिहास के साथ इनमे हिंदू जाति की प्रतिष्ठा, गौरव, महत्व, वीरत्व, साहस, न्यायनिष्ठा, दया धर्म और दाक्षिण्य आदि का अनुपम वर्णन मिलता है। धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य और कर्म-अकर्म

आदि का विवेचन मनुष्य जीवन की गति निश्चित करने का मूल-मंत्र और भाव-बन्ध एवं उसके संबंध के बहुत ही सुन्दर और कला-पूर्ण और ज्ञान-पूर्ण सहस्रों दृष्टान्तों से पुराण समलंकृत हैं। पुराणों की संख्या आकार, विषय परम्परा धर्म तत्त्व कवित्व और लेखन-शैली आदि पर विचार करने से चकित होना पड़ता है। ज्ञान के भण्डार पुराणों के समान उपयोगी और बृहत्काय ग्रंथ संसार के किसी देश की किसी भी भाषा में नहीं लिखे गये हैं।

अठारह पुराणों की नामावली देखिये 'अठारपुराण' शब्द में।

प्रद्युमन [प्रद्युम्न] ८४

प्रद्युम्न रुक्मिणी के गर्भ से उत्पन्न श्रीकृष्ण के पुत्र और कामदेव के अवतार थे। इनके जन्म के सातवें दिन शम्बरासुर सौरी में से इन्हें चुरा कर ले गया। शम्बर के कोई पुत्र नहीं था। इसलिये प्रद्युम्न को उसकी स्त्री मायावती के हाथ सौंप दिया। प्रद्युम्न जब जवान होगये तब मायावती इनसे पत्नी के समान भाव प्रकट करने लगी। यह देख प्रद्युम्न ने मायावती से कहा तुम मेरे में पुत्र भावना का त्याग कर इस प्रकार विपरीत व्यवहार क्यों कर रही हो? प्रद्युम्न को एकान्त में ले जा कर मायावती कहने लगी— नाथ! आप मेरे पुत्र नहीं हो शम्बर आपका पिता नहीं है। आपका जन्म वृष्णिवंश में हुआ है। भगवान् श्री कृष्ण आपके पिता और भगवती रुक्मिणीजी आपकी माता हैं। आपके जन्म के सातवें दिन सौरी-घर से शम्बर आपको चुरा कर ले आया था। आप तो कामदेव हैं और मैं हूँ मायावती के रूप में आपकी पत्नी रति। प्रद्युम्न को भी अपने पूर्व जन्म की स्मृति हो आई। उन्होंने वैष्णवास्त्र से शम्बर को मारडाला और मायावती को लेकर द्वारका चले गये।

प्रसनीग्रभ, प्रसन्निय-ग्रम्भ [पृश्निगर्भ] १२,८३

१- माता पृश्नि के गर्भ से उत्पन्न भगवान विष्णु का एक अवतार पृश्निगर्भ कहलाया।

२- सुतपा प्रजापति की पत्नी पृश्नि जिसने देवकी के रूप मे जन्म लेकर भगवान कृष्ण को जन्म दिया।

प्रहळाद [प्रह्लाद] २८,५६,८८,९५,१४८.

यह कयाधु के गर्भ से उत्पन्न दैत्यराज हिरण्यकशिपु का सबसे बडा पुत्र है। प्रह्लाद जब गर्भस्थ था तब नारदजी ने उसकी माता कयाधु को ज्ञानोपदेश किया था जिसके कारण गर्भ मे ही प्रह्लाद को भगवद्भक्ति के सस्कार जम गये और जन्म लिया तब ही से व्यापक परमात्मा-विष्णु की उपासना मे अनुरक्त रहने लगा। ज्यो-ज्यो बडा होता गया परब्रह्म की उपासना मे अधिक तल्लीनता उत्पन्न होने लगी। इससे हिरण्यकशिपु बहुत रुष्ट होगया और इसे अनेक प्रकार के कष्ट दिये। कष्टो मे उसे भगवान् की महान् शक्ति और सर्व व्यापकता का विश्वास अधिक तीव्रतर होने लग गया। अनेक प्रकार से समझाने, भय दिखाने और मरवाने के प्रयत्नों मे जब हिरण्यकशिपु असफल होगया, तब वह स्वय ज्योही अपने हाथों से खड्ग उठाकर मारने के लिये तैयार हुआ त्योही भगवान् ने एक खभ से नृसिह रूप से प्रगट होकर हिरण्यकशिपु को अपने नखो से चीर दिया। बालक प्रहलाद भगवान के इस भयकर रूप को देखकर भयातुर होगया। तब भगवान ने उसे ढाढस देते हुए वरदान मांगने को कहा। प्रहलाद ने प्रार्थना की कि हे प्रभु! एक तो आपका भयकर स्वरूप और

उसकी लहर जो समस्त संसार को त्रस्त कर रही है उसे शान्त करके आपके उस लक्ष्य व्यापक भुवन-मोहिनी रूप का दर्शन दीजिये और दूसरा समस्त संसार के प्राणियों का दुःख मुझे देने की कृपा करें। भगवान ने प्रह्लाद को अभय कर दिया और ऐसा वरदान मांगने पर साधु! साधु! कह कर प्रशंसा की।

भक्त-वाणी

नाथ योनिसहस्रेषु येषु येषु व्रजाम्यहम्।
तेषु तेष्वचला भक्तिरच्युतास्तु सदा त्वयि॥

(विष्णु पुराण)

नाथ! सहस्रों योनियों में से जिस जिस योनि में मैं जन्म लूं उसी-उसी योनि में हे अच्युत! आप में मेरी सदा अचल भक्ति बनी रहे।

प्राग [प्रयाग] १९१ ३४९

प्रयाग-गंगा यमुना और सरस्वती के संगम स्थान पर बसा हुआ है। प्रयाग में ही अक्षयवट है जो प्रलय में भी नहीं डूबता। यहां कुंभ-पर्व पर संगम-स्नान का बड़ा माहात्म्य है जो प्रति बारहवें वर्ष जब सूर्य मकर राशि में और बृहस्पति वृष राशि में होते हैं तब यह कुंभ-पर्व होता है। कुंभ से छठे वर्ष अर्ध-कुंभी मेला लगता है। इसी प्रकार हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में भी कुंभ के मेले भरते हैं। कुंभ के मेले संसार के सब मेलों से बड़े होते हैं।

प्रित्थू [पृथु] ६१

महान् वलाढ्य और भूगर्भवेत्ता पृथु राजा ने पृथ्वी की विषमता और सत्वहीनता को मिटाकर उसे सम और सत्व वाली एवम् फलद्रुप वनाया था। प्रजा को धन-धान्य से पूर्ण करने के इनके इस महान् कार्य मे पृथ्वी को दुहने की कल्पना की गई और इन्ही के नाम पर भूमि की पृथ्वी सज्ञा दी गई।

वद्रीनारायण [वदरीनारायण] १४

महर्षि धर्म के पुत्र भगवान् नर-नारायण भगवान् विष्णु के अशावतार थे। इनकी माता का नाम मूर्ति था। इन्होंने वदरिकाश्रम में घोर तप किया, जिससे ये वदरीनारायण कहलाये।

हिमालय पर्वत की १०२६४ फीट ऊचे शिखर पर वदरिकाश्रम मे अलकनदा के तट पर भगवान् वदरीनारायण का विशाल मदिर वना हुआ है। वर्ष के छ॰ महीने मदिर के पट खुले रहते हैं, तव समस्त भारत के सहस्रों यात्री दर्शन करने को आते हैं। शेष छः महीने वर्फ जमी रहने के कारण यात्रा वद रहती है।

मदिर के पुजारी दक्षिण के नम्बूद्रीपाद ब्राह्मण होते हैं जो रावल कहलाते हैं।

शकर-दिग्विजय के समय जब बौद्ध भारतवर्ष छोडकर अन्य देशों को भागने लगे, तो तिब्बत को भागने वाले बौद्धों ने श्री वदरी-नारायण की मूर्त्ति को अलकनदा में फेंक दिया। भगवान् शकराचार्य ने निकलवाकर उसे पुनः मदिर में प्रतिष्ठित करवाया।

बौद्धों ने जब अपने मूल मूत धार्मिक सिद्धान्तों का परित्याग कर दिया और धर्म की ओट में पाखंड और अत्याचार पराकाष्ठा पर पहुँच गये वैदिक हिन्दूधर्म निमूल होने लगा तब भगवान् शंकराचार्य ने बौद्धों और नास्तिकों पर दिग्विजय प्राप्त कर उन्हें भारतवर्ष से बाहर खदेड़ दिया। वैदिक-धर्म की रक्षार्थ एवं विधर्मियों की पुनः-पैठ फिर भारत में नहीं हो सके इसलिये शंकर ने भारत की चारों दिशाओं में चार पीठ (धर्म प्रचारक केन्द्र) नियुक्त कर दिये और धुरंधर धर्माचार्यों को संगठित करके वहां के प्रसिद्ध मंदिरों और तीर्थ-केन्द्रों में उनकी स्थापना करदी। ये चारों तीर्थ-केन्द्र धाम नाम से विख्यात हैं।

बभीखण [विभीषण] ४१

ये रावण के छोटे भाई थे। राक्षस-कुल में जन्म होने पर भी ये हरि भक्त थे। सीता को लौटा देने के लिए जब इन्होंने रावण को समझाया तब रावण ने लात मार कर इन्हें निकाल दिया। तब ये भगवान् राम की शरण में आए। इन्होंने ही रावण की मृत्यु का रहस्य श्रीराम को बतलाया था। रावण-वध के पश्चात् राम ने इन्हें लंका का राज्य दे दिया।

बळि [बलि] १४

यह भक्त-श्रेष्ठ प्रह्लाद के पौत्र तथा विरोचन के पुत्र थे। कठोर तपस्या से एकत्री हुई शक्ति के आधार पर इन्होंने इन्द्र को भी पराजित किया था तथा तीनों लोकों में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया था। इन्द्र की प्रार्थना पर भगवान् विष्णु वामन रूप में बलि के पास गये और तीन-पग भूमि की याचना की। शेष प्रसंग 'वामन' में देखिये।

वळीभद्र [वलभद्र] १८१

वलराम, वसुदेव और रोहिणी के पुत्र और श्रीकृष्ण के बडे भाई थे। ये शेषनाग के अंशावतार माने जाते हैं। इन्होंने भी अपने शस्त्र हल और गदा से कई अत्याचारी राक्षसों का नाश किया था।

बांणासुर [बाणासुर] ४७

बाणासुर कृतवीर्य का पुत्र था। इसकी राजधानी शोणितपुर थी।

इसकी पुत्री उषा ने श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध के साथ स्वप्न में विवाह कर लिया था इसलिए उसको उसकी सखी चित्रलेखा के द्वारा सोते हुए को अपने महल में मगवाकर बाणासुर को प्रकट किए विना गाधर्व विवाह कर लिया। कुछ समय बाद जव रहस्य खुला तो अनिरुद्ध को बाणासुर ने कैद कर लिया। तव यादवी सेना शोणितपुर चढ़ आई। भयकर युद्ध हुआ जिसमें सहस्रार्जुन के केवल चार हाथ रह गये और उसकी अपार सेना समाप्त होगई। तब बाणासुर की माता कोटरा ने आकर श्रीकृष्ण से क्षमा चाहते हुए बाणासुर के प्राणों की भीख मागी और अनिरुद्ध उषा को खूब सम्मान के साथ रथ में बिठा कर श्रीकृष्ण के साथ द्वारका को रवाना किया।

महर्षि जमदग्नि की कामधेनु चुराकर ले जाते हुए का परशुरामजी ने पीछा करके बाणासुर को मार डाला था। इसे कार्त्तवीर्य, कार्त्तवीर्यार्जुन, सहस्रबाहु, सहस्रार्जुन और हैहय भी कहते हैं। इसके हजार हाथ थे।

बिहुं-राह [दोनो राह] २४८

'बिहुं-राह' राजस्थानी साहित्य का एक विशिष्ट योग-रूढ शब्द है। साधारणतः इसका अर्थ 'हिन्दु और मुसलमान' होता है। पर

कहीं-कहीं सुर और असुर अर्थों में भी प्रयुक्त हुआ देखा जाता है। अतः इस युग्म शब्द से जाति धर्म सम्प्रदाय अथवा कुल आदि से समन्वित परस्पर विरोधी या अनैक्य भावनाओं को साथ-साथ व्यक्त करने की समान रूप से आवश्यकता अथवा परम्परा रही हो ऐसी अर्थ-ध्वनि प्रकट होती है। हमने इसी आधार से इस युग्म-शब्द का योग-रूढ़ात्मक अर्थ 'निवृत्ति और प्रवृत्ति मार्ग' किया है जो प्रसंग को देखते अधिक संगत प्रतीत होता है।

बुद्ध बोध [बुद्ध] ११,६५

बौद्धधर्म के प्रवर्तक भगवान् विष्णु का एक अवतार। इनके पिता का नाम शुद्धोदन और माता का नाम महामाया था। नेपाल की तराई के लुम्बिनी नामक नगर में इनका जन्म हुआ था। वैदिक मंत्रों द्वारा यज्ञ करने वाले एक शूद्र राजा की बुद्धि में मोह उत्पन्न करने और पाखण्ड को प्रकट करने के लिए यह उत्पन्न हुए थे। बौद्धों में जब पाखंड अमर्यादित हो गया तब भगवान् आद्य शंकराचार्य ने दिग्विजय कर इन्हें चीन जापान आदि पड़ोसी देशों में खदेड़ दिया। शायद धर्म पुनः भारतवर्ष में प्रवेश न कर सके इसलिए चारों दिशाओं में चार बड़े-बड़े धर्म केन्द्र (बदरिकाश्रम जगन्नाथ रामेश्वर और द्वारिका में) स्थापित किये।

मनोरथ ६१

सूर्यवंशी राजा दिलीप के पुत्र। इनके साठ सहस्र पूर्वजों को तारने के विचार से अल्पायु में ही ये तपस्या करने को निकल गये।

अनेक वर्षों तक घोर तपस्या करने के बाद ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर वर मागने को कहा। इन्होंने दो वर मांगे— "(१) कपिल मुनि के शाप से भस्म हुए मेरे पूवजों का गगा की पावन धारा से उद्धार हो जाय और (२) मेरा वश चले।" ब्रह्मा ने कहा कि गगा की तीव्र धारा को भगवान् शकर के अतिरिक्त कोई धारण नही कर सकेगा। भगीरथ ने फिर अपनी तपस्या से शकर भगवान् को प्रसन्न किया। भगवान शकर ने गंगा को अपनी जटा मे धारण कर लिया। भगीरथ की प्रार्थना पर उसे जटा से निकाला। भगीरथ दिव्य रथ मे सवार होकर पथ-प्रदर्शन का कार्य कर रहे थे. गगा उनके पीछे वहती जा रही थी। इसीलिये गगा का नाम 'भागीरथी' भी प्रसिद्ध हुआ।

भरत, ७८

स्वार्थ-त्याग और स्नेह की प्रत्यक्ष मूर्ति भरत श्रीराम के छोटे भाई और रानी कैकेयी की कोख से उत्पन्न महाराज दशरथ के तीसरे पुत्र हैं।

कैकेयी ने इनको राज्य दिलाने के लोभ से राम को वनवास दिलवाया, जिसके कारण पिता दशरथ का मरण हुआ। भरत को इन अप्रिय घटनाओं से असह्य वेदना हुई। वे राम को लौटा लाने के लिये उनके पीछे वन में गये। पर राम ने वनवास की अवधि के पूव लौटना स्वीकार नही किया। भरत के अति आग्रह और निवेदन पर श्रीराम ने अपनी चरण-पादुकाए इन्हें दे दी। भरत ने इन चरण-पादुकाओ को श्रीराम के रूप में राज्य-सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर दिया और उनके प्रतिनिधि रूप में शत्रुघ्न को राज्यव्यवस्था सौंप दी। स्वय वनवासी वेश मे नंदीग्राम में रहकर भगवान श्रीराम का भजन करने लगे।

कहा जाता है कि भरत के बड़े पुत्र तक्ष ने अपने नाम से गांधार प्रदेश में तक्ष नगर बसाया था। विश्व का सर्व प्रथम विश्वविद्यालय 'तक्षशिला' इसी स्थान पर बना था।

श्रीराम-वाणी

नाथ सपथ पितु चरन दोहाई।
भयउ न भुअन भरत सम भाई॥
(रामचरित मानस)

भारद्वाज [भरद्वाज] २४४

महर्षि वाल्मीकि के परम शिष्य भरद्वाज ऋषि प्रयाग में निवास करते थे। भगवान राम वन को जाते समय इनके दर्शन करने को और वन में रहने के लिये स्थान और मार्ग आदि की पूछताछ के लिये इनके आश्रम में गये थे।

ऋषि-वाणी

आजु सुफल तपु तीरथ त्यागू। आजु सुफल जप जोग बिरागू॥
सफल सकल सुभ साधन साजू। राम तुम्हहि अवलोकत आजू॥
(रामचरित मानस)

मंदराचल [मन्दराचल] ५७

मेरु की पूर्व दिशा की ओर आधार-भूत एक पर्वत। इस पर कभी-कभी शंकर भगवान आकर विराजते हैं। यही पर्वत समुद्र मंथन के समय मथनी बनाया गया था।

मच्छ [मत्स्य] १३

भगवान् विष्णु का पहला अवतार जिसने प्रलय काल मे हयग्रीव दैत्य से वेदों की रक्षा की और अपने सींग से पृथ्वी को बाधकर उसकी रक्षा की।

सृष्टि के आदि विकास को समझने के लिये मत्स्यावतार की कथा बहुत ही महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्यो पर प्रकाश डालने वाली है। आधुनिक जीव-विज्ञान के अनुसार भी सृष्टि का प्रथम जीव मत्स्य ही माना गया है।

मधु २०

मधु, कैटभ दैत्य का भाई है। यह भगवान श्री कृष्ण द्वारा मारा गया था। मधुपुरी इसीने बसाई थी जो अब मथुरा कहलाती है।

मरीच [मारीच] ३५

मायावी राक्षस मारीच ताडका राक्षसी का पुत्र और रावण का मामा था। ताडका और सुबाहु को मारने के समय भगवान् राम के बाण के पक्ष के धक्के से उडकर यह समुद्र मे जा गिरा था और लका में जाकर रह गया।

सीता का हरण करने के लिये रावण के अत्याग्रह से यह स्वर्णमृग बना था और भगवान् राम के हाथ से मारा गया था।

महराण-मथ्थौ [महार्णव-मंथन] २५, २६

समुद्र-मथन की कथा के लिये— 'विमोहिय रूप अगाध वणाय (मोहनी अवतार)' और 'धनतर' कथाएं देखिये।

मुगत, मुगत, मुगति [मुक्ति] २१०, २६०, २६१
२६१

जिस प्रकार इस देह में रहा हुआ चैतन्य (जीव)— 'यह देह मैं हूँ पुरुष मैं हूँ ब्राह्मण मैं हूँ शूद्र मैं हूँ' ऐसा दृढ़ निश्चय कर लेता है; उसी प्रकार यह दृढ़ निश्चय हो जाय कि 'मैं (बोलने वाला) ब्राह्मण नहीं हूँ शूद्र नहीं हूँ पुरुष नहीं हूँ किन्तु संग रहित सच्चिदानन्द-स्वरूप प्रकाश-रूप सर्वान्तर्यामी और चिदाकाश-रूप हूँ। ऐसा अपरोक्ष ज्ञानी पुरुष जीवन-मुक्त कहलाता है।

अहं ब्रह्म् 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार के ज्ञान से ज्ञानी पुरुष सभी कर्मों के बन्धन से मुक्त हो जाता है।

मुचकुंद [मुचुकुन्द] ४७

मुचुकुन्द अपने पिता महाराज मान्धाता के समान ही पराक्रमी होने के कारण देव-दैत्यों के युद्ध के समय देवता लोग इसे अपनी सहायता के लिये ले गये थे। युद्ध में चतुरता व वीरता से लड़कर इसने अनेक दानवों का संहार किया। देवताओं की विजय होने पर इसे वर मांगने को कहा गया। इसने कहा कि पृथ्वी पर मेरा राज्य और परिवार नष्ट हो जाने के कारण चित्त में बहुत खेद रहने से नींद नहीं आ रही है और इधर इस युद्ध से थकित हो जाने के कारण मुझे शयन-निद्रा की आवश्यकता है और सबमें से जो कोई मुझे जगा दे वह मेरी दृष्टि पड़ते ही भस्म हो जाय और दूसरा यह कि जगने के बाद तत्काल मुझे भगवान् के दर्शन हो जाय। देवताओं ने तथास्तु कहा। यह जाकर एक पर्वत की कंदरा में सोगया।

मथुरा विजय करके जब कालयवन श्री कृष्ण का पीछा करता हुआ उस कदरा मे पहुचा और ज्यो ही उसने सोते हुए मुचुकुन्द को श्रीकृष्ण समझकर एक लात प्रहार कर दी, त्यो ही मुचुकुन्द की आख खुली और सामने खडे कालयवन को देखा और वह भस्म हो गया। उसी समय मुचुकुन्द की खाट के नीचे से निकल कर श्रीकृष्ण ने उसे दर्शन भी दे दिये।

म्रगकासव [मृगकशिपु] ५६

हिरण्यकशिपु कश्यप ऋषि तथा अदिति का पुत्र एक दैत्यराज था। कठोर तपस्या द्वारा ब्रह्मा से अभय प्राप्त कर इसने देवताओं को कष्ट देना आरम्भ किया और स्वर्ग पर भी अपना अधिकार स्थापित कर लिया। भगवान् विष्णु के प्रति इसके हृदय में बडा द्वेष था। इसीकी प्रतिक्रिया स्वरूप इसके पुत्र प्रह्लाद मे उनके प्रति भक्ति की भावना का उदय हुआ था। प्रह्लाद की इस प्रवृत्ति को देखकर इसने कितनी ही बार उसका वध करवाने के प्रयत्न किये। अन्त मे भगवान् विष्णु ने नृसिंह रूप धारण करके हिरण्यकशिपु का वध किया और अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की।

रघुराम [रघु+राम] १३

अयोध्या के इक्ष्वाकुवशी महाराज दशरथ के पुत्र भगवान् विष्णु के अवतार मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीराम। इक्ष्वाकुवश में महाराजा रघु बहुत प्रसिद्ध हो गये हैं अत यह रघुवंश भी कहलाता है। रघुराम से तात्पर्य है रघुवश में उत्पन्न भगवान् श्रीराम।

रणछोड़ ७७

जरासंध की लड़ाई में रणक्षेत्र छोड़कर द्वारका भाग जाने से भगवान् श्रीकृष्ण का नाम 'रणछोड़' कहलाया। सौराष्ट्र प्रदेश में गोमती के किनारे पश्चिमी समुद्र तट पर द्वारिका नामक नगर में भगवान् रणछोड़राय का बहुत विशाल मन्दिर बना हुआ है जिसमें श्रीरणछोड़राय की श्यामवर्ण चतुर्भुज-मूर्ति प्रतिष्ठित है। मन्दिर के शिखर पर पूरे थान की ध्वजा लहराती है। विश्व की यह सबसे बड़ी ध्वजा है।

कहा जाता है कि भगवान् श्रीकृष्ण ने द्वारका जाते समय मार्ग में जिन स्थानों पर विश्राम किया था उनमें ढेमा और खेड़ (खीरपुर) दो प्रमुख स्थान थे। अतः ढेमा में श्री धरणीधर और खेड़ में श्रीरणछोड़राय के नाम से मन्दिर प्रतिष्ठित हुए[1]।

द्वारका चार धामों में से पश्चिम दिशा का धाम है और यहीं जगद्गुरु श्री शंकराचार्य का शारदा-पीठ अवस्थित है।

भक्तवर ईसरदासजी ने हरिरस का निर्माण कर सर्वप्रथम द्वारका जाकर श्रीरणछोड़राय को सुनाया था।

रिखसम, रिसम, रिखम्भ [ऋषभ] १२, ६२, ८६

देखिये 'ऋषभ'

---

१ खेड़ का श्रीरणछोड़राय का मन्दिर बालोतरा (मारवाड़) से २ मील पश्चिम में लूनी नदी के किनारे पर स्थित है। खेड़ किसी समय बहुत बड़ा नगर था। राठौड़ों की प्रथम राजधानी खेड़ पाटण ही था। ढेमा के लिये देखो 'धरणीधर' कथा।

लाखाग्रह [लाक्षा-गृह] ४५

लाख का घर जिसे दुर्योधन ने पांडवों को उसमें आग लगाकर जीवित जला देने के लिए वारणावत में बनवाया था। परन्तु पांडवों को इस षडयन्त्र का पहिले ही पता लग गया था और वे गुप्त रीति से उसमें से सुरक्षित निकल गये थे। प्रयाग के पास लच्छागिर स्थान ही लाक्षागृह कहा जाता है। हंडियाखास स्टेशन से लाक्षागृह ३ मील पर है।

वलमीक [वाल्मीकि] २४४

वाल्मीकि ऋषि को बचपन में इनके माता-पिता ने तप करने को जाते समय जंगल में छोड़ दिया। एक भील ने अपने घर लाकर इनका पालन-पोषण किया और लूट-खसोट, चोरी और शिकार आदि के लिए धनुर्विद्या में निपुण बना दिया। लूट-मार करते समय एक दिन इन्हें एक ऋषि मिल गये। ऋषि ने कहा— वस्त्र और इस एक पात्र के अतिरिक्त मेरे पास कोई धन-माल नहीं है, फिर भी तू मुझे लूटना चाहता है तो मेरा इनकार नहीं, परन्तु पहले तू अपने घरवालों को पूछकर आजा कि इस अधर्म के भागी वे भी हैं कि नहीं ? तब तक मैं यहां खड़ा हूँ। घर जाकर सभी परिवार वालों को पूछने पर उन सब की ओर से यही उत्तर मिला कि— 'पाप तवैव तत्सर्वं वय तु फल भागिन।, 'तेरे किये हुए पापों का फल तुझे ही भोगना होगा। हम उसके भागीदार नहीं हैं।' घरवालों का यह उत्तर सुनकर उसको आश्चर्य हुआ और बहुत दुख हुआ। घर से लौटकर ऋषि के पास आये और उनके चरणों में गिरकर अपने

उद्धार की प्रार्थना की। ऋषि ने उसे सर्वव्यापी ब्रह्मरूप राम का नाम जपने का आदेश दिया। ऋषि के वचनों में अत्यन्त श्रद्धा और विश्वास करके एक ही स्थान पर बहुत समय तक अटल रूप से राम नाम का जप करते रहने से इनके ऊपर वल्मीक (दीमक और उसकी मिट्टी) का ढेर लग गया जिससे इनका नाम 'वाल्मीकि' पड़ गया। आगे चलकर यही वाल्मीकि बड़े तपस्वी और तत्ववेत्ता महर्षि सिद्ध हुए। एक शिकारी के द्वारा मिथुन रत क्रौंच पक्षी का वध कर लेने पर नारी-क्रौंच के करुणाजनक दुख को देखकर इनके कोमल हृदय में उत्पन्न अपार दया ने इन्हें आदि-महाकवि वाल्मीकि बना दिया। जिस परब्रह्म राम के नाम से ये पावन बने उस राम के नाम पर संस्कृत में 'शतकोटि' काव्य की महर्षि वाल्मीकि ने रचना की। संसार का प्रथम महाकाव्य होने के कारण यह महाकाव्य 'आदि महाकाव्य वाल्मीकि रामायण' और उसके रचयिता महर्षि वाल्मीकि 'आदि-महाकवि' कहलाये।

वांमन [वामन] १३

त्रेतायुग में कश्यप ऋषि से अदिति के गर्भ से उत्पन्न हुआ भगवान् विष्णु का एक अवतार। विरोचन दैत्य का पुत्र बलि इन्द्र पद प्राप्ति के लिए जब सौवां यज्ञ कर रहा था तब इन्द्र की रक्षा के लिए भगवान् ने वामन का रूप धारण करके उससे तीन पैड़ पृथ्वी मांगी। जब राजा बलि ने पृथ्वी के दान का संकल्प किया तब भगवान् वामन ने विराट रूप धारण करके एक पैड़ से समस्त पृथ्वी दूसरे से आकाश को नाप लिया और तीसरा पैड़ बलि के शरीर पर रखकर उसको पाताल में दबा दिया।

वाराह १३, ८२

विष्णु के अवतारो मे से द्वितीय। हिरण्याक्ष दैत्य जब पृथ्वी को लेकर पाताल को भागा तभी पृथ्वी का उद्धार करने और इसका वध करने के लिए वाराह अवतार हुआ।

वालखिला [वालखिल्य] २४५

गो-क्षुर के खड्डे में रहने वाला एक महान् सूक्ष्म आकृतिवाला ऋषियो का समूह।

वाळि [वालि] ४०

वालि किष्किन्ध देश की पपा नगरी का महा पराक्रमी वानर राजा था। यह अगद का पिता और सुग्रीव का बडा भाई था। इसको वरदान था कि इसके सम्मुख युद्ध करने वाले का आधा बल इसमे प्रवेश कर जाता था। इसलिये वालि सुग्रीव की शत्रुता में भगवान राम ने ताल वृक्षो की ओट में खडे रहकर वालि को मारा था। वालि ने रावण को काख मे दबा दिया था। इसने दुदुभि और मायावि जैसे बलशाली राक्षसों को मारा था।

विमोहिय रूप अगाध वराय (मोहिनी अवतार) २४

१- शिवजी ने एक समय भस्म में से एक असुर उत्पन्न किया और उसे वरदान दिया कि जिसके ऊपर यह हाथ फेरेगा, वह भस्म हो जायगा। एक दिन शिवजी को ही भस्म करके पार्वती को प्राप्त करने की दुर्बुद्धि से शिवजी के ऊपर इसने हाथ फेरने का विचार किया। शिवजी डर के मारे भागे। असुर ने इनका पीछा किया।

उस समय रास्ते में भगवान् विष्णु मोहिनी के रूप में प्रकट हुए और असुर से कहा कि 'मैं तुम्हारे साथ चलने को तैयार हूँ। मुझे नृत्य का बहुत शौक है तुम यहाँ नाचो, फिर मैं तुम्हारे साथ चल दूँगी।' असुर ने नाचते-नाचते अपने सिर पर हाथ फिराया और वहीं भस्म होगया। 'जटाधर ताण्डव नर्तन जहाम' (८४) इस प्रकार भगवान् विष्णु ने मोहिनी रूप धारण करके मृत भाजन बीमे शंकर के कष्ट को दूर किया।

२ शुम्भ तथा निशुम्भ नामक दो राक्षसों के वध के लिये भगवान् विष्णु ने मोहिनी अवतार धारण किया। दोनों राक्षस स्त्री को देखकर मोहित हो गये और उसको प्राप्त करने के लिये आपस में लड़ मरे।

३- समुद्र मंथन से जो अमृत निकला उसे प्राप्त करने के लिये सुरों और असुरों में भयंकर कलह उत्पन्न हुआ। दैत्यों ने अमृत छीन लिया। देवता भगवान् विष्णु की शरण में गये। भगवान् विष्णु ने मोहिनी का अनुपम स्त्री रूप धारण किया और दैत्यों को उसकी प्राप्ति के लिये परस्पर लड़वा कर उनका नाश किया और अमृत सब देवताओं को पिलवाया।

विसामित, विस्वामित [विश्वामित्र] ३४, २४५

ये पुरुवंशी महाराज गाधि के पुत्र थे। इन्होंने वैदिक ऋचाओं का निर्माण किया था। इनकी ऋचाएं ऋग्वेद के तृतीय मंडल में मिलती हैं। अपने यज्ञ की रक्षार्थ महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण दोनों भाइयों को माँग लाये। यज्ञ निर्विघ्न सफलता से संपूर्ण

हो जाने के बाद महर्षि इन्हें महाराज जनक के यहा धनुष-स्वयवर मे ले गये थे। भगवान् शकर के कठिन धनुष को उस स्वयवर मे कोई उठा भी नही सका था, तब विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम ने उसे सहज ही मे तोड डाला था। इनकी घोर तपस्या से इन्द्र भी विचलित हो गये थे और इस भय से कि कही विशेष शक्ति का सग्रह कर यह मुझसे इन्द्रत्व न छीन लें, मेनका को इनकी तपस्या भग करने के लिए भेजा। विश्वामित्र का ध्यान भग हुआ और मेनका के प्रति वे आकर्षित हुए। उसी के फल-स्वरूप शकुन्तला का जन्म हुआ। इनको अपने इस कृत्य से इतनी ग्लानि हुई कि ये हिमालय मे तपस्या करने को चले गये।

अन्त मे अपनी घोर तपस्या के फल-स्वरूप ये 'राजर्षि' से 'ब्रह्म ऋषि' बन गये थे।

आर्ष-वाणी

सत्येनार्क प्रतपति सत्ये तिष्ठति मेदिनी।
सत्य चोक्त परो धर्म स्वर्ग सत्ये प्रतिष्ठित ॥
(महर्षि विश्वामित्र)

वीठळ [विट्ठल] ८२

दक्षिण के एक प्रसिद्ध देवता जो विष्णु के अवतार माने जाते हैं। कहा जाता है कि पढरपुर के पुण्डरीक नामक ब्राह्मण मे विष्णु का बहुत कुछ अश आगया था, उनकी मूर्ति वहीं स्थापित है और विष्णु के प्रतीक के रूप मे पूजी जाती है।

बकुंठ १८६

रैवत मन्वन्तर में भगवान् विष्णु का एक अवतार बैकुंठ नाम का हुआ था। सत्य-लोक में जहाँ बैकुंठ भगवान् निवास करते हैं उसका नाम ही बैकुंठ या बैकंठ लोक कहलाया।

व्यास १४

सत्यवती नामक धीवर की कन्या में पराशर ऋषि से उत्पन्न भगवान् श्री वेद व्यास। भागवत में ये विष्णु के अवतार माने गये हैं। द्वीप में जन्म होने के कारण इनका नाम कृष्ण-द्वैपायन भी है। ये महाभारत पुराण और वेदान्त-दर्शन के रचयिता हैं।

व्रसभ [वृषभ, ऋषभ] १२

शील और ज्ञान के प्रवर्तक नाभिराजा के पुत्र भगवान् श्री ऋषभदेव। ये विष्णु के अंश उद्भूत अवतार थे। इन्होंने भारत वर्ष के पश्चिम भाग में जैनधर्म का प्रचार किया। इसलिये जैनों के प्रथम तीर्थंकर और आदीश्वर कहे जाते हैं।

व्रिंदावन [वृन्दावन] ७४, २२७

वृन्दावन मथुरा से ६ मील उत्तर में है। यह भगवान् श्रीकृष्ण की निकुंज-लीलाओं की प्रधान रंग-स्थली है। महाराज केदार की पुत्री वृन्दा ने इसी स्थान पर श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिये तपस्या की थी। वृन्दा की तपोभूमि होने के कारण ही इसे वृन्दावन कहा जाता है। श्रीकृष्ण ने यहीं यमुना-तट पर कालिय ह्रद में

कालिय-नाग को नाथा था। यहा भगवान् श्रीकृष्ण की विविध लीलाओ के नामो पर अनेको मन्दिर बने हुए हैं। श्री गोविन्ददेवजी और श्री गोकुलनाथजी के विग्रह औरंगजेब के समय मे मन्दिरो पर यवनो का आक्रमण होने के कारण वृन्दावन मे जयपुर लाये गये थे, जहा राजमहलो के सम्मुख इनके भव्य मन्दिर बने हुए हैं।

लखनऊ के नगर-सेठ लाला कुन्दनलालजी फुन्दनलालजी ने अपनी अपार सम्पत्ति को त्याग कर वृन्दावन मे विरक्त की भाति रहकर साह-विहारीजी की भक्ति की थी। 'ललित किशोरी' एव 'ललित माधुरी' के नाम से जिनके सुमधुर पद साहित्य-ससार और भक्तजनो मे प्रसिद्ध हैं।

श्रीरंग, सिरिरंग [श्रीरंग] ११२,२२८

दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध तीर्थ जो कावेरी के मध्य एक द्वीप के रूप मे स्थित है। कावेरी की दो धाराओं मे यह द्वीप १७ मील लम्बा और तीन मील चौडा है। त्रिचिनापल्ली नगर रेलवे स्टेशन है जहा से श्री रगम् को बसो से जाना होता है। तीर्थ के निकट भी श्रीरगम् नाम का स्टेशन है। श्रीरगजी के मन्दिर का विस्तार २६६ बीघे का कहा जाता है। मन्दिर के चारो ओर सात प्राकार बने हुए हैं। चौथे घेरे में एक मडप एक सहस्र स्तम्भों का बना हुआ है। निज मदिर मे भगवान् विष्णु (श्रीरग) की शेष शय्या पर शयन किये हुए श्याम वर्ण की विशाल चतुर्भुज-मूर्ति दक्षिणाभिमुख स्थित है। इस मन्दिर के विशाल प्रांगण मे अनेकों बडे बडे मदिर बने हुए हैं। इतना विस्तार वाला मन्दिर भारत में दूसरा नही है। श्री लक्ष्मीजी के मन्दिर के

सामने समिति के भक्त-महाकवि कम्ब के नाम से कम्ब-मण्डप बना हुआ है जहाँ उन्होंने अपनी कम्ब रामायण की रचना करके भक्तजनों को सुनाया था।

मथुरा वृन्दावन अयोध्या और पुष्कर आदि तीर्थों में भी श्रीरंगजी के बड़े-बड़े मन्दिर बने हुए हैं।

सत्तरूपाणा [शत्रुघ्न] ७८

सुमित्रा रानी से उत्पन्न महाराज दशरथ का चौथा पुत्र। राम के वनगमन के अनन्तर भरत नन्दी ग्राम में रहने लगे। अतः श्रीराम के नाम पर इन्होंने ही चौदह वर्ष तक अयोध्या का राज्य किया। इनका विवाह कुशध्वज की पुत्री श्रुतकीर्ति से हुआ था। इनके सुबाहु और शत्रुघाती दो पुत्र थे।

रावण को मारकर भगवान् राम अयोध्या वापिस पधारे तब एक समय कई ऋषि राम के पास आये और उन्होंने लवणासुर दैत्य के अत्याचारों का वर्णन किया। भगवान् राम की आज्ञा लेकर इन्होंने लवणासुर का वध कर डाला और उस देश का नाम 'शूरसेन' रखा। मधुपुरी नाम की नगरी का नाम बदल कर 'मथुरा' कर दिया और उसे अपनी राजधानी बना ली।

पश्चात् जब इन्हें पता चला कि भगवान् राम स्वधाम पधारने वाले हैं तब यह भी अयोध्या चले आये और उन्हीं के साथ परमपद को प्राप्त हुए।

सत्रूपा [शतरूपा] १६२

स्वायभू मनु की स्त्री शतरूपा ब्रह्मा के बायें अग से उत्पन्न हुई थी। इसी का दूसरा नाम सरस्वती कहा जाता है। इनकी पुत्री देवहूति ने इनको आत्मतत्वोपदेश किया था।

सनक्क [सनक] १७

ब्रह्मा के चार मानस पुत्रो मे से एक सनक। ये परम ज्ञानी ब्रह्मनिष्ठ और भगवान् विष्णु के सभासद् हैं

सनातन १७

ब्रह्मा के एक मानस पुत्र। सनातन को सनत्सुजात भी कहते हैं। धृतराष्ट्र को इन्होंने ही धर्मोपदेश किया था। इनके तीन भाई सनक सनद और सनत्कुमार और हैं और ये चारो ही ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं और ब्रह्मनिष्ठ हैं एव सदैव बाल्यावस्था प्राप्त हैं।

सयभुव [स्वायंभुव] १६२

ब्रह्मा के दाहिने अग से उत्पन्न स्वायभू मनु चौदह मनुओं में पहिले मनु हैं जो मानव जाति के पिता हैं। ब्रह्मा के बायें अग से उत्पन्न शतरूपा इनकी स्त्री है।

सह इन्द्री, [सकल इन्द्रिय] ११२

पांच ज्ञानेन्द्रिय और पाच कर्मेन्द्रिय।

श्रोत्र त्वक् चक्षु रसना घ्राणम् इति पचज्ञानेन्द्रियाणि।

कान, नाक, आख, जीभ और त्वचा—ये पाच ज्ञानेन्द्रिय हैं।

१ सवण (१ १ ११२) श्रोतस्य विषयः शब्दग्रहणम् ।

कान का विषय सुनना ।

२ नासा रंध (१ २) घ्राणस्य विषयो गन्धग्रहणम् ।

नाक का विषय सूंघना ।

३ नयन लोचन (१ २, १२८ ११२) चक्षुषो विषयो रूपग्रहणम् ।

आंख का विषय देखना ।

४ जीभ रसना (१ ४ १२८, १२९ ११२)

रसनाया विषयो रसग्रहणम् ।

जीभ का विषय स्वाद ।

५ तुचा (११) त्वचो विषयः स्पर्शग्रहणम् ।

चमड़ी का विषय स्पर्श ।

वाक् पाणि पादपायूपस्थानीति पंचकर्मेन्द्रियाणि ।

वाणी हाथ पांव गुदा और उपस्थ —ये पांच कर्मेन्द्रिय हैं ।

१ बानी बयणी (१ ६ २१२) वाचो विषयो भाषणम् ।

वाणी का विषय बोलना ।

२ कर (१ ७) पाण्योर्विषयो वस्तुग्रहणम् ।

हाथ का विषय वस्तु को ग्रहण करना ।

३ चरण (१ ८) पादयोर्विषयो गमनम् ।

पांव का विषय चलना ।

४ गुदा । पायोर्विषयो मलत्यागः ।

गुदा का विषय मलत्याग ।

५ उपस्थ । उपस्थस्य विषय आनन्द इति ।

उपस्थ का विषय आनन्द और मूत्रत्याग ।

(हरिरस मे गुदा और उपस्थ का उल्लेख नहीं किया गया है ।)

सातूं-रिख [सप्त ऋषि] २४१

गौतम, भारद्वाज विश्वामित्र जमदग्नि, वसिष्ठ, कश्यप और अत्रि– इन ऋषियों का मण्डल या समूह सप्तर्षि कहलाता है।

सामीप (सामीप्य) २६०

मुक्ति के चार प्रकारो मे से एक। सामीप्य-मुक्ति वह है जिसमे मुक्त जीव का भगवान् के समीप पहुँच जाना माना जाता है।

सायुज्य २६०

मुक्ति के चार प्रकारो मे से एक। सायुज्य-मुक्ति वह है जिसमे जीवात्मा परमात्मा मे लीन हो जाता है।

सालोक (सालोक्य) २६०

मुक्ति के चार प्रकारो मे से एक। सालोक्य-मुक्ति वह है जिसमे मुक्त जीव भगवान् के साथ एक लोक मे निवास करता है।

सावेव [सावयव] २६०

सावयव-मुक्ति का दूसरा नाम है सारूप्य-मुक्ति। मुक्ति के चार प्रकारो में से यह एक प्रकार हैं। सारूप्य-मुक्ति वह है जिसमे भक्त अपने भगवान् का रूप प्राप्त कर लेता है।

सिदज्ज [स्वेदज] २६६

जीवो की उत्पत्ति के (अण्डज, स्वेदज, जरायुज और उद्भिज्ज) चार भेदो मे से एक। पसीने से उत्पन्न होने वाले जू, खटमल आदि कीट स्वेदज कहलाते हैं। इन्हे ऊष्मज भी कहते हैं।

१ श्रवण (१ १ ११२) श्रोतस्य विषय शब्दग्रहणम् ।

कान का विषय सुनना ।

२ नासा-रंध्र (१ २) घ्राणस्य विषयो गन्धग्रहणम् ।

नाक का विषय सूंघना ।

३ नयन लोचन (१ ५ १२८ ११२) चक्षुषो विषयो रूपग्रहणम् ।

आंख का विषय देखना ।

४ जीभ रसना (१ ४ १२८, १२६ ११२)

रसनाया विषयो रसग्रहणम् ।

जीभ का विषय स्वाद ।

५ त्वचा (११) त्वचो विषयः स्पर्शग्रहणम् ।

चमड़ी का विषय स्पर्श ।

वाक् पाणि पादपायूपस्थानीति पंचकर्मेन्द्रियाणि ।

वाणी हाथ पांव गुदा और उपस्थ —ये पांच कर्मेन्द्रिय हैं ।

१ वाणी बयना (१ १ २१२) वाचो विषयो भाषणम् ।

वाणी का विषय बोलना ।

२ कर (१ ७) पाण्योर्विषयो वस्तुग्रहणम् ।

हाथ का विषय वस्तु को ग्रहण करना ।

३ चरण (१ ६) पादयोर्विषयो गमनम् ।

पांव का विषय चलना ।

४ गुदा । पायोर्विषयो मलत्यागः ।

गुदा का विषय मलत्याग ।

५. उपस्थ । उपस्थस्य विषय आनन्द इति ।

उपस्थ का विषय आनन्द और मूत्रत्याग ।

(हरिरस में गुदा और उपस्थ का उल्लेख नहीं किया गया है ।)

सातूं-रिख [सप्त ऋषि] २४१

गौतम, भारद्वाज विश्वामित्र, जमदग्नि, वसिष्ठ, कश्यप और अत्रि– इन ऋषियो का मण्डल या समूह सप्तर्षि कहलाता है।

सामीप (सामीप्य) २६०

मुक्ति के चार प्रकारो में से एक। सामीप्य-मुक्ति वह है जिसमें मुक्त जीव का भगवान् के समीप पहुँच जाना माना जाता है।

सायुज्य २६०

मुक्ति के चार प्रकारो में से एक। सायुज्य-मुक्ति वह है जिसमें जीवात्मा परमात्मा मे लीन हो जाता है।

सालोक (सालोक्य) २६०

मुक्ति के चार प्रकारो मे से एक। सालोक्य-मुक्ति वह है जिसमे मुक्त जीव भगवान् के साथ एक लोक मे निवास करता है।

सावेव [सावयव] २६०

सावयव-मुक्ति का दूसरा नाम है सारूप्य-मुक्ति। मुक्ति के चार प्रकारो मे से यह एक प्रकार है। सारूप्य-मुक्ति वह है जिसमें भक्त अपने भगवान् का रूप प्राप्त कर लेता है।

सिदज्ज [स्वेदज] २६९

जीवो की उत्पत्ति के (अण्डज, स्वेदज, जरायुज और उद्भिज्ज) चार भेदो में से एक। पसीने से उत्पन्न होने वाले जू, खटमल आदि कीट स्वेदज कहलाते हैं। इन्हें ऊष्मज भी कहते हैं।

सिसपाळ [शिशुपाल] ८५

शिशुपाल चेदिराज दमघोष के पुत्र और श्रीकृष्ण के मौसेरे भाई थे। जन्म के समय इनके तीन नेत्र और चार हाथ थे। शिशुपाल की माता श्रुतश्रवा को जब यह मालूम होगया कि उसके पुत्र की मृत्यु श्रीकृष्ण के हाथ से होगी तो उसने शिशुपाल के १ अपराध क्षमा कर देने के लिए श्रीकृष्ण से प्रतिज्ञा करवा ली। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में जब शिशुपाल ने श्रीकृष्ण की सौ से अधिक बार निन्दा की और गालियां दीं तब कृष्ण ने इसे मार दिया।

सुकदेव [शुकदेव] ५२

महर्षि शुकदेव कृष्ण-द्वैपायन भगवान् व्यास के पुत्र हैं। भगवान् शंकर जब पार्वती को अमर होने के लिए विष्णु-सहस्र नाम का उपदेश दे रहे थे उस समय उस कथा को एक शुक भी सुन रहा था। शिव को जब पता चला तो उन्होंने उसका पीछा किया। उसी समय व्यास पत्नी अपने आंगन में खड़ी जंभाई ले रही थी। उसको देख शुक शरीर छोड़ उनके पेट में चले गये और १२ वर्ष तक वहीं रहे। भगवान् व्यास देव महाभारत तथा गीता आदि अपनी पत्नी को सुनाते थे। इस प्रकार गर्भ में ही शुक तत्त्वज्ञानी हुए। भगवान् ने इन्हें गर्भ में ही वचन दिया कि संसार की माया तुम्हें नहीं व्यापेगी। गर्भावस्था में ही पूर्ण तत्त्वज्ञानी होने के कारण ऋषियों में ये अग्रणी गिने जाते हैं।

इन्होंने ही महाराज परीक्षित् को भागवत की कथा सुनाई थी।

सुग्रीव ४०

यह सूर्य के पुत्र, प्रसिद्ध वानर वीर बालि के अनुज, भगवान् राम के मित्र एव भक्त थे। सीताहरण के बाद श्रीराम ने सुग्रीव से मित्रता की। बालि का वध करके किष्किधा का राज इन्हे दिया। राम-रावण युद्ध मे इन्होंने भगवान् राम की बडी सहायता की थी।

सुदामा ३३९

सुदामा भगवान् श्री कृष्ण और बलराम के सहपाठी थे। दीन होने के कारण यह मैले-फटे वस्त्रों मे रहा करते थे इसलिये गुरु सादीपनि के यहा इनके सहपाठी इन्हे कुचैल कहा करते थे। दरिद्रता से बहुत दुखी होने पर इनकी स्त्री ने इन्हे दरिद्रता निवारणार्थ श्री कृष्ण के पास द्वारका को भेजा था। वहां जाने पर भगवान् ने इनका अपूर्व सम्मान किया, पर सकोचवश इन्होने मागा कुछ नही। पर भगवान ने इनके अपने यहा आने के आशय को समझ कर इनको विदा करने के पूर्व ही अपार सम्पत्ति इनके यहां भेजकर अपने समान वैभवशाली बना दिया।

महात्मा गांधी की जन्मभूमि पोरबदर ही सुदामाजी का निवासस्थान था। इसे सुदामापुरी भी कहा जाता है।

सुपर्णखा [शूर्पणखा] ३८

यह रावण की बहिन थी। इसके नख सूप की भाँति बड़े बड़े होने के कारण इसका नाम सूर्पणखा रखा गया था। जिस समय भगवान् राम सीता तथा लक्ष्मण के साथ वनवास कर रहे थे यह राम के प्रति आकर्षित हो गई थी और इसने उनके सम्मुख एक सुन्दरी के रूप में उपस्थित होकर विवाह का प्रस्ताव रखा। राम के अस्वीकार करने पर यह लक्ष्मण के पास गई किन्तु उन्होंने फिर इसे राम के पास ही भेज दिया। अंत में भगवान् राम ने लक्ष्मण से इसके नाक कान कटवा दिये अपनी यह दुर्दशा करवाकर यह खर दूषण के पास गई। राम से जब ये दोनों राक्षस लड़ने के लिए आये तो उन्होंने इनका वध कर डाला। सूर्पणखा तब अपने भाई रावण के पास रोती हुई गई और अपनी दुर्दशा भी सीता के सौन्दर्य का वर्णन उसके सम्मुख किया। इसीलिये रावण ने क्रोधित होकर सीता का हरण किया।

सुबाहु ३५

सीता हरण के समय स्वर्ण मृग का रूप धारण करने वाले मारीच का यह भाई और रावण का यह मामा था। महर्षि विश्वामित्र जब जब यज्ञ करने लगते तब यह अपने भाई मारीच और अपनी माता ताड़का के साथ आकर यज्ञ विध्वंस कर देते थे। विश्वामित्र ऋषि यज्ञ की रक्षार्थ महाराज दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांग कर ला रहे थे तब मार्ग में ही ताड़का ने इन पर आक्रमण कर दिया। भगवान राम ने उसे वहीं मार दिया। बाद में यज्ञ में विघ्न करते समय सुबाहु भी राम के हाथ से मारा गया।

सुरसत्ती, सरसति [सरस्वती] १, १६०

वेदो मे सरस्वती का नदी और वाणी (ज्ञान-विज्ञान) की अधिष्ठात्री वाग्देवी दोनो रूपो मे उल्लेख है। ब्रह्मा की ज्ञानशक्ति होने के कारण ब्रह्मा की पुत्री और पत्नी, दोनो रूपों में ये मान्य हैं। अतः वाला, बीज-मत्र और ब्रह्माणी भी कही जाती हैं। सस्कृत भाषा और देवनागरी अक्षरों का निर्माण इन्होंने ही किया था। गायत्री और सावित्री इनके अन्य नाम हैं। नदी के रूप में गगा की भाति ही सरस्वती की पूजा होती हैं। इसकी एक शाखा गुजरात में होकर कच्छ के रण में मिलती है। गया में फल्गु के तट पर जिस प्रकार पितृश्राद्ध सम्पन्न किया जाता है उसी प्रकार सरस्वती के तट पर सिद्धपुर में मातृश्राद्ध का पिण्डदान किया जाता है, अत॰ इस क्षेत्र को मातृगया तीर्थ-क्षेत्र और सरस्वती को मातृगगा भी कहते हैं।

सूक्षम-देह [सूक्ष्म-देह] १७०

जो इकट्ठे नही हुए हुए पच महाभूतों और कर्मों द्वारा उत्पन्न है, और जो सुख दु खादि भोग भोगने का साधन है।

पाच ज्ञानेन्द्रिय पाँच कर्मेन्द्रिय, पाच प्राण एक मन और एक बुद्धि– इन सत्रह तत्वों वाला सूक्ष्म-शरीर है।

> अपचीकृत पच महाभूतं॰ कृत सत् कर्मजन्यं,
> सुख दु खादि भोग साधनम् ।
> पचज्ञानेन्द्रियाणि पंचकर्मेन्द्रियाणि पचप्राणादय,
> मनश्चैक बुद्धिश्चैका एव सप्तदशकलाभिः
> सह यत्तिष्ठति तत्सूक्ष्मशरीरम् ॥

(तत्व बोध)

सेतबंग रामेस [सेतुबन्ध रामेश] १४६

चार दिशाओं के चार प्रमुख धामों में सेतुबंध-रामेश्वर दक्षिण-भारत का एक प्रसिद्ध धाम है। यह एक द्वीप में स्थित है जो रामेश्वर-द्वीप कहलाता है। यह द्वीप लगभग ११ मील लंबा और ७ मील चौड़ा है। भगवान् श्री राम ने लंका पर चढ़ाई करते समय इस शिव-लिंग की स्थापना की और भारत और लंका के बीच की समुद्र-खाड़ी पर विशाल सेतु का निर्माण किया था। श्री रामेश्वर महादेव की गणना द्वादश ज्योतिर्लिंगों में है। भगवान् रामेश्वर का मंदिर बहुत विशाल और वास्तु-कला का अनुपम आदर्श है। मंदिर के विशाल परकोटे और आंगन में अनेकों देवताओं के बड़े-बड़े मंदिर २८ कुएं और अनेकों कुंड बने हुए हैं। इन सभी कुंओं का पानी मीठा है, जबकि बाहर के कुओं का खारा है। रामेश्वर द्वीप में भी अनेकों तीर्थ हैं।

इस धाम से संबंधित शंकराचार्य-पीठ का नाम शृंगेरी-पीठ है जो तुंगा नदी के तटपर शृंगेरी स्थान में स्थित है।

हुस १२

एक बार सत्यलोक में सनकादिकों ने ब्रह्मा से अध्यात्म संबंधी कुछ प्रश्न किये थे। उस समय ब्रह्मदेव किसी अन्य कार्य में व्यस्त थे इसलिये यथा-संतोष उत्तर नहीं दे पाये। सनकादिकों की तीव्र जिज्ञासा को देखकर भगवान् विष्णु और शंकर हंस का रूप धारण करके उनके पास पहुंचे और उनके संशय का निवारण किया। इसप्रकार भगवान् विष्णु का चौदहवां अवतार माना जाता है।

हनूमांन [हनुमान] ३६

अजना के गर्भ से उत्पन्न पवन के ये महावीर पुत्र थे। सीता का लका में रावण के यहां अशोक वाटिका मे वदिनी होने का पता इन्होंने ही लका मे पहुचकर लगाया था। लका में ये मेघनाद के द्वारा बंदी हुए, तब रावण की आज्ञा से जब इनकी पूछ मे रुई लपेट कर आग लगादी गई तो अपनी जलती हुई पूछ से इन्होने लका-दहन किया था। राम-रावण युद्ध में मेघनाद के शक्ति प्रहार से जब लक्ष्मण मूर्छित हो गये थे तब ये ही एक रात मे हिमालय के सजीवनी औषधि वाले द्रोणगिरि शिखर को उठा कर ले आये थे। ये भगवान् राम के अनन्य भक्त थे। रावण-वध तथा सीता की मुक्ति के वाद ये भी पुष्पक विमान मे वैठ कर अयोध्या आये थे। भगवान् राम ने जब अश्वमेध यज्ञ किया था तब ये भी अश्व के साथ देश-विदेशों मे गये थे, वहा लव-कुश के सम्मुख लक्ष्मण के साथ इन्हे भी युद्ध में पराजित होना पडा था। अपनी अनन्य सेवा से इन्होंने श्रीराम को अत्यन्त प्रसन्न किया। श्रीराम की भी इनके ऊपर इतनी अधिक ममता थी कि श्रीराम ने इनको ब्रह्म-विद्या की शिक्षा दी और इसमे इनको निपुण करके जिज्ञासुजनों को उपदेश करने का अधिकारी बनाया। हनुमानजी ने भगवान राम की प्रत्यक्ष लीलाओं को देख कर हनुमन्नाटक नामक रामचरित की रचना की है।

हयग्रीव, हयासन १२, ५५

(१) भगवान विष्णु के एक अवतार जो ब्रह्मा के यज्ञ में उत्पन्न हुए और जिन्होंने स्वास के द्वारा वेदों की वाणी उत्पन्न की।

(२) हयग्रीव नाम का एक दैत्य जिसने देवी को प्रसन्न करके वरदान प्राप्त किया था कि उसकी मृत्यु उसके जैसे और उसके नाम के मनुष्य के हाथ से ही हो। इसने जब बड़ा अत्याचार करना शुरू किया, तब भगवान विष्णु ने इसी नाम से अवतार लेकर के इसको मारा था। इस अवतार के लेने का यह दूसरा कारण है।

हिरणाक्स, हिरणाक्ष [हिरण्याक्ष] २३, २७ ५४

हिरण्यकश्यपु का भाई। कश्यप की स्त्री दिति इसकी माता थी। पूर्व जन्म में दोनों भाई भगवान् विष्णु के द्वारपाल जय और विजय थे। सनत्कुमारों के शाप से राक्षस हुए। हिरण्याक्ष पृथ्वी को लेकर पाताल की ओर भागा जा रहा था तब भगवान् विष्णु ने वाराह अवतार लेकर इसका वध किया और पृथ्वी का उद्धार किया।

॥ ॐ शिव

शुद्धि पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	छंद	अशुद्ध	शुद्ध
६	२	६	धरणीधर	धरणीधर
६	३		विछुटे	विछुटे
६	१४	११	कथित	कथिस
८	१०	१५	नाह	नहि
१०	१६	२१	देत	दंत
१२	४	२५	महाराण	।
१६	५		होगये । मोर	होगये मोर
१६	अंतिम	३८	पखाल	पखाळ
१७	२	३८	तदो	तदी
१७	१५	४०	मद	जद
१७	२०	४१	पडयो	पड्यो
१९	१६	४४	गानव	मानव
२०	१९		निमित्ति बनाया	निमित्त बनायो ।
३३	अंतिम	८०	विधूमण	विधूसण
३४	१३	८२	नार	नाहं
३५	१५	८४	प्रद्मुम्न	प्रद्युम्न
३६	३	८६	प्रतरण्य	प्रवंस

पृष्ठ	पङ्क्ति	छंद	अशुद्ध	शुद्ध
१०२	१०	२५५	अघेखिण	अघै खिण
१०२	१४		आकाश को	आकाश (स्वर्ग) को
१०२	१८	२५६	मूभ	मूभ
१०९	९-१०	२६२	आप कल्याण से रहित हैं	आप निश्कल (=अकलनीय -अगम्य) हैं,
१११	१९	२६८	ओत-प्रोत हुए हैं।	ओत-प्रोत हुए हुए हैं।
१२२	११	२९१	जडयो	जड्यो
१२४	१८	२९६	तेज-प्रचण्ड	तेज-प्रपुञ्ज
१२९	१८	३०९	सामुहो	सामुहो
१३५	१२	३२४	चोतार	चौतार
१३५	१६	३२५	अनरस	अन रस
१३६	८	३२७	धन्या	धरया
१३९	१	३३५	अपराधो	अपराधी
१४३	२	३४९	कहे	कहै
१४३	६	३५०	ऊ घे	ऊघै
१४४	५	३५१	रूपा	रूपी
१४६	८	३५७	पाप ाह	पाप सह
१४६	१०	३५७	भा	भी
१४८	७	प्रशस्ति	सं० १८०७	स० १७०७

परिशिष्ट १

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	८	मरवीज	मक़ीम
७	१	धर्सक	बबक
९	१८	बिसारिये	बिसरिये
१०	१५	हो	हों
१२	१२	महा तप	महातम
१४	८	बिरच	बिरंच
१५	अंतिम	हां	हों

परिशिष्ट २

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	१	४	१४०	१४८
१	२	८	१४	१४१
१	२	९	माथे माला	मोथेमाला
२	१	३	२७५	२७४
२	१	४	२४१	१४१
२	१	१७	(मत्त)	मत्त ( )
२	२	२	पाये	पावे
२	२	९	पम्मीज	पम्मीग
३	१	२१	किलीट समर्फ्रे	
३	२	५	११की संख्या और है।	
३	२	अंतिम	बोर	और

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४	१	११	झमुको	मुझको
४	२	२२	छोटा	छोटा
५	१	२७	अपने आप	अपने से
५	२	९	अलम	आलम
६	१	अंतिम	उडुगण	उडुगण
६	२	१४	३०२	३०३
७	२	६	३१३	३१४
७	२	१९	करने से हो	करने से ही
८	१	४	२३०	२३१
८	१	१७	करण-सघार	करण-सघार
८	२	४	१०	१०२
८	२	१८	१८८	१८९
९	१	१२	२३७	२३८
९	२	२५	१८८	१८९
१०	१	१२	३२५	३२६
१०	२	९	३३८	३३९
११	१	६	२६०,३१५	२६१ ३१६
११	२	१४	१४	१५
१५	२	९	२६४	२६५
१६	१	१९	३४२	३४३

परिशिष्ट १

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	८	पच्चीस	पचीस
७	१	पर्यंक	पर्यंक
९	१८	बिसारिये	बिसरिये
१०	१८	हो	हों
१२	१२	महा तम	महातम
१४	८	बिरध	बिरध
१५	अंतिम	हो	हों

परिशिष्ट २

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	१	४	१४७	१४८
१	२	८	१४	१४१
१	२	९	बापे बाला	बोनेवाला
२	१	१	२७५	२७४
२	१	४	२४१	१४१
२	१	१७	(मत)	मत ( )
२	२	२	पावे	पावे
२	२	९	पल्पोल	पल्पोल्म
३	१	११	डिलीट समर्में	
३	२	५	११की संख्या बीस है।	
३	२	अंतिम	वोर	वीर

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४	१	११	झमुको	मुझको
४	२	२२	छोटा	छोटा
५	१	२७	अपने आप	अपने से
५	२	६	अलम	आलम
६	१	अंतिम	उड्डगण	उडुगण
६	२	१४	३०२	३०३
७	२	६	३१३	३१४
७	२	१६	करने से हो	करने से ही
८	१	४	२३०	२३१
८	१	१७	करण-सधार	करण-सधार
८	२	४	१०	१०२
८	२	१८	१८८	१८९
९	१	१२	२३७	२३८
९	२	२५	१८८	१८९
१०	१	१२	३२५	३२६
१०	२	९	३३८	३३९
११	१	६	२६०,३१५	२६१,३१६
११	२	१४	१४	१५
१५	२	९	२६४	२६५
१६	१	१६	३४२	३४३

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२६	१	६	परवाळ	परवाळँ
२६	२	२०	रचना का	रचना की
२६	२	२१	३०५	३०६
३०	१	११	२६०, १६२	१६२, २६१
३०	२	४	३५८	३५६
३१	१	१०	३२४	३२७
३१	१	२२	भणे भण	भणो भण
३१	१	२४	२५८	२५६
३१	२	५	३०५	३०६
३२	२	२४	२५५	२५६
३२	२	२५	२६८	२६६
३३	१	५	२६८	२६६
३३	१	२४	प्रवत्त	प्रवर्त्त
३३	२	१०	महम्माया	महम्माय
३४	१	८	मनुष्यों का	मनुष्यों को
३५	१	८	मा	मो
३५	२	१५	२५७	२५८
३६	२	१	३०३	३३०
४०	१	२५	१८७	१८८
४१	२	१३	१८७	१८८
४१	२	२५	पदापूरक	पादपूरक